

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित





भारत की ऐतिहासिक जीत, ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहली बार जीती सीरीज: 17 रन से...

लव जिहाद पर वार? बिना मां-बाप को बताए नहीं हो सकेगा प्रेम विवाह, गुजरात सरकार ने...

शुक्ल पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • रविवार • 22 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 83 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,46,000 | ₹ 2,75,000 |





## आज का इतिहास

**1999 :** भारत के प्रख्यात अर्थशास्त्री जगदीश भगवती कोलंबिया विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति अर्थव्यवस्था केंद्र के प्रमुख पद पर नियुक्त हुई।

**1958 :** भारत के विख्यात राजनीतिज्ञ, बुद्धिजीवी और साहित्यकार अबुल कलाम अहमद आजाद का 70 वर्ष की आयु में निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों के वेतन भुगतान का आदेश जारी

**पटना (नि.सं.)।** जिले के सभी राजकीयकृत और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनुकंपा पर नियुक्त लिपिकों और परिचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी दस्तावेज निर्धारित प्रारूप में जमा करें। प्रक्रिया पूरी होने पर ही वेतन भुगतान की कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी राजकीयकृत और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अनुकंपा के आधार पर नियुक्त किए गए लिपिकों और परिचारियों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना डॉ. मो. जमाल मुस्तफा ने इस संबंध में सभी प्रधानाध्यापकों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

### रालोमो नहीं उतारेगा राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार

**पटना (नि.सं.)।** बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी बीच राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बड़ा राजनीतिक बयान देते हुए दावा किया है कि राज्यसभा की सभी पांच सीटों पर एनडीए की जीत लगभग तय है। उन्होंने संकेत दिया कि महागठबंधन शायद चुनाव मैदान में अपना उम्मीदवार ही नहीं उतारेगा, क्योंकि विपक्ष अपनी राजनीतिक प्रतिष्ठा दांव पर नहीं लगाना चाहता।

बारिश, बाढ़ एवं आंधी-तूफान की चपेट में आने से खराब हुए फसल पर दिया गया मुआवजा

# सीएम ने दो लाख से अधिक किसानों के खाते में भेजे 113 करोड़ रुपये

• जिलों के 53 प्रखंड और 493 पंचायत के किसान प्रभावित हुए थे।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में बाढ़, अतिवृष्टि और आंधी-तूफान से प्रभावित किसानों को राज्य सरकार ने बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में कुल 113 करोड़ 16 लाख रुपये की अनुदान राशि ट्रांसफर की। यह राशि कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत फसल नुकसान की भरपाई के लिए दी गई है। पटना स्थित 'एक अणे मार्ग' के संकल्प सभागार से मुख्यमंत्री ने डिजिटल माध्यम से राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी। कृषि विभाग द्वारा पहले ऑनलाइन आवेदन लिए गए थे और जिला स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद पात्र किसानों को यह सहायता दी गई। कुल 2 लाख 2 हजार किसानों को इस चरण में लाभ मिला है।



## 13 जिलों के किसान हुए थे प्रभावित

साल 2025 में भारी वर्षा, बाढ़ और मोथा तूफान के कारण राज्य के कई हिस्सों में फसलों को व्यापक नुकसान हुआ था। बेगूसराय, भोजपुर, दरभंगा, गया, कैमूर, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल सहित कुल 13 जिलों के 53 प्रखंडों की 493 पंचायतों में किसानों की फसल बर्बाद हुई थी। सरकार ने इन प्रभावित किसानों को राहत पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाया।

### सरकारी खजाने पर बाढ़ पीड़ितों का पहला अधिकार

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह अनुदान किसानों को अगली फसल की तैयारी में मदद करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित किसानों के साथ खड़ी है और सरकारी संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार बाढ़ पीड़ितों का है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार लगातार योजनाएं चला रही है।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत प्राकृतिक आपदा या खराब मौसम से फसल खराब होने पर किसानों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के अनुसार अधिकतम 2 हेक्टेयर (लगभग 494 डिसिमिल) भूमि तक के लिए अनुदान देय है। आवेदन प्रक्रिया कृषि विभाग के डीबीटी पोर्टल के माध्यम से पूरी होती है और सत्यापन के बाद राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेजी जाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, समय पर मिला यह मुआवजा किसानों को आर्थिक संकट से उबारने के साथ-साथ अगली खेती के लिए जरूरी संसाधन जुटाने में मदद करेगा। राज्य सरकार का यह कदम आपदा प्रबंधन और कृषि सुरक्षा के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल सहित कई वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

राजस्व कर्मियों की मांगों पर सकारात्मक संकेत

# लक्ष्य पूरा हुआ तो मांगों पर सकारात्मक विचार करेगी सरकार : विजय सिन्हा

• फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले सुपौल के पूर्व अंचलाधिकारी प्रिंस राज को सीधे बर्खास्त कर दिया गया, वहीं दूसरी तरफ हड़ताली राजस्व कर्मियों और अधिकारियों को 31 मार्च तक का सख्त अल्टीमेटम थमा दिया गया है।



निज संवाददाता | पटना

बिहार के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभाग में पारदर्शिता और कार्यकुशलता लाने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि विभागीय लक्ष्यों को 31 मार्च तक हर हाल में पूरा करना होगा। शनिवार को विभागीय अधिकारियों और संवाददाताओं के साथ बातचीत में उन्होंने साफ कहा कि जनता के हित में राजस्व कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर काम करना होगा, जिसके बदले सरकार उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी।

राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल और उनकी मांगों पर चर्चा करते हुए उपमुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि बेहतर रिजल्ट देने वालों के ग्रेड पे और अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी की जाएगी। सरकार की पहली प्राथमिकता वर्तमान में परिमार्जन के 40 लाख आवेदनों का निपटारा करना है। श्री सिन्हा ने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति से न केवल किसानों के निबंधन में आसानी होगी, बल्कि राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण कार्य को भी बड़ी मजबूती मिलेगी।

प्रशासनिक कसावट लाते हुए उपमुख्यमंत्री ने अंचलाधिकारियों (सीओ) को भी सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने घोषणा की कि जो अंचलाधिकारी 31 मार्च तक उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे, उन्हें डीसीएलआर (डीसीएलआर) के पद पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसकी संचिका मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव तक भेजी जाएगी। वहीं, राज्य के सभी 101 डीसीएलआर को निर्देश दिया गया है कि वे अपने न्यायालयों में प्रतिदिन सुनवाई सुनिश्चित करें। अदालती व्यवस्था को आधुनिक बनाने और कानूनी किताबों के लिए प्रत्येक डीसीएलआर कोर्ट को 50-50 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए हैं।

इस दौरान भ्रष्टाचार और अनियमितता पर जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराते हुए उपमुख्यमंत्री ने बड़ी कार्रवाई की जानकारी दी। सुपौल सदर के पूर्व अंचलाधिकारी प्रेंस राज को फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। श्री सिन्हा ने चेतावनी दी कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे सभी मामलों की गहन जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विभागीय प्रधान सचिव सी.के. अनिल ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर हड़ताली राजस्व कर्मचारियों के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सकारात्मक वार्ता हुई है, जिसका परिणाम सोमवार तक सामने आने की उम्मीद है। विभाग का मुख्य फोकस अब राजस्व महा अभियान के तहत लंबित दाखिल-खारिज के मामलों को मात्र तीन सुनवाइयों में पूरा करना और राजस्व व्यवस्था में जवाबदेही तय करना है। इस बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

पराली जलाने पर सख्ती

# 1800 से ज्यादा किसानों का डीबीटी रोका सरकारी योजनाओं के लाभ से होंगे वंचित



निज संवाददाता | पटना

बिहार में फसल अवशेष यानी पराली जलाने की घटनाओं पर राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए लगभग 1800 किसानों के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी है। इसके चलते इन किसानों को अब सरकारी अनुदान, सब्सिडी और अन्य वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यह जानकारी बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान कृषि विभाग द्वारा पेश की गई रिपोर्ट में सामने आई है।

कृषि विभाग के अनुसार, वर्ष 2025 में पराली जलाने के मामलों में 1758 किसानों की सब्सिडी और इंसेंटिव रोक दिए गए थे। वहीं, चालू वर्ष 2026 में अब तक 49 और किसानों के डीबीटी रजिस्ट्रेशन पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस तरह 2025-26 में कुल 1807 किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पहले ही चेतावनी दे चुकी थी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों को रियायती बिजली, डीजल सब्सिडी और अन्य आर्थिक सहायता का लाभ नहीं दिया जाएगा।

### डीबीटी के जरिए मिलती है सीधी आर्थिक मदद

डीबीटी प्रणाली के माध्यम से किसानों को विभिन्न कृषि योजनाओं के तहत सीधे उनके बैंक खाते में सहायता राशि भेजी जाती है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (बीएसपीसीबी) के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार शुक्ला ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने वालों को वित्तीय मदद और सब्सिडी से वंचित करने का फैसला वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लिया गया है।

### वायु प्रदूषण रोकने के लिए सरकार की सख्ती

राज्य सरकार लंबे समय से पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए अभियान चला रही है। खेतों में फसल अवशेष जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरकता पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन करने वाले किसानों के खिलाफ अब प्रशासनिक कार्रवाई तेज कर दी गई है।

सात निश्चय-3 : सड़क सुरक्षा को नई दिशा

# पैदल यात्रियों की सुरक्षा बनी सरकार की प्राथमिकता

निज संवाददाता | पटना

बिहार में नई सरकार के गठन के बाद लागू किए गए 'सात निश्चय-3 (2025-30)' कार्यक्रम के तहत अब सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पैदल यात्रियों की सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए फुटपाथ, जेब्रा क्रॉसिंग, फुट ओवरब्रिज और अंडरपास जैसे आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सड़क पर सुरक्षित और सम्मानपूर्वक चलना हर नागरिक का पहला अधिकार है।

सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत सरकार ने पहली बार पैदल यात्रियों की गरिमा को नीति का केंद्र बनाया है। सरकार का मानना है कि सड़क सुरक्षा केवल वाहनों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि पैदल चलने वालों के अधिकारों को भी समान महत्व मिलना चाहिए। राज्य में आर्थिक गतिविधियों के विस्तार और आय में वृद्धि के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके चलते शहरी और अर्धशहरी इलाकों में पैदल चलना जोखिम भरा होता जा रहा है। सरकार का आकलन है कि शहरीकरण की तेज रफ्तार के साथ सड़क डिजाइन और सुरक्षा मानकों को आधुनिक बनाना जरूरी हो गया है।

### ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सख्त निगरानी



ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में दुर्घटना-प्रवण स्थानों (ब्लैक स्पॉट) को चिन्हित कर वहां फुटपाथ निर्माण और सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना बनाई गई है। कैमरों से मिले डेटा के आधार पर दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# अनफिट वाहनों पर लगेगी लगाम : बिहार के 27 जिलों में खुलेंगे एटीएस

**पटना(नि.सं.)।** बिहार की सड़कों पर अनफिट वाहनों के बढ़ते परिचालन को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के 27 जिलों में नए ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खोले जाएंगे, जिसके लिए विभाग ने इच्छुक एजेंसियों से आवेदन मांगे हैं। विभाग का लक्ष्य है कि इसी वर्ष इन जिलों में एटीएस स्थापित कर वाहनों की फिटनेस जांच को पूरी तरह तकनीकी और पारदर्शी बनाया जाए। अधिकारियों के अनुसार, एटीएस में अत्याधुनिक मशीनों के जरिए वाहनों की सुरक्षा जांच की जाती है। इसमें ब्रेक, स्टीयरिंग, सस्पेंशन, लाइट समेत 30 से अधिक सुरक्षा मानकों की जांच के साथ-साथ वाहन से निकलने वाले धुएं की भी जांच होती है, ताकि पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके। विभाग का मानना है कि अनफिट वाहनों को सड़कों से हटाने से सड़क हादसों में कमी आएगी। नियमों के मुताबिक नई गाड़ियों को दो साल बाद और आठ साल से अधिक पुरानी व्यावसायिक गाड़ियों को हर साल फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है। एक वाहन की जांच में कम से कम 15 मिनट लगते हैं, ऐसे में एक केंद्र दिनभर में अधिकतम 100 वाहनों की जांच कर सकता है। इसके बावजूद कुछ केंद्रों द्वारा प्रतिदिन 250 से 300 फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। परिवहन विभाग ने मौजूदा केंद्रों पर नकेल कसने के साथ ही मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, बांका, अररिया, शिवहर, नवादा, सहरसा, किशनगंज, वैशाली, नालंदा, सारण, बेगूसराय, लखीसराय, बेतिया, मधेपुरा, अरवल, खगड़िया, औरंगाबाद, सीतामढ़ी, जहानाबाद, कटिहार, रोहतास, सुपौल, समस्तीपुर, सीवान और दरभंगा सहित 27 जिलों में नए एटीएस खोलने का फैसला लिया है। विभाग का कहना है कि अनफिट वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण कर सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाया जाएगा।









## संक्षिप्त समाचार

### अवैध बालू खनन मेंबालू लदे पांच ट्रैक्टर को किया गया जप्त

**नारदीगंज( नवादा)** थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव के समीप खनन विभाग व नारदीगंज थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एएसआई नागेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ माइनिंग विभाग के अधिकारियों के सहयोग से शुक्रवार की शाम में छापेमारी हुई। इस दौरान बालू लदे पांच ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पुलिस को देखते ही सभी चालक भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने कहा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है।

### सुगा बाबा वक्तावर का दो दिवसीय पूजनोत्सव कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू

**नारदीगंज (नवादा)।** श्री सुगा बाबा वक्तावर का दो दिवसीय पूजनोत्सव कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम अगामी 26 फरवरी को 2026 को कलश स्थापना व अखाड़ा पूजन कार्यक्रम के साथ शुरू किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन नवादा प्रखंड के धंधौली गांव (चुना फैक्ट्री के समीप )में होगी। यह गांव नारदीगंज नवादा सड़क मार्ग में है। यह पूजनोत्सव कार्यक्रम में सोहजना निवासी उपेन्द्र भगत मुख्य भगत के रुप में रहेंगे। उन्होंने बताया आगामी 26 फरवरी 2026 को कलश स्थापना व अखाड़ा पूजन होगी। वही 27 फरवरी 2026 को हवन,पूजा के साथ पूर्णाहुति व भंडारा का प्रसाद का वितरण किया जायेगा। पूजनोत्सव पूर्णाहुतिं कार्यक्रम में उद्घाटनकर्ता के रूप में पूर्णिमा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शिरक्त करेंगे। उसके उपरांत सभी सेवकों के अलावा भक्तजनों,सम्मानितों के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्वागताध्यक्ष के रूप में मौला नगर निवासी रामरक्षा यादव के अलावा विनेश्वर यादव,शशि यादव (पंचायत सचिव) शैलेन्द्र प्रसाद (पंचायत सचिव) कमलेश, राजेन्द्र यादव समेत समस्त ग्रामवासियों को रखा गया है । वही सहयोगी भगत में अरूण भगत,बसंत भगत,सनोज भगत,महावीर भगत,बच्चू भगत,गणेश भगत, मुखिया जी भगत ,रामबालक भगत,महावीर भगत,अवधेश भगत 21 भगत की भूमिका पूजनोत्सव कार्यक्रम में होगी। आयोजित पूजनोत्सव व हवन में 100 मन देवदार (धूप) के अलावा शुद्ध घी, तिल और जौ की आहुति दी जाएगी। साथ ही 52 जोड़ा मंदरा और भंडारा करने की व्यवस्था की गई है।

### समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण तेलहन फसल का वैज्ञानिकों ने किया निरीक्षण



**कोटवा।** प्रखण्ड के जसौली पट्टी में प्रगतिशील किसानों के खेत में लगे तेलहन फसल का कृषि विज्ञान केन्द्र पीपरा कोठी के निदेशक डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में कृषि वैज्ञानिक डॉ मनीष कुमार एवं डॉ गायत्री कुमारी पाढ़ी ने किसानों को उपलब्ध कराए गए राजेन्द्र सुफलाम 1 तोरी के बीज की जानकारी ली और फसल पर विस्तार से चर्चा की साथ ही किसानों के खेत में लगे तोरी का फसल का निरीक्षण किया। वहीं प्राकृतिक खेती के मास्टर ट्रेनर रविन्दर सिंह ने बताया कि प्रखण्ड के छः गाँव के पांच दर्जन किसानों के द्वारा राजेन्द्र सुफलाम 1 तोरी लगाया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता व प्रगतिशील किसान विनय कुमार ने तेलहन के फसल पर विस्तृत चर्चा की।विनय कुमार ने कहा कि तेलहन का उत्पादन प्रत्येक वर्ष बढ़ रहा है जरूत है प्रोसेसिंग प्लांट की। ताकि किसानों को फसल का लाभ अधिक से अधिक मिल सके।इस अवसर पर पीयूष पाण्डेय, किसान उमेश नारायन सिंह,रंजन कुमार, रामप्रवेश सिंह, शम्भू पासवान, महावीर दास, अशोक कुमार सिंह, अनिल कुंअर, जंगली सहनी, बालदेव राउत, नवल सिंह,महेश पासवान,योगेंद्र दास के साथ किसान उपस्थित थे।

### लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास है – विनय कुमार

**चकिया।** मोतिहारी वन प्रमंडल के सहयोग से चकिया प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, नरौनी में "पर्यावरण की पाठशाला सह पौधारोपण कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने कहा कि लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास है। उन्होंने कहा कि जब जलवायु परिवर्तन का प्रभाव नहीं था, तब हमारे पूर्वज प्रकृति पर गहन चिंतन करते थे। वे पेड़, धरती, नदी और पहाड़ की पूजा करते थे तथा प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग केवल आवश्यकता के अनुसार करते थे। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम प्रकृति की पूजा तो करते हैं, लेकिन अपने लिए न स्वच्छ नदी बचा पाए, न हरे-भरे पहाड़, न शुद्ध हवा और न ही सुंदर वातावरण। मानव के लालच ने प्रकृति का संतुलन बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को हमें अपने पुरखों से मिली विरासत सुरक्षित रूप में सौंपनी है। यह तभी संभव है जब युवा पीढ़ी प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए आगे आए और जागरूक बने। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विधु बाला ने कहा कि पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण और जीव-जंतुओं के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। यदि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर चलें, तो हमारा जीवन सुखमय और समृद्ध होगा। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए। पौधों की देखरेख करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सुनील कुमार, संतोष कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, सुनील कुमार बैठा एवं विद्यालय के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भू-अर्जन से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नवादा जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में भू-अर्जन से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकास कार्यों, तकनीकी परियोजनाओं एवं विभिन्न विभागीय गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी श्री अमित रंजन ने बताया कि मौजा मधुवन एवं मोतनाजे में गंगाजल आपूर्ति योजना फेज-02 (पार्ट-01) के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण मामलों में अगले सप्ताह कैम्प आयोजित कर एलपीसी निर्गत करते हुए भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों मौजों में प्रतिनियुक्त राजस्व कर्मचारी एवं अंचल अमीन द्वारा नापी एवं सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, किंतु एसआईए एजेंसी द्वारा अंतिम रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि एसआईए एजेंसी के साथ समन्वय स्थापित कर रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि कार्यों का क्रियान्वयन शीघ्र प्रारंभ हो सके।

वारिसलीगंज–नवादा रेलवे स्टेशन के क्रॉसिंग सं०-33/B1 के पहुँच पथ सहित आरओबी निर्माण की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि RFCTLARR एक्ट की धारा 11(1) के तहत प्रारम्भिक अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। एसएच-103 मंझवे–गोविंदपुर पथ (पैकेज-07) की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत एलपीसी के आधार पर जांचोपरांत मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।जिलाधिकारी ने सभी रैयतों को शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, एनएच-20 रजौली–बख्तियारपुर सेक्शन (पैकेज-1) के अंतर्गत 49 एलपीसी में त्रुटि सुधार हेतु रैयतों को नोटिस भेजे गए हैं, परंतु अब तक संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। निबंधित डाक के माध्यम से भी नोटिस प्रेषित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि भू-अर्जन से जुड़े सभी कार्य नियमानुसार, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न किए जाएं, ताकि प्रभावित भूमि स्वामियों को समय पर उचित मुआवजा प्राप्त हो सके। इसके अतिरिक्त, बैठक में भूमि अधिग्रहण से जुड़े कानूनी पहलुओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय नागरिकों एवं हितधारकों के साथ निरंतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की



बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में अपर भू-अर्जन पदाधिकारी, नवादा, कार्यपालक अभियंता (आरडब्ल्यूडी), कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहार शरीफ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोरः** नवादा समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में अभियोजन संबंधी एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य न्यायालय में लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन और अभियोजन की प्रभावशीलता को सुदृढ़ बनाना था। बैठक में अनुसूचित जाति/जनजाति, पॉक्सो अधिनियम, उत्पाद, श्रम, सामान्य वाद, लंबित वाद आदि से संबंधित लंबित एवं निष्पादित कांडों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी लोक अभियोजकों को निर्देशित किया कि वे लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करें।वादों के निष्पादन में शून्य प्रगति पाए जाने पर लोक अभियोजकों से कारण-पृच्छा करते हुए उनके मानदेय के स्थगन का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया।उन्होंने कहा कि निष्पादन दर बढ़ाने हेतु सुनियोजित एवं प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक माह अभियोजन प्रगति की समीक्षा की जाएगी एवं प्रगति रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी। उन्होंने अभियोजकों से लंबित वादों की गहन समीक्षा कर प्रक्रिया में आ रही बाधाओं की पहचान कर शीघ्र समाधान करने की अपील की। उन्होंने सभी अधिकारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव धीमान ने अभियोजन की सफलता में पुलिस एवं अभियोजकों के बीच समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि न्यायालय से संबंधित सभी साक्ष्य समय पर उपलब्ध कराएं। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि धारा 409 के अंतर्गत कई मामलों में गवाहों की अनुपस्थिति के कारण आरोपी रिहा हो जाते हैं। अतः गवाहों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। आज की बैठक में सिविल सर्जन डॉ. बिनोद कुमार चौधरी, विधि शाखा प्रभारी डॉ. राजकुमार सिंहा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक प्रशासी पदाधिकारी, अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो, एनडीपीएस, एससी/एसटी) सहित जिले के सभी लोक अभियोजक उपस्थित थे।

## जनता दरबार में आए पांच मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** मुख्यालय स्थित प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में शनिवार को अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी सुजीत कुमार एवं अंचल नाजिर शिव शंकर कुमार भी मौजूद रहे।अंचलाधिकारी ने बताया कि इस बार अंचल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में रजौली क्षेत्र के पांच विभिन्न मामले पहुंचे थे। अंचलाधिकारी ने बताया कि हरैयाकोला गांव निवासी भरत सिंह व राजो यादव, तकिया मोहल्ला निवासी राजा कुमार व लखन सिंह, टकुआटांड़ निवासी रानी देवी व कृष्णा पंडित, चितरकोली निवासी गिरजा देवी व रवि कुमार एवं औरैया निवासी मिथलेश प्रसाद व अमरिक राजवंशी के बीच जमीनी विवाद था। अंचलाधिकारी ने कहा कि पांचों मामलों में दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया।अंचलाधिकारी ने आमलोगों से अपील किया कि वे जमीन विवाद को लेकर आपस में लड़ाई-झगड़ा नहीं करें,बल्कि अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले जनता दरबार में आकर विवादों का निराकरण करवाएं।इस मौके पर अंचल गार्ड समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।



जनता दरबार में शामिल अंचलाधिकारी व ग्रामीण

## कारू सिंह पुनः बने रजौली प्रखंड जदयू अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

रजौली प्रखंड मुख्यालय में जदयू प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। इस चुनाव में दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह को पुनः प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में पार्टी के दर्जनों क्रियाशील सदस्यों ने एकमत से वर्तमान अध्यक्ष को पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किया। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि दीपक कुमार मुन्ना, तकनीकी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष संजय वर्मा, छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी, सच्चिदानंद सिंह, अनिरुद्ध प्रसाद, किसान सलाहकार समिति अध्यक्ष मनोज आदर्शी, नगर अध्यक्ष संतोष शर्मा, प्रखंड युवा अध्यक्ष संदीप सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अजय यादव, अनिल प्रसाद दांगी समेत दर्जनों साथियों ने अध्यक्ष को निर्वाचन पर बधाई दी।



कार्यकर्ताओं के साथ प्रखंड अध्यक्ष

नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ कारू सिंह ने सबों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सबके सहयोग से नितीश कुमार की नीतियों व कार्यक्रमों के प्रति समर्पण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे और प्रखंड के विकास के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया का नेतृत्व मनोनीत प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अरुण कुमार चन्द्रवंशी और पर्यवेक्षक राजीव रंजन ने किया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुई।

## अंचल कार्यालय में सीओ ने लगाया जनता दरबार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** सरकार के निर्देश पर अंचल कार्यालय कौआकोल में शनिवार को भूमि विवाद के निबटारा को लेकर सीओ मनीष कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस अधिकारी की उपस्थिति में जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ मनीष कुमार ने बताया की जनता दरबार में तीन आवेदन प्राप्त हुए। एक मामले का दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पादन कर दिया गया। जबकि दो अन्य मामले में दोनों पक्षों को नोटिस कर अगली तिथि में सुनवाई करने की बात कही गई। मौके पर राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,कौआकोल थाना के एएसआई दीपक कुमार श्रीवास्तव,अंचल कर्मी नीतीश कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## हाथियों के आतंक से दहशत में हैं ग्रामीण, किसानों की लहलहाती गेहूँ की फसल किया बर्बाद

♦ रेंजर ने कहा हर स्थिति से निपटने को वन विभाग की टीम तैयार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** झारखंड के जंगली इलाके से भटककर नावाडीह जंगल से होते हुए सोखोदेवरा जंगल की ओर पहुंचे हाथियों के झुंड के आतंक से ग्रामीण दहशत में जीने को मजबूर हैं। वहीं हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग की टीम रतजग्गा कर हाथियों को जंगल के पार खदेड़ दिया है। हालांकि वन विभाग की टीम ने पुनः जंगल से हाथियों के वापस आने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आठ से दस हाथियों के झुंड ने नावाडीह,सोखोदेवरा एवं कृषि विज्ञान केंद्र सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा की लगभग पांच एकड़ से अधिक जमीन पर लगे गेहूँ की लहलहाती फसल को नुकसान पहुंचाया है। वहीं जेपी आश्रम की दीवाल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। वहीं हाथियों के आतंक से निपटने के लिए वन विभाग की टीम काफी मशक्कत कर रही है। रेंजर सौरभ शांडिल्य के नेतृत्व में वन विभाग की टीम शुक्रवार को रात भर टॉर्च जलाकर मशाल एवं पटाखा की सहायता से सोखोदेवरा जंगल से खदेड़ दिया है। रेंजर सौरभ शांडिल्य ने बताया कि फिलहाल वन विभाग के द्वारा काफी मात्रा में मशाल एवं पटाखा की व्यवस्था कर ली गई है। वरीय अधिकारियों को भी इसकी सूचना दी गई है। जरूरत पड़ने पर हाथियों पर नियंत्रण पाने के लिए बाहर से भी टीम मंगवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिती नियंत्रण में हैं।



### औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने शराबबंदी पर सवाल उठाए

# जीतनराम मांझी के समर्थन में राजद एमपी, कहा- आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में शराबबंदी को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा ने सवाल उठाए है। इन्होंने इसकी समीक्षा की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी का सिद्धांत सही है। लेकिन जिस तरीके से इसे लागू किया गया है, उससे आम लोगों खासकर गरीबों को परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि अवैध धंधा करने वाले शराब धंधेबाज व शराब माफिया बेखौफ हैं। आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं है। शहर के कटारी रोड स्थित एक शोरूम के उद्घाटन कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सांसद ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बयान से अपनी सहमति जताई। उन्होंने कहा कि मांझी लंबे समय से शराबबंदी की समीक्षा की बात कहते रहे हैं और उनकी बातों का अपना महत्व होता है।

**शराबबंदी के नाम पर आम लोगों को परेशान करना ठीक नहींः** अभय कुशवाहा ने कहा कि शराबबंदी के नाम पर गरीब और आम लोगों को परेशान करना ठीक नहीं है। कई मामलों में छोटे-छोटे आरोपों में लोगों को जेल भेज दिया जाता है, जबकि बड़े नेटवर्क चलाने वाले लोग कानून की पकड़ से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर शराबबंदी लागू है, तो इसे और प्रभावी और न्यायपूर्ण बनाने की जरूरत है। समीक्षा का मकसद व्यवस्था को मजबूत करना होना चाहिए।




उन्होंने यह भी कहा कि बिहार पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। ऐसे में शरबाबन्दी के कुछ व्यावहारिक पहलुओं पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। ताकि कानून का उद्देश्य भी पूरा हो और जनता को अनावश्यक परेशानी भी न हो। राजस्व के नुकसान और सरकार की आर्थिक नीति पर भी सांसद ने एनडीए और खासकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार योजनाओं के जरिए सरकारी पैसे का इस्तेमाल चुनावी फायदे के लिए कर रही है। उनके मुताबिक, अब सरकारी संसाधनों के सहारे चुनावी तैयारी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

## नव सृजित प्राथमिक विद्यालय को दूसरे विद्यालय से संबद्ध करने के विरोध में डीएम को दिया आवेदन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नवादा।** जिले के पकरीवरावाँ प्रखंड के उकौड़ा पंचायत के लक्ष्मीपुर गावं के ग्रामीणों ने डीएम को आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने कहा की न०.प्रा०वि० लक्ष्मीपुर वर्ष 2010 से निजी भवन में चल रहा था लेकिन विद्यालय का समायोजन उ०.म०. वि० राईस उर्दू में किया जा रहा है। बताना चाहेंगे की ग्राम में सरकारी जमीन नही रहने के कारण पाँच ग्रामीण जनता द्वारा वर्ष 2010 में सरकार के नाम पर रजिस्ट्री कर दिया जिस पर सरकार द्वारा उक्त जमीन पर चार कमरा का दीवार का कार्य पूर्ण किया जा चूका है एवं पेयजल की सुविधा दी हैं। ग्राम में अति पिछडा, महादलित एवं गरीब परिवार रहते हैं। जिस उत्क्रमित मध्य विधालय राईस उर्दू में वर्ग-1 से 5 तक का छोटा वच्चा को पढ़ाई के लिए भेजा जा रहा है। जिसकी दुरी तीन किलोमीटर हैं एवं पकरीबरावों से रोड पार कर जाना पड़ेगा एवं यह ग्राम मुस्लिम वहुल्य है। जो सुरक्षा के दृष्टिकोण से सही नहीं है। नया प्रधानाध्यापक जिस दिन से योगदान किया है उस दिन से यह विधालय का वातावरण को राजनीतिक अखाडा के रूप में बदल दिया है जबकि यह विद्यालय वर्ष 2010 से इनके योगदान तक शांति दम से पठन-पाठन का कार्य चल रहा था जिसमें वहाँ दो और पदस्थापित शिक्षक एवं शिक्षिका भी हैं। दिए गए आवेदन के आलोक में नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने जिलाधिकारी एवं ज़िलाशिक्षा पदाधिकारी को मामले की जाँच कर पुनः लक्ष्मीपुर में ही रहने दिए जाने को कहा है। बहरहाल विद्यालय को दूसरे गावं में करने की संभावनाओं से ग्रामीणों में काफ़ी नाराजगी देखी जा रही हैं।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



संक्षिप्त समाचार

## गयाजी में महिला टीचर के पति की बेरहमी से पिटाई, बच्चा चोरी के शक में ग्रामीणों ने पीटा



**गयाजी**। गयाजी के बेलागंज थाना क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाह ने हिंसा का रूप ले लिया। खनेटा गांव में बच्चा चोर होने के शक में ग्रामीणों ने महिला टीचर के पति की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित केशव कुमार यूपी के कानपुर का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार केशव फोर व्हीलर से बेलागंज की ओर जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक दुकान पर कुछ सामान खरीदने के लिए रुके। दुकान के पास खड़े 2 बच्चों को उन्होंने प्यार से चॉकलेट दे दिया। इसी बात को लेकर आसपास के लोगों को शक हुआ और देखते ही देखते बच्चा चोर की अफवाह फैल गई। कुछ ही देर में भारी संख्या में ग्रामीण जुट गए। बिना पूरी जानकारी लिए बेरहमी मारपीट शुरू कर दी। कुछ लोगों ने उनके ऊपर दनादन कई लाठियां जड़ दी। मारपीट में गांव की महिलाएं भी शामिल थीं। मौके की नजाकत भांप किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर केशव को भीड़ से छुड़ाया। अपनी सुरक्षा में थाना लेकर आ गए। समय रहते पुलिस के पहुंचने से बड़ी अनहोनी टल गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि पूछताछ और सत्यापन के बाद स्पष्ट हुआ कि वह व्यक्ति कानपुर का निवासी है। उसकी पत्नी बेलागंज प्रखंड के एक विद्यालय में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। बेला स्टेशन के पास किराए के मकान में रहते हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि बच्चों से बातचीत के दौरान भाषा और लहजे में अंतर होने के कारण ग्रामीणों को संदेह हुआ और वह अफवाह में बदल गया। इस मामले में अब तक कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस ने मामले को संवेदनशील मानते हुए लोगों से संयम बरतने की अपील की है। थानाध्यक्ष ने कहा कि बच्चा चोरी जैसी अफवाहों के कारण कई बार निर्दोष लोग हिंसा का शिकार हो जाते हैं। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। कानून अपने हाथ में न लें।

## बिहारशरीफ में 24 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला, प्राइवेट कंपनी में 1000 से अधिक पदों पर होगी भर्ती




**नालन्दा**। नालंदा जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छी खबर है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के निर्देश पर जिला नियोजनालय की ओर से आगामी 24 फरवरी को एक दिवसीय 'नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले' का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला बिहारशरीफ के ब्लॉक कैंपस स्थित संयुक्त श्रम भवन परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास ने बताया कि इस रोजगार मेले में 1000 से अधिक रिक्तियों पर बहाली की जाएगी। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस मेले में कई नामचीन स्थानीय और बाहरी निजी कंपनियां हिस्सा ले रही हैं। इनमें मुख्य रूप से टाटा मोटर्स (Tata Motors), फ्लिपकार्ट (Flipkart), पेटीएम (Paytm), ब्लिंकिट (Blinkit), प्रथम फाउंडेशन, एसआईएस (SIS), क्वेस कॉर्प लिमिटेड, ऋषभ ऑटोमोबाइल्स, शांतमणी पेपर मिल्स, आईएचआरसीसी (IHRCC), संचिता एंड नव्या एंटरप्राइजेज और पटेल एग्रो जैसी नामी कंपनियां शामिल हैं। रिटेल, हेल्थकेयर, अकाउंटिंग, डिलीवरी सर्विसेज, हॉस्पिटैलिटी और सिक्योरिटी सर्विसेज जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवाओं का चयन किया जाएगा। इस एक दिवसीय नियोजन मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुसार 12,000 रुपए से लेकर 45,000 तक सैलरी मिलेगी। विभाग ने जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं। मेले से जुड़ी किसी भी विशेष जानकारी या पूछताछ के लिए अभ्यर्थी कार्यालय के संपर्क नंबर 06112-359276 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

## नालंदा में मिडिल स्कूल डीहा के प्रभारी प्रिंसिपल सस्पेंड, 50 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप

**नालन्दा**। नालंदा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ जिला पदाधिकारी (डीएम) कुंदन कुमार ने कड़ा एक्शन लिया है। अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में थरथरी प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय डीहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक (विशिष्ट शिक्षक) अनिल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साक्ष्यों के आधार पर डीएम ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के भी सख्त निर्देश दिए हैं, जिससे शिक्षा महकमे में हड़कंप मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला पदाधिकारी को शिकायत मिली थी कि प्रभारी प्रधानाध्यापक अनिल कुमार की ओर से अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों से अवैध वसूली की जा रही है। शिकायतकर्ता ने सबूतों के साथ बताया कि आरोपी शिक्षक ने फोन-पे के माध्यम से 40,000 और 10,000 कैश यानी कुल 50 हजार रुपए की रिश्वत ली है। इस गंभीर शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीएम कुंदन कुमार ने मामले की जांच कराई। डिजिटल ट्रांजैक्शन और अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर आरोपी शिक्षक को तत्काल निलंबित कर दिया गया।

**कड़ी कार्रवाई की चेतावनी**: जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सरकारी सेवक द्वारा आधिकारिक कार्य के बदले रिश्वत मांगना 'बिहार सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली' के तहत गंभीर कदाचार और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ऐसे भ्रष्ट आचरण वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इस कड़ी कार्रवाई के साथ ही जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने जिले के उन सभी अभ्यर्थियों से एक विशेष अपील की है, जिनका अनुकंपा के आधार पर चयन हुआ है या जिनका मामला अभी लंबित है। अगर अनुकंपा नियुक्ति के नाम पर किसी भी कर्मी, पदाधिकारी या अन्य व्यक्ति द्वारा उनसे अवैध रूप से राशि (रिश्वत) की मांग की जाती है, तो वे सीधे जिलाधिकारी से मिलकर पूरी वस्तुस्थिति से अवगत करा सकते हैं। ऐसे मामलों में दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा, डीएम ने नालंदा के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) को भी सख्त हिदायत दी है। उन्होंने डीईओ को अपने कार्यालय की कार्य संस्कृति में गुणात्मक सुधार लाने और पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय का कार्य त्वरित गति से और तय समय-सीमा के भीतर संपादित होना चाहिए, ताकि फाइलों को अटकाकर अवैध वसूली करने जैसी प्रवृत्तियों पर पूरी तरह से लगाम लग सके।

# ओपन वोटिंग में बृजनंदन प्रसाद दांगी की प्रचंड जीत

## 125 मतों से फिर बने जदयू इमामगंज प्रखंड अध्यक्ष





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**इमामगंज**। प्रखंड में जनता दल (यू) के संगठनात्मक चुनाव में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत हुई ओपन वोटिंग में बृजनंदन प्रसाद दांगी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए पुनः प्रखंड अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया।

उनके पक्ष में 125 मत पड़े, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी पिंटू कुमार दांगी को मात्र 40 वोट ही प्राप्त हुए। यह चुनाव पर्यवेक्षक विनेश पासवान की मौजूदगी में तथा प्रखंड निर्वाचित पदाधिकारी किशोरी प्रसाद के नेतृत्व में संपन्न कराया गया। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और संगठनात्मक अनुशासन के साथ संपन्न हुई, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। बृजनंदन प्रसाद दांगी की प्रचंड जीत को संगठन के अंदर उनकी मजबूत पकड़ और कार्यकर्ताओं के विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। पिछले कार्यकाल में उनके नेतृत्व में कई संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और बूथ स्तरीय विस्तार को गति मिली थी, जिसका परिणाम इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। वहीं पुनः निर्वाचित होने के बाद बृजनंदन प्रसाद दांगी ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं का दिल से आभारी हूँ जिन्होंने ओपन वोटिंग में मुझ पर विश्वास जताया।

यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे संगठन की जीत है। मेरी प्राथमिकता इमामगंज प्रखंड में जदयू को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं, किसानों और आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा और संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता श्रीकांत प्रसाद, डॉ. कृष्ण प्रसाद, किशोरी प्रसाद, बंटी सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष को बधाई दी और संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। इधर इमामगंज में हुई यह प्रचंड जीत आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिहाज से भी अहम मानी जा रही है।

## गयाजी में 50 हजार रुपए के इनामी 2 बदमाश अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में एक साल से फरार चल रहे दो बदमाश को पटना से मुफ्फसिल पुलिस और एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए दोनों आरोपी चोंचा उर्फ आलोक सिंह और पलटन सिंह उर्फ रेयान सिंह के खिलाफ 50-50 हजार रुपए के इनाम घोषित थे। चोंचा के खिलाफ 15 और पलटन के खिलाफ 4 केस मुफस्सिल व बुनियादगंज थाने में दर्ज है। इस बात की जनाकरी वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे और मुफस्सिल इंस्पेक्टर एसके द्विवेदी ने दी। बता दें कि बीती 11 नवंबर 2024 की रात चोंचा व पलटन ने अपने साथियों के साथ मिल कर मर्डर किया था। इन्होंने मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित विशाल पेट्रोल पंप के मालिक के भतीजे की पेट्रोल पंप पर ही गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### 100 रुपए के लिए किया था मर्डर, पेट्रोल पंप के मालिक के भतीजे की हत्या की थी

**100 रुपए के लिए मारपीट के बाद हुआ था मर्डर**: पेट्रोल पम्प कर्मी और कुछ युवकों के बीच 100 रुपए के पेट्रोल के लिए बहस ओर फिर मारपीट हुई थी। उसी दौरान कारू सिंह ने अपने साथियों को मौके पर बुलाया था, गोलीबारी की घटना को अंजाम देते हुए पेट्रोल पंप के मालिक के भतीजे की गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से दोनों आरोपी फरार चल रहे थे, जबकि उस वारदात में शामिल 10 आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

खास बात यह है कि पकड़े गए दोनों आरोपियों के घर की मुफस्सिल पुलिस ने कुर्की भी की थी। बावजूद इसके दोनों ने खुद से न तो गिरफ्तारी दी और न ही सरेंडर किया था। इन दोनों के पकड़े जाने के बाद से मुफस्सिल पुलिस ने राहत की सांस ले रही है। एसडीपीओ वजीरगंज पांडे ने बताया कि पेट्रोल पंप मालिक के भतीजे की हत्या मामले में 11 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। इस मामले में अब केवल एक आरोपी फरार चल रहा है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी को पकड़ने वाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा इनाम की राशि टीम के सदस्यों के बीच बराबर बांटी जाएगी।

## एआई समिट में हंगामे पर भड़की भाजपा, नालंदा में राहुल गांधी का पुतला फूंका

### विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि धूमिल करने का आरोप




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्वस्तरीय एआई (AI) समिट के दौरान कांग्रेस नेताओं की ओर से कथित तौर पर किए गए हंगामे और प्रदर्शन के विरोध में नालंदा भाजपा में भारी आक्रोश है। शनिवार को बिहारशरीफ के हरदेव चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और भाजपा नेताओं ने उग्र प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि धूमिल करने और 'राष्ट्रद्रोही' काम करने का गंभीर आरोप लगाया है।

**'पीएम का विरोध करते-करते अंधी हो गई है कांग्रेस**: भाजपा नालंदा के जिला उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विरोध करते-करते कांग्रेस पूरी तरह से अंधी हो चुकी है। भारत मंडपम में करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के सामने कांग्रेसियों ने जो गुंडई की है, वह उनका असली चेहरा और स्तर उजागर करता है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सबसे पहले राष्ट्र की मर्यादा का ख्याल रखना चाहिए। लोकतंत्र में विरोध जताने के लिए कई अन्य प्लेटफॉर्म मौजूद हैं, लेकिन विदेशी मेहमानों के सामने इस तरह का देश विरोधी काम करना बेहद शर्मनाक है। डॉ. आशुतोष ने राहुल गांधी पर तीखा व्यक्तिगत हमला करते हुए कहा कि वे जिस किस्म का नशा करते हैं, आने वाले दिनों में उनका दिमाग ब्लास्ट कर जाएगा और पूरी कांग्रेस पार्टी का 'राम नाम सत्य' हो जाएगा।

**'राष्ट्र सम्मेलनों में पीएम को नीचा दिखाने की कोशिश'**: भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विकास कुमार ने पुतला दहन का नेतृत्व करते हुए राहुल गांधी पर राष्ट्र के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में राहुल गांधी हमेशा देश के प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं। उनकी इन्ही 'राष्ट्र विरोधी' नीतियों और रवैये के कारण पूरा देश उन्हें और उनकी पार्टी को नकार चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी के कारण ही कांग्रेस जल्द ही समाप्ति के कगार पर पहुंच जाएगी। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हुए इस एआई समिट में पूरे विश्व के प्रतिनिधि भारत के विजन पर अपनी सहमति जता रहे थे। लेकिन, ठीक उसी वक्त कांग्रेस नेताओं ने 'नंगा नाच' कर भारत की छवि धूमिल करने का जो प्रयास किया है, उससे देश को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। उन्होंने कांग्रेस के इस कृत्य को सीधे तौर पर 'राष्ट्रद्रोही' कार्य करार दिया और कहा कि भविष्य में राहुल गांधी ऐसा दुस्साहस न करें, इसी चेतावनी के स्वरूप आज उनका पुतला दहन किया गया है।

# गयाजी में बिजली के खंभे से टकराई स्कॉर्पियो, हादसे में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के दामाद की मौत, 4 घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**गयाजी**। गयाजी में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो बिजली के खंभे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। खंभा में टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कोंच ब्लॉक की पूर्व प्रमुख मंजू देवी के दामाद की मौत हो गई। जबकि 4 लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी शादी समारोह से घर लौट रहे थे। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायलों को गाड़ी से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान केर गांव निवासी राजू यादव के तौर पर हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को मगध मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल रेफर कर दिया। घटना टिकारी-मउ मार्ग की है।

**छानबीन में जुटी पुलिस**: मउ थानाध्यक्ष ने बताया कि हादसे में कुल चार लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि हादसा दो वाहनों की आमने-सामने आने से हुआ या किसी अनियंत्रित वाहन ने उन्हें चपेट में लिया। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

**इलाके में शोक की लहर**: इधर, राजू कुमार की मौत की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव केर और ससुराल खबरा में मातम पसर गया। पूर्व प्रमुख मंजू देवी के आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। परिवार के लोग गहरे सदमे में हैं। गांव में शोक का माहौल है। हर कोई इस घटना को लेकर स्तब्ध है।

# शादी के जश्न में हर्ष फायरिंग, बच्ची को लगी गोली, घायल की मां ने लगाया आरोप

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा**। नालंदा में शुक्रवार की रात एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग हुई। इसमें गोली एक मासूम बच्ची को लग गई। पैर में गोली लगने से घायल बच्ची को लहूलुहान हालत में चंडी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि इसके बाद से आरोपियों की ओर से उन्हें केस वापस लेने और जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। मामला चंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत दयालपुर गांव का है।

**देसी कट्टे से की गई फायरिंग**: घायल बच्ची शिवानी कुमारी की मां सुग्गी देवी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार रात गांव के ही पप्पू रविदास की बेटी की बारात आई थी। 'दरवाजा लगने' की रस्म के दौरान बाराती डीजे की धुन पर डांस कर रहे थे। उनकी बेटी शिवानी भी अन्य ग्रामीणों के साथ भीड़ में खड़ी होकर बारात का डांस देख रही थी। तभी बारात में शामिल एक व्यक्ति ने अपने हाथ में लिए देसी कट्टे से हवाई फायरिंग शुरू कर दी। इसी दौरान उसने एक फायर नीचे की ओर कर दिया, जिससे गोली सीधे शिवानी के पैर में जा लगी। गोली लगते ही बच्ची चीखते हुए गिर पड़ी और मौके पर भगदड़ मच गई।

**पुलिस के आने से पहले फरार हुए बाराती**: गोली चलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में घायल शिवानी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस की भनक लगते ही बारात में शामिल फायरिंग करने वाले और अन्य उपद्रवी डीजे बंद कर मौके से फरार हो चुके थे। बाद में दहशत के माहौल के बीच किसी तरह शादी की बाकी रस्में पूरी कराई गईं।

## नालंदा में मलमास मेले को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

नालन्दा। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ एवं पर्यटन स्थल राजगीर में आगामी 17 मई से शुरू होने वाले ऐतिहासिक मलमास मेले को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले में देश-विदेश से जुटने वाले लाखों श्रद्धालुओं-पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अनुमंडल और जिला प्रशासन ने यातायात प्रबंधन पर विशेष फोकस किया है। भारी जाम और अव्यवस्थित पार्किंग से निजात दिलाने के लिए इस बार एक व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन, सुरक्षा और पार्किंग प्लान तैयार किया जा रहा है, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने भीड़ को शहर के बाहर ही नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बड़ी पहल की है। पुरातत्व विभाग के अधीन आने वाले अजातशत्रु किला मैदान को अस्थायी पार्किंग स्थल बनाने के लिए विभाग से औपचारिक अनुमति मांगी गई है। इस विशाल मैदान के पार्किंग के रूप में इस्तेमाल होने से पटना और बिहारशरीफ की ओर से आने वाले वाहनों को खड़ा करने में काफी सहूलियत होगी। इससे मुख्य बाजार और धार्मिक स्थलों के आसपास वाहनों का दबाव काफी हद तक घटेगा, जिससे श्रद्धालुओं को पैदल आवागमन में भारी राहत मिलेगी और शहर में जाम की समस्या पर भी प्रभावी अंकुश लग सकेगा। मेला अवधि के लिए एक विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान भी अपने अंतिम चरण में है। इसके तहत मेले के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर आंशिक रूप से प्रतिबंध रहेगा और शहर में वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाएगी। चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और ड्रोन के जरिए भीड़ की सतत निगरानी की जाएगी। इसके अलावा, किसी भी इमरजेंसी से निपटने के लिए एंबुलेंस कॉरिडोर और मेडिकल सहायता केंद्रों के लिए अलग लेन की व्यवस्था की जा रही है। राहगीरों की सुविधा के लिए जगह-जगह दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे और स्वयंसेवकों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाएगी। शहर में वाहनों के भारी दबाव को बांटने के लिए वैकल्पिक मार्गों को भी तेजी से दुरुस्त किया जा रहा है। इसके तहत गिरियक नदी के पास से मोतनाजे गांव होते हुए नारदीगंज फोरलेन तक जाने वाले मार्ग की मरम्मत कराई जा रही है। राजगीर के अनुमंडलाधिकारी (एसडीओ) सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि चूंकि मोतनाजे गांव का क्षेत्र पड़ोसी नवादा जिले के अंतर्गत आता है, इसलिए नवादा के जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर सड़क का काम शुरू कराया गया है। इस रास्ते के पूरी तरह चालू होने से नवादा, गया और झारखंड की ओर से आने-जाने वाले छोटे-बड़े वाहनों को एक सुगम वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा और राजगीर शहर के भीतर ट्रैफिक का लोड काफी कम हो जाएगा। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए जगह-जगह यात्री शेड और टेंट सिटी का निर्माण कराया जाएगा। प्रशासन की कोशिश है कि भीड़ किसी एक जगह पर केंद्रित न हो, इसलिए इस बार मेला क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। भीड़ के दबाव को संतुलित करने के लिए खेल-तमाशे, मनोरंजन के साधनों और झूलों को विश्व प्रसिद्ध सोनपुर मेले की तर्ज पर अलग-अलग हिस्सों में फैलाकर लगाया जाएगा।

डॉ० राजेन्द्र प्रसाद बहुउद्योगीय प्रशिक्षण केन्द्र
खादी और ग्रामोद्योग आयोग
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार)
पो०: बी.भी. कॉलेज, शेखपुरा, पटना-14, फोन/फैक्स: 0612-2228511, 2224956
वेब : www.kvic.org.in, ई-मेल : mdtcpatna@gmail.com

बेरोजगार युवक युवतियों को स्वरोजगार हेतु

डॉ० राजेन्द्र प्रसाद बहुउद्योगीय प्रशिक्षण केन्द्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार), पोस्ट-बी०भी० कॉलेज, शेखपुरा, पटना-14 द्वारा इच्छुक युवक-युवतियों से निम्न संकाय में प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र० सं० | प्रशिक्षण का नाम | शैक्षणिक योग्यता | प्रशिक्षण अवधि | प्रशिक्षण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सोलर चरखा कताई प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 माह | छात्रवृति |
| 2. | कताई एन.एम.सी. प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 माह | छात्रवृति |
| 3. | बुनाई प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 माह | छात्रवृति |
| 4. | चरखा मैकेनिक प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 माह | छात्रवृति |
| 5. | मधुमक्खी पालन (सर्टिफिकेट कोर्से) | 10 वीं पास | 1 माह | छात्रवृति |
| 6. | कम्प्यूटर टैली प्रशिक्षण | 10 वीं पास | 3 माह | 1250.00 |
| 7. | सिलाई-कटाई प्रशिक्षण | 10 वीं पास | 3 माह | 750.00 |
| 8. | मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 9. | अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 10. | डिटर्जेन्ट पाउडर निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 11. | दुर्गंध नाषक सफेद फिनाईल निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 12. | बड़ी, पापड़ निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 13. | मशरूम प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 14. | डिटर्जेन्ट पाउडर निर्माण प्रशिक्षण | 10 वीं पास | 3 माह | 1250.00 |
| 15. | ब्यूटीशियन | 10 वीं पास | 1 माह | 750.00 |
| 16. | बेकरी उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 2 सप्ताह | 500.00 |
| 17. | आचार निर्माण प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 18. | वर्मीकम्पोस्ट प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 250.00 |
| 19. | डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण | 5 वीं पास | 1 सप्ताह | 350.00 |
| 20. | इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण | 10 वीं पास | 15 दिन | 750.00 |
| 21. | प्लम्बर प्रशिक्षण | 10 वीं पास | 15 दिन | 750.00 |
| 22. | ई.डी.पी.पी.एम.ई.जी.पी. प्रशिक्षण | पी.एम.ई.जी.पी. लाभार्थी | 10 दिन | नि:शुल्क |

इच्छुक अभ्यार्थी पूर्ण बायोडाटा (यथा शैक्षणिक योग्यता की छायाप्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं मोबाईल नंबर) के साथ संलग्न कर आवेदन कर सकते है। विशेष जानकारी हेतु मोबाईल नम्बर 8574678001 पर संपर्क कर सकते है। नामांकन के लिए न्युनतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष तक है।

प्राचार्य/निदेशक

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### बगहा अस्पताल में डॉक्टरों की कमी पर विधानसभा में गूंजा मुद्दा, विधायक राम सिंह ने सरकार को घेरा

**बगहा।** शुक्रवार को बिहार विधानसभा में बगहा अनुमंडल अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया गया। बगहा से भाजपा विधायक राम सिंह ने अस्पताल में डॉक्टरों की कमी, जरूरी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के अभाव का मामला सदन के पटल पर रखा। विधायक ने कहा कि अनुमंडल अस्पताल में पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती नहीं है, जिससे मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा। गंभीर मामलों में मरीजों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। अस्पताल में आवश्यक दवाओं और आधुनिक उपकरणों की कमी से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से मांग की कि बगहा अनुमंडल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की शीघ्र नियुक्ति की जाए और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकदार है और सरकार को इस दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कदम उठाने चाहिए।स्वास्थ्य मंत्री ने मामले को गंभीर बताते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने उम्मीद जताई कि सरकार के हस्तक्षेप से जल्द ही बगहा की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा।

### शास्त्री नगर में भक्ति की बयार: 23वें प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में उमड़ा जनसैलाब



**बगहा।** शास्त्री नगर स्थित पंसरवा बाबा हनुमान मंदिर में शनिवार को 23वां प्राण प्रतिष्ठा उत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत 1001 कन्याओं की भव्य कलश यात्रा से हुई, जो मंदिर परिसर से निकलकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। पूरे रास्ते श्रद्धालु जयकारों और भक्ति गीतों के साथ शामिल रहे।पूजा समिति के अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने बताया कि अवसर पर 24 घंटे का अखंड संकीर्तन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। संकीर्तन में भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना रहा, वहीं भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में अवधेश तिवारी, दिनेश पटेल, संजय पांडेय, हरिनारायण यादव, रामनवल साह, राकेश कुमार, रविकेश कुमार, उपसभापति रश्मि रंजन, प्रफुल, ओम प्रकाश सहित यजमान विकास मिश्रा अपने परिवार के साथ मौजूद रहे।धार्मिक अनुष्ठान आचार्य दुर्गेश मणि त्रिपाठी के सान्निध्य में विधि-विधान से संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। समिति ने बताया कि यह उत्सव हर वर्ष सामूहिक सहभागिता से आयोजित किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोगों की बढ़-चढ़कर भागीदारी रहती है।

### 97 स्कूलों के पास भवन नहीं: सदन में उठा मुद्दा, सरकार ने एक साल में निर्माण पूरा करने का दिया भरोसा



**बगहा।** पश्चिमी चंपारण जिले में 97 विद्यालय अब भी भवनविहीन हैं। यह मामला बिहार विधान परिषद में जोरदार तरीके से उठा। परिषद सदस्य भीष्म साहनी ने शिक्षा व्यवस्था की स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि जिले के दर्जनों स्कूलों में बच्चे खुले आसमान के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रही है। उन्होंने खासतौर पर बगहा-1 प्रखंड की ग्राम पंचायत राज टेसरहिया, बथुवड़िया, अगस्तिया और खेखरिया टोला का जिक्र किया। यहां 16 विद्यालय भवन के अभाव में संचालित हो रहे हैं। बारिश, ठंड और तेज गर्मी में छात्र-छात्राओं को कठिन हालात में पढ़ाई करनी पड़ती है। सदन में सदस्य ने मांग की कि सभी 97 विद्यालयों के भवन निर्माण को प्राथमिकता दी जाए, ताकि बच्चों को बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य बिहार स्टेट एजुकेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (BSEIDC), पटना की स्वीकृति के बाद शुरू होगा। लक्ष्य है कि स्वीकृति मिलने के एक वर्ष के भीतर सभी भवनों का निर्माण पूरा कर लिया जाए।मंत्री के आश्वासन के बाद सदस्य ने उम्मीद जताई कि सरकार की पहल से जिले के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सकेगा।

### अभय बने जन सुराज पार्टी के महामंत्री, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई, पार्टी कार्यालय में किया गया स्वागत
### संगठन को और मजबूत करने का काम करेगें- अभय शर्मा



**मोतिहारी।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार भारती ने जिला एकल पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए जिला पदाधिकारियों की सूची जारी की है। अभय शर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया है। अभय शर्मा को जिला महामंत्री पद पर नियुक्त होने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है। साथ ही कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में भव्य स्वागत किया है। वरीय नेता सुभाष सिंह कुशवाहा, संजय कुमार सिंह, हरसिद्धि विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश राम, मिनहाज अहमद, कुसुम देवी, चंदेश्वर प्रसाद, रामबिलास सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए उम्मीद जताया है कि श्री शर्मा को पार्टी ने नई जिम्मेदारी दी है, उसे वह पुरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेगें। वही नवनियुक्त महामंत्री तुरकौलिया प्रखंड के बैरिया बाजार निवासी, शंकरसरैया उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया अभय शर्मा ने कहा कि वह संगठन को और मजबूत करने और आमजनता की आवाज को उठाने का काम पुरी इमानदारी के साथ करेगें।

## काराकाट: गोडारी बाजार एटीएम पर लुटेरों का हमला विफल

# फिल्मी स्टाइल में दोनों पुलिस और लुटेरों के बीच हुई फायरिंग





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/रोहतास।** काराकाट नगर पंचायत के मुख्य बाजार गोडारी में शनिवार तड़के करीब 3 बजे लुटेरों ने एसबीआई एटीएम पर हमला बोल दिया। पूर्व सरपंच स्वर्गीय विजय प्रसाद के मकान के पास स्थित इस एटीएम को तोड़ने की कोशिश में लगे 2-3 हथियारबंद लुटेरे पुलिस की गुप्त सूचना पर मौके पर पहुंची टीम से भिड़ गए। फायरिंग के बाद काले स्कॉर्पियो से वे बिक्रमगंज की ओर भाग निकले। लोगों ने बताया कि रात में फायरिंग की आवाज सुनकर सभी सहम गए। सुबह घटनास्थल पर एटीएम का शटर टूटा मिला और विभिन्न औज़ारे और खोका बरामद हुए। लुटेरे एटीएम काटने या तोड़ने के उपकरण लेकर अंदर घुसे थे, लेकिन काराकाट पुलिस ने मौके पर धावा बोल दिया।

लोगों के अनुसार दोनों पक्षों से 2-3 राउंड गोली चली, जिसमें पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने 315 बोर का एक खोखा बरामद होने की पुष्टि की। काराकाट थाना क्षेत्र में बढ़ते लूट के मामले लोगों में भय का माहौल पैदा कर रहे हैं। यह सप्ताह में दूसरी ऐसी घटना है, इससे पहले भी इसी सप्ताह के मंगलवार को एक व्यापारी से 1.75 लाख की लूट मुख्य सड़क से दिनदहाड़े लूटने में लुटेरे सफल हुए थे लुटेरे का अभी तक पुलिस कोई ठोस सुराग नहीं ढूंढ पाई है, और आज सुबह इतनी बड़ी कांड सामने आई, हालांकि इस बार लुटेरे असफल रहे। ग्रामीणों का कहना है कि लुटेरे पोखरा की ओर से 30 मोरी होते हुए आए और राजमोहन के घर के पास से भागे। नगरवासी पुलिस से सतत गश्ती की मांग कर रहे हैं। थाना अध्यक्ष रोहित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर गश्ती टीम समय रहते पहुंची और पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन लुटेरे फरार हो गए।

फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और एटीएम की जांच पूरी हो चुकी है। पुलिस जांच में जुटी है तथा लुटेरों को शीघ्र गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया। क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, ऐसे में नगर और क्षेत्रवासि पुलिस की मुस्तैदी की मांग कर रही हैं।

## कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 15 महिला व एक पुरुष का सफल हुआ बंध्याकरण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को 15 महिलाओ का सफलतापूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन और एक पुरुष का नसबंदी किया गया। यह ऑपरेशन जिले से आए सूर्या क्लिनिक के डॉक्टर तथा पीएचसी चिकित्सको के द्वारा सावधानी और मानकों के अनुसार किया गया। पीएससी प्रभारी तुषार कुमार ने बताया कि कोचस पीएससी मे 15 महिला और एक पुरुष को चयनित किया गया। जहां जिले से आए सूर्या क्लिनिक के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में 15 महिलाओ का सफलता पूर्वक बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया जबकि एक पुरुष का नसबंदी किया गया। पीएचसी प्रभारी ने बताया बंध्याकरण एक सुरक्षित और स्थाई परिवार नियोजन उपाय है, इससे जनसंख्या नियंत्रण में मदद मिलती है साथ ही परिवार की आर्थिक स्थिति और मातृत्व शिशु स्वास्थ्य में भी सुधार होता है। उन्होंने कहा पीएससी में बंध्याकरण कराने वाले लाभार्थियों को बिहार सरकार मुख्यमंत्री परिवार नियोजन प्रोत्साहन योजना के तहत दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता लाभार्थियों के खाते में राशि डाल प्रदान करती है। स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर परिवार नियोजन के स्थाई उपायों को अपनाने के लिए अपील कर रही है। जागरूकता के दौरान अभिभावकों से मिल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जा सलाह ले बंध्याकरण के लिए प्रेरित किया जाता है। फिलहाल सभी महिलाओं को पीएससी में रखा गया है चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य की देखे की जा रही है, स्थिति में सुधार आने के बाद एंबुलेंस से अगले दिन घर छोड़ा जाएगा। मौके पर पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार, चिकित्सक, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव संपन्न निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने गए हरिहर सिंह



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोचस (रोहतास)।** कोचस मुख्यालय स्थित ताज होटल मे जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया है, इस चुनाव में हरिहर सिंह को सर्व सम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव की प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक दिनेश चंद्रवंशी और निर्वाचन अधिकारी रजनीश पटेल मौजूद रहे, उन्होंने अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करने का आह्वान किया था, हालांकि कोचस प्रखंड में किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। कोचस के ताज होटल में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने हरिहर सिंह के नाम पर सहमति जताई और उन्हें समर्थन किया। निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुने जाने पर हरिहर सिंह का समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया। I इस दौरान हरिहर सिंह ने कहा कि वह पार्टी के लिए हमेशा बेहतर काम करते आए हैं और आगे भी पूरी निष्ठा और कर्मठशीलता के साथ इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाऊंगा और मैं इस काम के लिए संकल्पित हूं। उन्होंने अध्यक्ष बनने के बाद सभी कार्यकर्ताओं एवं लोगों का आभार जताया है। मौके पर निर्वाचन अधिकारी रजनीश पटेल, परवेक्षक दिनेश सिंह चन्द्र वंशी, सूर्य वंश पटेल, अभय सिंह, प्रमोद पटेल, अरविंद पाल, पिंटू बारी, संजय सिंह, जितेंद्र सिंह, हनुमान सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध रूप से बिजली चोरी मे छह पर जुर्माना व प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- **चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अवैध रूप से बिजली चोरी मामले मे हुई प्राथमिकी दर्ज**

**बिक्रमगंज/ रोहतास।** बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी व बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन काटने का विशेष अभियान चला रही है। चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अवैध रूप से बिजली चोरी मामले मे दिनारा, बिक्रमगंज व सूर्यपुरा प्रशाखा अंतर्गत छह पर जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा ने बताया की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर के अक्षय पाण्डेय पिता-बासुदेव पाण्डेय पर 18688 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नही था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नही की गयी। आगे बता दें की मीटर से पहले सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के पिपरी निवासी रामपति देवी पति-वशिष्ठ सिंह पर 29699, संगीता देवी पति-रामाशंकर सिंह पर 27695, जमींदार पासवान पति-विश्वनाथ पासवान पर 12757, सूर्यपुरा प्रखंड के अगरेर कलां निवासी प्रेम कुमार दुबे पिता-मदन दुबे पर 51544 व बिक्रमगंज के मनबोध नगर निवासी शांति देवी पति-जंगी सिंह पर 50524 रुपये जुर्माना लगायी गयी है। उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक मान पठन अवरूद्ध हो रहा था तथा विभाग के राजस्व की क्षति हो रही थी। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 43 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमे कुल जुर्माने की राशि 24.68 लाख अधिरोपित है।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को लेकर मधुबनी प्रखंड सभागार में कार्यशाला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बगहा।** प्रखंड सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व वार्ड सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्रों में योजना के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया गया।

कार्यशाला की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विजया सिंह ने की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घरेलू, कृषि एवं व्यवसायिक उपयोग के लिए सोलर पैनल लगाने पर आकर्षक सब्सिडी दी जा रही हैजनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को इस योजना से जोड़ें, ताकि लोग सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली खर्च में कमी ला सकें और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकें।इस दौरान अंचल अधिकारी नन्दलाल राम ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जरूरत के अनुसार उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने पंचायतों में शिविर व बैठक आयोजित कर लोगों को आवेदन प्रक्रिया और सब्सिडी की जानकारी दें।बिजली विभाग मधुबनी के सहायक अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि सोलर पैनल स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। विभागीय कर्मियों की ओर से तकनीकी सहयोग भी दिया जाएगा, ताकि लाभुकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।कार्यशाला में बिजली विभाग के कर्मचारी सहित प्रखंड क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## मुख्यमंत्री शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर बस हुआ रवाना



**मुखिया ने दिखाई हरी झंडी**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर।** क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पडरिया के छात्र-छात्राओं को शनिवार को मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए रवाना हुए.परिभ्रमण बस को पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.इस दौरान 25 विद्यार्थियों को राजगीर भेजा गया है. मुखिया ने कहा कि यह कार्यक्रम सरकार द्वारा सभी सरकारी विद्यालयों के लिए संचालित किया जाता है.

प्रधानाध्यापक बिनोद कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल राजगीर भेजा गया है.जहां वे विभिन्न दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे.उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिरुचि बनी रहती है.यात्रा के दौरान बच्चों के भोजन और चिकित्सा सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है. मौके पर लीलावती कुमारी, शीतल प्रसाद गुप्ता, सीताराम सिंह, इशरत खातून व आदि शिक्षकों मौजूद थे.

# भारत एवं नेपाल लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महा रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रक्सौल पू०च०।** सीमाई शहर रक्सौल व बीरगंज के संयुक्त तत्वाधान में मानवता की सेवा हेतु 21 फरवरी, शनिवार को प्रातः 8:30 बजे से मैत्री पुल (कस्टम हाउस के समीप) एक बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लायंस क्लब ऑफ रक्सौल एवं लायंस क्लब

ऑफ बीरगंज क्यूरेटिव के संयुक्त तत्वावधान में सफल आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए बीरगंज मेयर राजेश मान सिंह ने बताया कि भारत नेपाल मैत्री पुल पर रक्सौल व बीरगंज के लायंस कल्ब के संयुक्त आयोजन में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया है।इसके लिए मैं सभी सहभागी सदस्यों को धन्यवाद देता हूँ। खास तौर से बताना चाहता हूँ कि नेपाल के तरफ से जो मैत्री पुल के संदर्यीकरण करने का जो काम किया गया है। इसे निरंतर रूप से आगे भी कायम रखना है। इस कार्य को और बेहतर करने के लिए बीरगंज रक्सौल की जनता के साथ प्रशासनिक पदाधिकारियों की भी सहभागिता अहम है। वहीं रक्सौल एसडीएम मनीष कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि रक्सौल व बीरगंज के इस ऐतिहासिक निर्णय को मेरा सलाम है। जो इस तरह का आयोजन किया। आप सभी लोगों से अपील है कि रक्तदान से बीमार लोगों की जान बचाया जा सकता हैं। इसलिए आप सभी लोगों से आग्रह है कि अपने स्वास्थ्य के मद्देनजर छः महीने पर रक्तदान अवश्य करें।लायंस क्लब रक्सौल के अध्यक्ष बिमल कुमार सर्राफ ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत और नेपाल के बीच सदियों से "बेटी-रोटी" का आत्मीय संबंध चला आ रहा है। इस संयुक्त रक्तदान शिविर के माध्यम से अब दोनों देशों के नागरिकों के बीच रक्त का रिश्ता भी जुड़ गया, जो आपसी भाईचारे और मानवीय एकता का प्रतीक बना। रक्सौल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद ने




इस रक्तदान शिविर की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसे प्रयास जो भारत नेपाल के सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करते हों,करते रहने का आह्वाहन किया।बीरगंज के

सीडीओ भोला दहाल ने भी मुक्त कंठ से कार्यक्रम की सराहना की।भूमि पत्तन प्राधिकरण के प्रशासक कुमार राजीव रंजन,स्टेशन अधीक्षक अजय कुमार, सीमा सशस्त्र बल के निरीक्षक बजरंग सिंह भी उपस्थित थे। सीमा सशस्त्र बल ने रक्तदान में सक्रिय योगदान किया।वहीं ग्रीन सिटी, बीरगंज के जयप्रकाश खेतान ने इस पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे भारत-नेपाल मैत्री का सशक्त उदाहरण बताया। वहीं, लायंस क्लब क्यूरेटिव, बीरगंज के अध्यक्ष लायन डॉ. नीरज सिंह ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की।पूर्व अंतराष्ट्रीय निदेशक लायन संजय खेतान,पूर्व जिलापाल लायन आर पी खेतान,पूर्व जिलापाल लायन रमेश अग्रवाल,पूर्व जिलापाल लायन डी एन अग्रवाल ने भी सफल रक्तदान कार्यक्रम की सराहना की।लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के सचिव लायन मोहम्मद निजामुद्दीन ने संयुक्त रूप से कहा कि "रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम असामयिक मृत्यु को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह मानवता की सेवा का सबसे पवित्र माध्यम है। मौके पर उपस्थित भारतीय सीमा पर तैनात एस एस बी के जावानों ने भी उत्साह दिखाते हुए रक्तदान किया।मौके पर "नेपाल सशस्त्र प्रहरी, बीरगंज के अधीक्षक मोहन क्षेत्री, उपाधीक्षक विकास अधिकारी, सुष्मिता यादव (ग्रीन सिटी), अवर निबंधक रक्सौल आशीष अग्रवाल,लायन अमित कुमार,लायन गणेश धानोठिया, जोनल चेयरपर्सन लायन शम्भू प्रसाद चौरसिया, लायन नारायण रूंगटा, लायन पंकज बर्णवाल, लायन हरीश खत्री एवं लायन विजय महतो बीरगंज लायन नरोतम पाण्डेय, लायन पिया सिंह,लायन प्रभात आनंद सिंह,काली सेना प्रमुख पार्वती तिवारी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने भारत एवं नेपाल के नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं से उनके बढ़ चढ़ के भाग लेने के लिए धन्यवाद किया एवं इस मानवीय अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने से भारत–नेपाल मैत्री सम्बन्धों को नया आयाम देने के लिए आभार प्रकट किया।भारत एवं नेपाल के प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया की भी उपस्थिति रही।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़ी पिकअप से टकराई

**भागलपुर**। भागलपुर में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी पिकअप वैन से टकरा गई। हादसे में 2 महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल(मायागंज) में भर्ती कराया गया है। एक महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घायलों की पहचान गोड्डा जिले के मेहरमा निवासी मो. शेराज आलम, उनकी पत्नी समीना खातून और सीतारा खातून के तौर पर हुई है। सभी डॉक्टरों से दिखाने के लिए झारखंड से भागलपुर आ रहे थे। घटना कहलगांव क्षेत्र की है।

**स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पतालः** घायल मो. शेराज आलम ने टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से मायागंज अस्पताल पहुंचाया।

### एसपी ने जवानों को सिखाए हथियार चलाने के ट्रिक

**मुंगेर**। मुंगेर पुलिस लाइन में नवगछिया और शेखपुरा जिलों से आए 198 प्रशिक्षु सिपाहियों का इनडोर एवं आउटडोर प्रशिक्षण सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जवानों को शारीरिक दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक पुलिसिंग से जुड़ी विभिन्न तकनीकों का भी अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद स्वयं हथियार संचालन प्रशिक्षण की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कुछ जवानों को हथियार चलाने की बारीकियां भी समझाईं। एसपी ने बताया कि इन प्रशिक्षु सिपाहियों का प्रशिक्षण जुलाई से शुरू हुआ है, जो आगामी मई तक चलेगा।

**पुलिस की जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया जा रहाः** इस अवधि में जवानों को फिजिकल फिटनेस, हथियार चलाने की तकनीक, नक्शा पढ़ने की विधि तथा विभिन्न सुरक्षा परिस्थितियों से निपटने का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इनडोर कक्षाओं में प्रशिक्षकों द्वारा कानून की जानकारी, कानूनी प्रक्रियाओं की समझ तथा पुलिस की जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया जा रहा है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक को विशेष महत्वः** एसपी ने यह भी बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक को विशेष महत्व दिया गया है। प्रशिक्षु सिपाहियों को इंटरनेट, कंप्यूटर उपयोग तथा डिजिटल माध्यमों के जरिए अपराध नियंत्रण से संबंधित जानकारी दी जा रही है। साथ ही दंगा या तनावपूर्ण स्थिति में भीड़ नियंत्रण और माहौल को शांत करने के व्यावहारिक उपायों का प्रशिक्षण भी शामिल है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद सभी प्रशिक्षु सिपाही नियमित नियुक्ति पाकर अपने मूल जिलों नवगछिया और शेखपुरा लौट जाएंगे। पासिंग आउट के बाद वे पुलिस की जिम्मेदारियां संभालते हुए वरीय अधिकारियों के निर्देशानुसार कानून व्यवस्था बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएंगे।

### एसएसबी ने लगाया पशु चिकित्सा एवं मानव चिकित्सा शिविर

**अररिया**। एसएसबी 56 वीं वाहिनी की ओर से कमांडेंट शाश्वत कुमार के दिशा निर्देश पर बेला, डुमरबना एवं घुरना में शनिवार को निःशुल्क पशु चिकित्सा एवं मानव चिकित्सा शिविर लगाया गया। द्वितीय-कमान-अधिकारी (चिकित्सा) डॉ. विक्रम आदित्य चकमा द्वारा शिविर में ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया तथा उनके परामर्श के अनुसार चिकित्सा शाखा के स्टाफ द्वारा स्थानीय नागरिकों के बीच मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया।मानव चिकित्सा शिविर में कुल 298 स्थानीय सीमावर्ती नागरिक लाभान्वित हुए। पशु चिकित्सा शिविर में पूर्णिया एसएसबी के पशु चिकित्सक उप कमांडेंट डॉ घनश्याम पटेल के द्वारा पशुओं की निःशुल्क जांच की गई तथा उनके परामर्श के अनुसार एसएसबी के पशु चिकित्सा शाखा के स्टाफ द्वारा स्थानीय पशुपालकों को मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में सीमावर्ती 84 पशुपालकों के नागरिकों के 504 पशु लाभान्वित हुए। सशस्त्र सीमा बल द्वारा संचालित इस कार्यक्रम की स्थानीय ग्रामीणों द्वारा काफी सराहना की गई। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी ( चिकित्सा )संयुक्त अस्पताल बथनाहा के डॉ विक्रम आदित्य चकमा,उप कमांडेंट चिकित्सा डॉ घनश्याम पटेल , सहायक कमांडेंट एवं ई समवाय प्रभारी राना कुमार,निरीक्षक एवं जी समवाय प्रभारी सुशील कुमार उपाध्याय तथा अन्य बल कार्मिक उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर बच्चों को दिया गया जानकारी

**अररिया**। फारबिसगंज के तिरसकुंड के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में शनिवार को मातृभाषा दिवस मनाया गया।बच्चों को मातृभाषा और दिवस को लेकर जानकारियां दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक रंजीत कुमार मंडल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को दुनिया भर में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने, बहुभाषावाद को बढ़ावा देने और मातृभाषाओं के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। यह दिन 1952 में बांग्ला भाषा के लिए हुए संघर्ष में शहीद हुए लोगों की याद में और भाषाई विविधता के सम्मान में मनाया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने कहा कि मातृभाषा दिवस मनाने के मुख्य उद्देश्य और कारण भाषाई विविधता का संरक्षण इस दिन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में लुप्त हो रही भाषाओं को बचाना और उन्हें बढ़ावा देना है। मातृभाषा में शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत हमारे सांस्कृतिक और बौद्धिक ज्ञान का भंडार है। मातृभाषा ही हमारी पहचान, संस्कृति और मूल्यों को संजोकर रखती है। बहुभाषावाद यह दिन विभिन्न संस्कृतियों के बीच बेहतर समझ, सहिष्णुता और सम्मान को बढ़ावा देने के लिए बहुभाषी शिक्षा का समर्थन करता है।यूनेस्को ने 1999 में इस दिन की घोषणा की थी और 2000 से यह विश्व स्तर पर मनाया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान शिक्षक मिथिलेश कुमार सिंह ने कहा की मातृभाषा के बिना कोई भी भाषा अपने आप में एक गूंगा है। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत विद्युत घात,जलजमाव, बोरिंग के गड्ढे में होने वाले दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

### सिमराहा रेलवे स्टेशन पर मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल ट्रेन में लगेगी निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**अररिया**। कटिहार-जोगबनी रेलखंड के सिमराहा रेलवे स्टेशन पर 09 से 29 मार्च तक इंपैक्ट इण्डिया फाउंडेशन संस्था के बैनर तले विश्व की पहली मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल ट्रेन के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर कई प्रकार के रोगियों का निःशुल्क ईलाज किया जाएगा। आंखों की जॉच एवं मोतियाबिंद का आपरेशन 09 से 14 मार्च तक जॉच एवं 10 से 15 मार्च तक सर्जरी तक होगी। वहीं कानों की जॉच एवं सर्जरी 15 से 19 मार्च तक जॉच एवं 16 से 20 मार्च तक सर्जरी, कटे फटे होंठ एवं जले हुए शरीर का अंग का प्लास्टिक सर्जरी 20 से 23 मार्च तक जॉच एवं 21 से 24 मार्च तक सर्जरी ऑर्थोपेडिक सुधारात्मक सर्जरी हेतु 18 वर्ष से कम उम्र के लिए जॉच 20 से 23 मार्च तक एवं सर्जरी 21 से 24 मार्च तक होगी। यह सेवा बीस दिनों तक 9 से 29 मार्च तक चलेगा। इस संबंध में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य दिलीप पटेल ने बताया कि संस्था के द्वारा यह एक बहुत ही अच्छी पहल है, जिससे हजारों लोगों को स्वास्थ्य से संबंधी लोगों को लाभ मिलेगा। दिलीप ने बताया क्षेत्र के के समाजसेवी सहित कई जनप्रतिनिधि भी स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए भरपूर सहयोग कर रहे हैं। वहीं संस्था के कर्मियों के द्वारा गांव स्तर पर कैंप लगाकर लोगों रजिस्ट्रेशन कार्ड बनवा रहे है। कर्मियों में से मुख्य रूप से उमेश मंडल, सुहेश रौशन, प्रदीप मंडल शामिल हैं। वहीं स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने को लेकर मुखिया प्रतिनिधि आफताब आलम चुन्ना, चंदन पटेल, अखलेश यादव, देवेन्द्र गुप्ता पिंटू, शंकर भगत, परवेज आलम, देव कुमार मंडल सहित भारी संख्या में लोग प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं।

# महिला के अकाउंट से लाखों रुपए गायब, परिजनों ने किया हंगामा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका**। बांका सदर थाना क्षेत्र के कटेली मोड़ स्थित एक ग्राहक सेवा केंद्र पर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक महिला के बैंक खाते से लाखों रुपये की कथित हेराफेरी का मामला सामने आया। पीड़िता की पहचान बगल के गांव निवासी अनीता देवी के रूप में हुई है। आरोप है कि ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने महिला के खाते से अवैध रूप से बड़ी राशि निकाल ली। जानकारी के अनुसार, अनीता देवी ने हाल ही में अपने खाते में जमा राशि की निकासी के लिए बैंक का रुख किया था। बैंक में खाते की जांच के दौरान उन्हें बताया गया कि उनके खाते में कोई भी राशि शेष नहीं है। यह सुनते ही महिला हैरान रह गई और तुरंत इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी।

**संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कियाः** इसके बाद महिला अपने परिजनों के साथ संबंधित ग्राहक सेवा केंद्र पहुंची और संचालक पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

**पूरी राशि वापस दिलाने का आश्वासनः** मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधि और अन्य गणमान्य लोग वहां पहुंचे और महिला व उसके परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया। जनप्रतिनिधियों ने महिला को भरोसा दिलाया कि मामले की जांच कराई जाएगी और यदि हेराफेरी हुई है तो ग्राहक सेवा केंद्र संचालक से पूरी राशि वापस दिलाई जाएगी।

**ऐसे ग्राहक सेवा केंद्रों की नियमित जांच करने की मांगः** आश्वासन के बाद महिला और उसके परिजन शांत हुए। घटना की जानकारी बांका सदर थाना क्षेत्र में फैलते ही यह चर्चा का विषय बन गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे ग्राहक सेवा केंद्रों की नियमित जांच हो, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। यह घटना कटेली मोड़ इलाके में बैंकिंग सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती है।

# शिवरात्रि मेले में युवक ने लहराया कट्टा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में महाशिवरात्रि मेले के दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टेज पर देसी कट्टा लहराते हुए डांस कर रहे युवक का वीडियो तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। मामला नाथनगर थाना क्षेत्र के बैरिया गांव का है। घटना नाथनगर थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में आयोजित दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले की है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान जब डांसर स्टेज पर प्रस्तुति दे रही थी, तभी गांव का एक युवक हाथ में देसी कट्टा लेकर मंच पर पहुंचा और डांसर के साथ हथियार लहराते हुए डांस करने लगा। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक खुलेआम हथियार लहरा रहा था, जबकि नीचे मौजूद दर्शक तालियां बजा रहे थे।

**युवक से हथियार छीनने का प्रयास कियाः** स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्यक्रम के आयोजक तुरंत मंच पर पहुंचे और युवक से हथियार छीनने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ देर के लिए मंच पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने युवक की पहचान बैरिया गांव निवासी साहब मंडल के बेटे भोला कुमार मंडल के रूप में की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, भोला कुमार मंडल का पहले भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसमें मोटरसाइकिल चोरी और छिनतई की घटनाएं शामिल हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि युवक के पास देसी कट्टा कहां से आया और क्या कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रशासनिक अनुमति ली गई थी।

## गांव के युवक ने मेरे पति को मार डाला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय**। बेगूसराय के मंझौला थाना में एक युवक की संदिग्ध मौत मामले में पत्नी ने FIR दर्ज कराई है। एक नामजद समेत अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान मंझौल पंचायत-2 के वार्ड नंबर-10 बाबा टोला निवासी रामजीवन सिंह के बेटे गणेश कुमार(30) के तौर पर हुई है। धनफर बहियार में सड़क किनारे शव मिला था। पत्नी रोजी कुमारी ने बताया कि मेरे पति गणेश 18 फरवरी को सुबह 10 बजे के करीब घर से निकले थे। गांव के एक युवक के साथ खैरा स्थित आम गाछी गए थे। वहां पेड़ बेचने के लिए एडवांस कुछ रुपया लिया। इसके बाद अपने साथ मेरे पति को लेकर चले गए। रास्ते में दोस्तों के साथ मिलकर मार डाला। कैश और ज्वेलरी छीनकर सभी भाग गए। लाश सड़क किनारे फेंक दिया। साजिश के तहत मेरे पति की हत्या की गई है।

**जांच के लिए FSL की टीम पहुंची थीः** शव 19 फरवरी को काबर झील इलाके में सड़क किनारे खेत में मिला था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम के साथ एसपी मनीष भी मौके पर पहुंचे। जांच के लिए FSL की टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। तकनीकी साक्ष्य, कॉल डिटेल और पूछताछ के आधार पर जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**किसी से कोई विवाद नहीं थाः** घटना वाले दिन मृतक का भतीजा विवेक कुमार ने आरोप लगाते हुए कहा था कि साजिश के तहत मेरे चाचा की हत्या की गई है। गर्दन मरोड़ कर तोड़ा गया है, लाश की हालत देखकर लग रहा है कि हाथ भी तोड़ दिया गया है।

# भाजयुमो ने फूंका राहुल गांधी का पुतला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बेगूसराय**। दिल्ली में आयोजित AI इम्पैक्ट समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन और प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसके विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज बेगूसराय के कैंटीन चौक पर राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी मुर्दाबाद और देश का अपमान नहीं सहेगा आम आवाम जैसे नारे लगाए। भाजयुमो नेताओं का आरोप है कि यह प्रदर्शन राहुल गांधी के इशारे पर किया गया, जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक मंच पर शर्मिंदा करना था। कांग्रेस राजनीतिक हताशा में देश की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धूमिल कर रही है। भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम चंद्र ने कहा कि दुनिया के विभिन्न देशों से प्रतिनिधि भारत में AI के क्षेत्र में हो रही प्रगति को देखने आए थे। उस समय कांग्रेस से जुड़े लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर देश की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। कांग्रेस की हताशा वैश्विक मंच पर भी देश को बदनाम करने से पीछे नहीं हट रही है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

**देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का कांग्रेस पार्टी का इतिहासः** जिला महामंत्री धर्मेंद्र भारती ने कहा कि विरोध का एक समय और स्थान होता है। किसी अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना न केवल राजनीतिक मर्यादा के खिलाफ है, बल्कि देश की गरिमा के भी प्रतिकूल है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का रहा है और इस तरह की घटनाएं उसी सोच का परिणाम हैं। जिला उपाध्यक्ष गौतम कुमार ने इस पूरे घटनाक्रम को फूहड़पन का प्रदर्शन करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध का अधिकार सभी को है, लेकिन उसकी भी एक मर्यादा होती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देश के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ टिप्पणी करना भारत की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने जैसा है। भारत टेक्नोलॉजी के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। ऐसे में प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना पूरी तरह गलत है। कांग्रेस हमेशा देश को अपमानित करती रही है। इस हरकत के लिए सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान कार्यालय मंत्री गुड्डू कुमार, अमन, गोविंद, वीरेंद्र शर्मा, राजकुमार, बंटी, सिकंदर रोहन, ऋषि और शरण समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिला का मनाया गया 35वां स्थापना दिवस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका**। बांका जिला का 35वां स्थापना दिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्ष 1991 में बांका को जिला का दर्जा मिला था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने इसे भागलपुर से अलग कर नया जिला घोषित किया था। इस अवसर पर जिले में विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक और प्रशासनिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार की शाम से संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन बांका टाउन हॉल में किया जाएगा। जहां संस्कृति कार्यक्रम में भीड़ उमड़ेगी । मुख्य कार्यक्रम आरएमके मैदान में आयोजित किया गया। बांका विधायक रामनारायण मंडल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा भी उपस्थित थे। अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर समारोह का औपचारिक उद्घाटन किया, जिसके बाद केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया।

**स्थानीय लोक-संस्कृति पर आधारित नृत्य और संगीत प्रस्तुतियां दीः** कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति गीतों और स्थानीय लोक-संस्कृति पर आधारित नृत्य और संगीत प्रस्तुतियां दी गईं। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाए गए सूचना एवं विकास से जुड़े स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। समारोह में बड़ी संख्या में आम नागरिक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, छात्र-छात्राएं और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। समारोह के दौरान 35 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। विधायक रामनारायण मंडल, जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्राइसाइकिल को रवाना किया। अतिथियों ने कहा कि इन ट्राइसाइकिल से दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ेगी और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

**'मेरा प्रखंड मेरा गौरव' प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित कियाः** इसी क्रम में बिहार सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित 'मेरा प्रखंड मेरा गौरव' प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। बांका जिले के चांदन, रजौन, अमरपुर, शंभूगंज, फुल्लीडुमर, धोरैया, बेलहर, बाराहाट और कटोरिया प्रखंड से एक-एक प्रतिभागी को विजेता चुना गया। सभी नौ विजेताओं को प्रति प्रतिभागी 10 हजार रुपये का डमी चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। धोरैया प्रखंड से चयनित विजेता, दैनिक अखबार के पत्रकार रूपेश कुमार राजा ने बताया कि उन्होंने धोरैया प्रखंड स्थित धनकुंड नाथ शिव मंदिर पर आधारित 30 सेकंड का वीडियो, फोटो एवं 200 शब्दों का निबंध तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया था, जिसे चयन समिति ने सराहा। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं स्थानीय पर्यटन स्थलों को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और जिले की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाती हैं।

## फुटपाथ दुकानदारों का धरना, कहा- हटाने से पहले विकल्प दो



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बेगूसराय**। बेगूसराय शहर की सड़कों पर रोजी-रोटी कमाने वाले फुटपाथ दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों ने आज धरना दिया। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (CITU) से जुड़े श्रमजीवी फुटपाथ दुकानदार संघ के बैनर तले आज जिला मुख्यालय के समाहरणालय स्थित दक्षिणी द्वार (हड़ताली चौक) पर जोरदार एक दिवसीय धरना दिया गया। जिला पार्षद सह सीटू के राज्य सचिव अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में फुटकर विक्रेताओं ने हिस्सा लिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि एक तरफ महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। वहीं, दूसरी ओर प्रशासन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के गरीब दुकानदारों को फुटपाथ से उजाड़ रहा है। उन्होंने इसे अमानवीय करार देते हुए कहा कि यदि सरकार ने इन गरीबों के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं की, तो हजारों परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। फुटपाथ, पर रोजगार कर जीने वाले गरीबों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए हटाने पर रोक लगाई जाए।

**दुकानदार बोले- परिवार भूखे रहने को मजबूरः** फुटपाथ, फेरी और फुटकर रोजगार के सहारे हजारों गरीब परिवार अपनी आजीविका चलाते हैं। बावजूद इसके, समय-समय पर चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान में इन छोटे दुकानदारों को बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जाता है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो जाती है। परिवार भूखे रहने को मजबूर हो जाता है। शहर में बढ़ती आबादी और जाम की समस्या को देखते हुए पूरे बेगूसराय शहर में फ्लाईओवर सड़क का निर्माण किया जाए। नगर निगम क्षेत्र में बिना पार्किंग व्यवस्था के यातायात नियमों के अनुपालन के नाम पर होने वाली परेशानी का समाधान निकाला जाए। शहरी गरीबों और फुटपाथ दुकानदारों को ससम्मान जीने का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

**समस्या का स्थाई निराकरण करने की मांगः** प्रदर्शनकारियों का कहना था कि बेगूसराय में सड़कों के संकीर्ण होने और पार्किंग की व्यवस्था न होने की सजा फुटपाथ दुकानदारों को दी जा रही है। परिवहन विभाग और नगर निगम की ओर से यातायात नियमों के पालन के नाम पर छोटे दुकानदारों को निशाना बनाया जाता है। प्रशासन को जाम की समस्या का हल संरचना में सुधार कर निकालना चाहिए, न कि गरीबों का पेट काटकर। नेताओं ने मांग की है कि जिला प्रशासन आंदोलनकारियों के शिष्टमंडल के साथ वार्ता का समय निर्धारित करे और एक ठोस प्रशासनिक हस्तक्षेप के माध्यम से इस समस्या का स्थाई निराकरण करे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा।

# उपमुख्यमंत्री ने महारुद्र यज्ञ का उद्घाटन किया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बांका**। बांका के शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत रुदपेय गांव में शनिवार को आयोजित भव्य महारुद्र यज्ञ का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर पूरा यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा और दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उपमुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही बांका जिला प्रशासन की ओर से उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यज्ञ की परंपरा भारतीय संस्कृति की आत्मा है, जो सदियों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलती है।

**राज्य सरकार की विकास योजनाओं का भी उल्लेख कियाः** सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की विकास योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आधारभूत संरचना, उद्योग, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बांका जिला उद्योग के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा और इसे एक औद्योगिक हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे और क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

**यज्ञ स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गयाः** कार्यक्रम में अमरपुर विधायक जयंत राज, बेलहर विधायक मनोज यादव, जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला तथा पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यज्ञ स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। वैदिक आचार्यों द्वारा विधि-विधान के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महारुद्र यज्ञ कई दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन और पूजा कार्यक्रम आयोजित होंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। स्थानीय लोगों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों का दो गुट आपस में भिड़े, छात्र हुआ घायल

**आरा**। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की वार्षिक मैट्रिक परीक्षा के चौथे दिन आरा, जगदीशपुर एवं पीरो अनुमंडल क्षेत्र के कुल 36 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पालियों में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा हुई। हित नारायण क्षत्रिया प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों का दो गुट आपस में भीड़ गया। घायल परीक्षार्थी राहुल भारती ने बताया कि परीक्षा के दौरान उत्तर नहीं दिखाने पर एक परीक्षार्थी ने मुझे परीक्षा समाप्त होने पर देख लेने की धमकी दी। परीक्षा समाप्त होते ही उन परीक्षार्थियों के गुट ने अचानक केंद्र के बाहर मुझसे हाथापाई की, जिससे मेरा सिर फट गया। इधर जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ मानवेंद्र कुमार राय ने बताया कि प्रथम पाली में कुल 19,525 परीक्षार्थियों में से 19,116 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 409 अनुपस्थित रहे। अनुमंडलवार आंकड़ों के अनुसार आरा में 14,827 में से 14,478 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 349 अनुपस्थित रहे। जगदीशपुर अनुमंडल में 2,401 में से 2,361 परीक्षार्थी उपस्थित और 40 अनुपस्थित रहे, जबकि पीरो अनुमंडल में 2,297 में से 2,277 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 20 अनुपस्थित रहे। इधर, द्वितीय पाली में कुल 21,351 परीक्षार्थियों में से 20,996 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 355 अनुपस्थित रहे। आरा अनुमंडल में 16,624 में से 16,326 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, वहीं जगदीशपुर में 2,623 में से 2,585 तथा पीरो में 2,104 में से 2,085 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई थी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई तथा निर्धारित समय के बाद किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।प्रशासन की सख्ती के बीच परीक्षा को कदाचारमुक्त बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे।

### स्कॉर्पियो से 700 ली. शराब जब्त

**कोईलवर**| अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोईलवर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 700 लीटर महुआ शराब बरामद की है। यह बरामदगी कोईलवर सोन नदी के तट पर स्थित गोरया घाट के समीप सिक्सलेन पुल के सामने बांध पर छापेमारी के दौरान हुई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दियरा क्षेत्र से भारी मात्रा में महुआ शराब की खेप वाहन के माध्यम से निकाली जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में घेराबंदी की। इसी दौरान काले रंग की संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया गया। हालांकि पुलिस वाहन को देख चालक गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। मौके पर तलाशी लेने पर वाहन से भारी मात्रा में महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब समेत स्कॉर्पियो को जब्त कर थाना लाया और मामले में प्राथमिकी दर्ज की। फरार चालक एवं तस्करी में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

### छात्रों के दो गुटों के बीच मारपीट एक छात्र घायल

**आरा**। नवादा थाना क्षेत्र के क्षत्रिय स्कूल में हो रहे मैट्रिक की परीक्षा में प्रश्न का उत्तर नहीं बताने से नाराज एक छात्र ने दूसरे छात्र की परीक्षा हॉल से बाहर निकलने के बाद मारकर सिर फोड़ दिया। घायल छात्र बड़हरा प्रखंड के चातर गांव के निवासी उपेंद्र भारती का पुत्र राहुल भारती है। घायल राहुल भारती ने बताया कि क्षत्रिय स्कूल में सोशल साइंस की परीक्षा देने गया था। मेरे ही रूम में एक लड़का बगल में परीक्षा दे रहा था। उसने हमसे प्रश्न का उत्तर बताने को बोला था। मैं भी बताया था। इसी बात को लेकर जब मैं परीक्षा देकर बाहर निकला तो लड़कों ने रास्ते में घेर कर हमारे साथ मारपीट किया। जिसमें मेरा सिर फूट गया। मेरे साथ रहे अन्य साथियों ने सदर अस्पताल में इलाज कराया।

### शराब के केस में एक आरोपी गिरफ्तार

**आरा**। टाउन थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर थाना क्षेत्र के रघु टोला मोहल्ला से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी टाउन थाना क्षेत्र के रघु टोला के निवासी स्वर्गीय रामनारायण यादव का पुत्र हरी लाल यादव है । हरी लाल यादव के ऊपर पूर्व में शराब का केस टाउन थाना में दर्ज हुआ था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया।

### भाजपा ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचती है: मृत्युंजय झा

**बक्सर**। भारतीय जनता पार्टी के जिला इकाई बक्सर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय "कार्यकर्ता प्रशिक्षण महा अभियान" कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी सह बिहार संस्कृत बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा जी उपस्थित रहे । कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन तथा संचालन लक्ष्मण शर्मा ने किया। शाहबाद क्षेत्रीय प्रशिक्षण प्रमुख नवीन निश्चल चतुर्वेदी द्वारा प्रशिक्षण वर्ग की रूपरेखा के बारे में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विस्तृत रूप से बताया गया। मृत्युंजय झा ने कहा कि "भारत माता की जय " करने वाले हम लोगों के मन में भी कभी-कभी भिन्नताएं आ जाती है, तो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के तहत लोगों के चेतनाओं को जागृत करने का कार्य करती है । उन्होंने कहा कि भारत में भाजपा ही एक अकेली ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचती है बैठक में राजेश सिन्हा, भोजपुर जिला प्रभारी, शिला त्रिवेदी, धनन्जय त्रिगुण, इंदु देवी, संध्या पाण्डेय, ओमज्योति भगत, राजीव रंजन सिंह, पिंकी पाठक, उदय उज्जैन, वंशीधर पाण्डेय, बिनोद उपाध्याय, श्रीभगवान सिंह त्यागी, ब्रजेश चौबे, उमाशंकर राय उपस्थित रहे।

### तीन महीने बाद सीएससी गड़हनी में ब्लड जांच शुरू

**गड़हनी**। स्थानीय गड़हनी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तीन महीने बाद सीबीसी मशीन ( संपूर्ण रक्त जांच मशीन) से रक्त जांच की सुविधा शुरू हो गई। यह जांच मशीन तीन माह से खराब थी। इस कारण स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों का ब्लड जांच नहीं हो पाता था। मरीजों को बाहर जाकर पैसा देकर जांच करना पड़ता था। शुक्रवार को सीबीसी मशीन शुरू हो गया और मरीजों का ब्लड जांच होने लगा है। शुक्रवार को मशीन ठीक होने के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील महेंद्र कपूर और ब्लॉक एम एंड ई पंकज कुमार ने करीब 25 से 30 मरीजों का ब्लड जांच खड़ा होकर कराया। प्रभारी ने कहा कि खराब होने से मरीजों को काफी कठिनाई होती थी। इस संबंध में जिला को सूचना दिया गया था तब जाकर संज्ञान लेकर मशीन ठीक कराया गया।

### 1 माह में लाइट एंड साउंड शो शुरू करने का निर्देश


**बक्सर**। शुक्रवार को बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभाकक्ष में डीएम साहिला ने नगर परिषद के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। लाईट एंड साउंड शो की प्रगति की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि आगामी 1 माह के भीतर सभी लंबित कार्य पूर्ण कर आम जनता के लिए शो का विधिवत संचालन प्रारंभ कराया जाए। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को बीईसीआईएल से हस्तांतरण पत्र प्राप्त कर कर्मियों का प्रशिक्षण कराने और शीघ्र संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष साफ-सफाई कराने पर भी जोर दिया गया, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही सभी नगर निकाय क्षेत्रों में नियमित सफाई, मच्छरों व कीट-मकौड़ों से बचाव हेतु सघन फॉगिंग तथा धूल वाले इलाकों में स्थायी रूप से पानी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी नगर निकायों को नगर क्षेत्र के प्रमुख चौकों को "विकास चौक" के रूप में विकसित कर शहर की विशेषताओं, धार्मिक स्थलों एवं संसाधनों को प्रदर्शित करने की योजना बनाने को कहा।

# बंद घर को बेखौफ चोरों ने बनाया अपना निशाना

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा में बेखौफ चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाया है। 1.30 लाख कैश समेत सोने-चांदी के गहने ले उड़े। घटना नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा हाउसिंग रामनगर मोहल्ले की है। पीड़ित गृहस्वामी नवीन कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पूरे परिवार के साथ घर में ताला बंद कर नाला रोड स्थित अपनी मौसी के घर गए हुए थे। वापस लौटा तो ताला टूटा हुआ मिला। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। कमरों में सामान पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़ा था। चोरों ने गोदरेज, अलमारी और बक्से को तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। मां और पत्नी के गहने की चोरी हुई है इसके अलावा घर में रखे करीब 1.30 लाख कैश भी ले उड़े।

**पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग**: सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से इस इलाके में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है, जिससे असुरक्षा की भावना गहराती जा रही है। रात्रि गश्ती बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की जा रही है।



♦ 1.30 लाख कैश पर किया हाथ साफ, सोने-चांदी के गहने समेत कीमती सामान भी ले उड़

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस**: जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। नवादा थानाध्यक्ष बिपिन बिहारी का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर लिया जाएगा

## श्रम अधिकार दिवस पर लोगों को योजनाओं की दी जानकारी




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। शुक्रवार को श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में श्रम अधिकार दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम साहिला एवं अपर समाहर्त्ता अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक, प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी, सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मजदूर यूनियन के प्रतिनिधि तथा जिले की 136 पंचायतों से एक-एक चयनित श्रमिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों की भागीदारी ने आयोजन को सार्थक बनाया। कार्यक्रम के दौरान श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने श्रमिकों को असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा, दुर्घटना सहायता, मातृत्व लाभ तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी साझा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों से अपील की कि वे अपने-अपने पंचायतों में लौटकर अन्य मजदूरों को योजनाओं के बारे में जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक सरकार की सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# घरेलू विवाद में बुजुर्ग मां पर हमला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

♦ बेटे ने चाकू से मारकर किया घायल, पड़ोसियों ने पहुंचाया अस्पताल, आरोपी मौके से फरार

**आरा**। आरा में घरेलू विवाद में बेटे ने मां पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हो गईं। पड़ोसियों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की पहचान कामता राम की पत्नी कुंती देवी(62) के तौर पर हुई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन अंबेडकर कॉलोनी की है। पीड़िता ने बताया कि मेरे पति रिक्शा चलाते हैं। किसी तरह से हमदोनों जीवन यापन करते हैं। बेटा जितेंद्र उर्फ चुन्नू राम अक्सर नशे की हालत में हमारे साथ मारपीट करता है। पहले भी कई बार प्रताड़ित कर चुका है। गुरुवार देर रात शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था। कुछ देर बाद शांत हो गया। शुक्रवार की शाम चापाकल पर पानी लेने गई थी, वो फिर गाली देने लगा। विरोध करने पर कहने लगा कि वो अपने पति की कमाई खुद खर्च कर लेती है और उसे कुछ नहीं मिलता। इस पर मैंने कहा कि बुढ़ापे में उनके पिता मेहनत कर रहे हैं, जबकि बेटे को उनका सहारा बनना चाहिए। इसी बात पर वह उग्र हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

**आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी**: कुंता देवी ने आगे कहा कि मेरी बात से बेटा नाराज हो गया। अपनी पत्नी के साथ मिलकर मुझे मारने लगा। धारदार चाकू से हाथ पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। इसके बाद मुझे अस्पताल पहुंचाया। बेटे पर मारपीट और चाकू से हमला करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# फायरिंग और मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर के के नारायणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फायरिंग और मारपीट मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान अमरेंद्र कुमार सिंह के तौर पर हुई है। वारदात में इस्तेमाल कट्टा भी बरामद हुआ है। पाटीदार को फंसाने के लिए खुद अपने हाथ में गोली मारी थी। बुधवार की रात चासी गांव में नाली के पानी बहाने को लेकर 2 गुटों के बीच विवाद हुआ था। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प का रूप ले लिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और फायरिंग भी की गई, जिसमें दो लोग जख्मी हो गए थे।

**पानी बहाने को लेकर हुआ था विवाद**: गिरफ्तार आरोपित की पहचान नारायणपुर थाना क्षेत्र के चासी गांव निवासी पुलिस सिंह के पुत्र अमरेंद्र कुमार सिंह के रूप में की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि बुधवार की रात नाली में पानी बहाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई और फायरिंग भी की गई, जिसमें दो लोग जख्मी हो गए थे।



**खुद अपने हाथ में मारी थी गोली**: अमरेंद्र कुमार सिंह के बाएं हाथ में गोली लगी थी, जबकि दूसरे पक्ष के उपेंद्र सिंह के पुत्र सोनू कुमार मारपीट में घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू की। नारायणपुर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के दौरान अमरेंद्र कुमार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें अपने बाएं हाथ में खुद गोली मारकर जख्मी होने की बात स्वीकार की।

♦ पाटीदार को फंसाने के लिए खुद अपने हाथ में मारी थी गोली, देसी कट्टा बरामद


**आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज**: जख्मी सोनू कुमार के बयान पर अमरेंद्र कुमार सिंह, उसके पिता पुलिस सिंह समेत पांच लोगों को नामजद और आठ-दस अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दूसरी ओर थाना में पदस्थापित एसआई कन्हैया कुमार के बयान पर अमरेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ स्वयं को गोली मारने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# शादी से पहले युवती का शव मिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बक्सर में शादी से दो महीने पहले युवती का शव बोरे में मिला है। घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच युवती घर से लापता हो गई। पांच दिन बाद उसका शव स्कूल के पास ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना डुमरांव अनुमंडल के चक्की थाना क्षेत्र के चुन्नी डेरा, चक्की गांव की है। मृतका की पहचान बालेश्वर यादव की 18 वर्षीय पुत्री सुनीता कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि युवती का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बात को लेकर परिजन नाराज बताए जा रहे हैं। एसपी शुभम आर्य ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिलते ही एफएसएल टीम को मौके पर भेजा गया। प्रथम दृष्टया शव करीब पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

**स्कूल के पीछे बोरा, दुर्गंध से खुला राज**: ग्रामीणों के मुताबिक, गांव के सरकारी विद्यालय के पीछे एक गड्ढे में बोरे से दुर्गंध उठ रही थी। शिक्षकों को शक हुआ तो पास जाकर देखा। बोरा बाहर निकालते समय फट गया और अंदर से युवती का शव दिखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर डुमरांव एसडीपीओ, स्थानीय थाना पुलिस और एफएसएल टीम पहुंची। घटनास्थल को सील कर साक्ष्य जुटाए गए और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



**4 अप्रैल को तिलक था**: मृतका की मां ने बताया कि सुनीता की शादी तय हो चुकी थी। 4 अप्रैल को तिलक की रस्म होनी थी और अगले महीने विवाह प्रस्तावित था। घर में तैयारियां चल रही थीं और माहौल खुशियों भरा था। लेकिन अचानक लापता होने और फिर बोरे में शव मिलने की घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। मां ने कहा कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं है। इधर, ग्रामीणों में चर्चा है कि सुनीता का एक युवक से प्रेम संबंध था और इसे लेकर नाराजगी की बात भी सामने आ रही है। कुछ स्थानीय लोग ऑनर किलिंग की आशंका जता रहे हैं, लेकिन फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**दूध का कारोबार, आसनसोल में पिता**: मृतका सुनीता कुमारी के पिता बालेश्वर यादव पेशे से दूध व्यवसायी हैं और आसनसोल में खटाल चलाते हैं। वे करीब 15 दिन पहले काम पर लौट गए थे। घटना की सूचना उन्हें फोन पर दी गई। परिवार के मुताबिक, 16 फरवरी की शाम सुनीता घर से चीनी लाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन फिर वापस नहीं लौटी। कई दिनों तक परिजन अपने स्तर पर खोजबीन करते रहे। जब कोई सुराग नहीं मिला तो एक दिन पहले चक्की थाना में मौखिक शिकायत दर्ज कराई गई। इसी बीच शनिवार दोपहर प्राथमिक विद्यालय चक्की के पास बोरे में शव मिलने की सूचना ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। मौके पर बुलाए गए परिजनों ने शव की पहचान सुनीता के रूप में की।

♦ स्कूल के पास बोरे में फेंका था, दो महीने बाद तिलक कार्यक्रम, ग्रामीण बोले- गांव में ही प्रेम-प्रसंग था

**युवती के कमरे को भी खंगाला जा रहा**: एसपी शुभम आर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव करीब पांच दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। वहीं डुमरांव डीएसपी पोलस्त कुमार ने कहा कि विभिन्न बिंदुओं पर जांच जारी है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है और युवती के कमरे को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने का आह्वान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। सम्पूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ माता को राष्ट्र स्तरीय सम्मान दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत मध्य प्रदेश से संतों की एक टोली शुक्रवार को गंगा धाम कम्हरिया पहुंची। यहां गंगापुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के आश्रम में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संत, श्रद्धालु और गौ भक्त उपस्थित रहे।

**दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती**: कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गंगा पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने वर्ष 2027 तक गाय को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, आस्था और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की आधारशिला रही है, इसलिए इसे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित दर्जा मिलना चाहिए। स्वामी जी ने देश के हिंदू धर्म से जुड़े प्रत्येक परिवार से अपने घर या दरवाजे पर कम से कम एक गाय रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल गौ संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि जैविक खेती, दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने केंद्र सरकार से कठोर कानून की मांग की। कार्यक्रम के दौरान संतों ने केंद्र सरकार से गौ हत्या के खिलाफ कठोर कानून बनाने और पूरे भारतवर्ष में इसे पूर्णतः बंद कराने की मांग उठाई। इस दिशा में साधु-संतों एवं गौ भक्तों द्वारा आगे की रणनीति तय किए जाने की बात कही गई। संतों ने सभी गौ भक्तों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। संतों की ओर से 27 अप्रैल और 27 जुलाई को 'गौ सम्मान दिवस' मनाने की घोषणा की गई। उपरोक्त तिथियों पर अपने-अपने जिला मुख्यालय पहुंचकर संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को प्रार्थना-पत्र समर्पित करने का आह्वान किया गया, ताकि गौ संरक्षण संबंधी मांगों को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प और गौ माता के जयघोष के साथ हुआ। उपस्थित संतों और श्रद्धालुओं ने गौ संरक्षण के लिए संगठित होकर राष्ट्रव्यापी जनजागरण अभियान को गति देने का संकल्प लिया।



# पुलिस केवल एक नौकरी नहीं, सेवा का संकल्प

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बक्सर सदर के विधायक और पूर्व आईपीएस अधिकारी आनंद मिश्रा ने गृह विभाग के बजट पर चर्चा में भाग लिया। उन्होंने अपने वक्तव्य में बिहार पुलिस की कार्यशैली, कानून-व्यवस्था की मजबूती और आधुनिक पुलिसिंग की सराहना की। मिश्र ने कहा, "पुलिस केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है।" उन्होंने विधानसभा में कहा कि सशक्त और संवेदनशील पुलिस ही जनता के विश्वास की सबसे बड़ी गारंटी होती है। आनंद मिश्रा ने बिहार पुलिस की विषम परिस्थितियों में भी सूझबूझ से काम करने की क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने पुलिस बल को सकारात्मक समर्थन, पर्याप्त संसाधन और आधुनिक तकनीक उपलब्ध कराने की आवश्यकता बताई, ताकि वे जनहित में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें।



♦ बक्सर के विधायक आनंद मिश्रा विधानसभा में बोले, जंगलराज पर भी साधा निशाना

**आनंद मिश्रा ने विपक्ष पर भी निशाना साधा**: अपने वक्तव्य के दौरान आनंद मिश्रा ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गलत राजनीतिक हस्तक्षेप और प्रशासनिक शिथिलता ने ही उस दौर को जन्म दिया, जिसे "जंगलराज" के नाम से जाना जाता है। उन्होंने संकेत देते हुए कहा कि अब समय बदल गया है और पुलिस को परिवर्तन का साझेदार बनाना होगा। मिश्रा ने इस बात पर जोर दिया कि एक मजबूत पुलिस का अर्थ दमनकारी व्यवस्था नहीं है, बल्कि ऐसी पुलिस है जो नागरिकों की संरक्षक हो और भय का कारण न बने। उन्होंने कहा कि पुलिस का कार्य जिम्मेदारी के साथ कानून का पालन कराना है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब अवैध ताकतें कानून को चुनौती दें, तो पुलिस को अपने वैध अधिकारों का प्रयोग करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, "पुलिस कभी कमजोर नहीं दिखनी चाहिए, क्योंकि वही सरकार की प्रतीक होती है।"

**परिवारों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की भी मांग की**: आनंद मिश्रा ने पुलिसकर्मियों के परिवारों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की भी मांग की और सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया। अंत में, उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और गृहमंत्री सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से बदलाव की ओर बढ़ रहा है और इसमें पुलिस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### दरधा नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**मसौढ़ी**। थाना क्षेत्र के बदरी बिगहा गांव के समीप दरधा नदी के किनारे गड्ढे में डूबने से एक वृद्ध की मौत हो गयी.मृतक की पहचान स्वर्गीय कामेश्वर यादव के 60वर्षीय पुत्र योगेश्वर यादव के रूप में की गई है.घटना की जानकारी होने पर मसौढ़ी थाने की पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त वृद्ध अपने घर से शौच के लिए निकला था.घर में शौचालय नहीं होने के कारण वह प्रतिदिन शौच के लिए नदी किनारे जाया करता था.शनिवार को भी वह शौच के लिए नदी में गया था. शौच के बाद जैसे ही वह हाथ धोने के लिए नदी में गया नदी के किनारे बने गड्ढे में वह डूब गया.परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो परिजनों ने उसे गड्ढे से निकाला और उसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को दी गयी.पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेजा, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

### खेसारी बोले, मैथिली ठाकुर को ज्ञान-अनुभव की कमी, शब्दों का चयन सोच-समझकर करना चाहिए

**पटना**। भोजपुरी इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता-गायक खेसारी लाल यादव ने गायिका मैथिली ठाकुर की ओर से लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव को 'दुर्योधन' और 'धृतराष्ट्र' कहे जाने के पर तीखी टिप्पणी की है। खेसारी ने कहा कि कम उम्र में यदि बड़ी उपलब्धि मिल जाती है तो कई बार व्यक्ति संतुलन खो देता है। ज्ञान-अनुभव की कमी में लोग ऐसे शब्दों का प्रयोग कर बैठते हैं। राजनीति में आने का मतलब यह नहीं है कि इंसानियत खत्म हो जाए। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में शालीनता और मर्यादा बेहद जरूरी है। तेजस्वी बड़े भाई के समान हैं और लालू जी पिता समान। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल उचित नहीं है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी कलाकार पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं करना चाहते। मैं कलाकार हूं, इसलिए मैं ज्यादा कुछ नहीं कहूंगा, लेकिन भाषा का चयन सोच-समझकर होना चाहिए। भोजपुरी गायक और भाजपा नेता मनोज तिवारी की ओर से हाल ही में निकाले गए एक एल्बम में खेसारी पर तंज कसने की चर्चा भी तेज है। इस पर उन्होंने कहा कि वह जहां हैं, उनके लिए बेहतर है और मैं जहां हूं, मेरे लिए बेहतर है। उनका मेरे साथ व्यक्तिगत रिश्ता है। मैं उन्हें बड़े भाई के तौर पर सम्मान देता हूं और जीवन भर देता रहूंगा। खेसारी ने कहा कि राजनेता अक्सर राजनीतिक भाषा का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन दुनिया भर की बातें और इधर-उधर की चर्चा से बिहार का भला नहीं हो सकता। भोजपुरी अभिनेत्री काजल राघवानी ने हाल ही में कहा था कि वह फिर से खेसारी के साथ काम करना चाहती हूं। इस पर खेसारी ने कहा कि उनकी अपनी विचारधारा हो सकती है। मैं इतना बड़ा नहीं हूं कि किसी कलाकार को मना कर दूं। अगर अच्छा काम होगा तो जरूर साथ काम करेंगे।

### सोशल मीडिया पर वायरल पटना जू का कुपोषित व्हाइट टाइगर लोगों का फूटा गुस्सा

**पटना**। इन दिनों सोशल मीडिया में व्हाइट टाइगर का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो काफी कमजोर दिख रहा है। उसकी हड्डियां निकल आई हैं। जिसने यह वीडियो बनाया है, वह आरोप लगा रहा है कि पटना जू प्रशासन द्वारा सही तरीके से व्हाइट टाइगर को खाना नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते उसकी ऐसी हालत हुई है। इस वीडियो को लेकर यह दावा किया जा रहा है कि यह पटना जू का है। सफेद बाघ की हालत ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो पर लोगों ने प्रशासन से तत्काल वेटरनरी जांच और बेहतर देखभाल की मांग की है। दूसरी ओर पटना जू प्रशासन का कहना है कि यह वायरल वीडियो पटना जू का है या नहीं इसकी जांच करवाई जा रही है। हम लोग अपने सभी जानवरों का खास तौर पर देखभाल करते हैं। उनकी समय-समय पर मेडिकल जांच भी होती है। बाघों को नियमित तौर पर खाना दिया जाता है। अभी पटना जू में 7 बाघ हैं, जिसमें 4 मेल और 3 फीमेल है। सभी को महिष मांस दिया जाता है। वहीं, इस वायरल वीडियो से अगर व्हाइट टाइगर के तबीयत खराब होने की अफवाह उड़ रही है तो हम उसकी जांच जरूर करवाएंगे। ठंड को देखते हुए बाघ के आहार में भी परिवर्तन लाया गया है। बाघ सिर्फ एक बार ही शाम 4 बजे खाना खाते हैं। ठंड के समय सभी बाघों को मिलाकर करीब 70 किलो मांस खाने में दिया जा रहा है, जो आम दिनों में 50 किलो ही रहता है। नाइट हाउस में बाघ के बैठने के लिए लकड़ी के प्लेटफार्म बनाए गए हैं, ताकि वह ठंडे फर्श पर ना बैठे। बाघ के बाड़े में खासकर हीटर लगाया गया है। दिन के समय ये धूप में आराम करते हैं, लेकिन रात की ठंड में इनका सहारा हीटर बन रहे हैं। शरीर को गर्म रखने के लिए अंडा भी दिया जाता है।

### पटना के खेतान मार्केट से कारोबारी लापता, रुपए का तगादा करने गया था बाजार

**पटना**। पटना के पीरबहोर इलाके में खेतान मार्केट के पास से एक 28 वर्षीय कारोबारी आदित्य लापता हो गया है। इस संबंध में उसके पिता संजय कुमार ने पिरबहोर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के मुताबिक, उनका बेटा आदित्य कुमार गुरुवार शाम करीब 5 बजे खेतान सुपर मार्केट स्थित अपनी दुकान से रुपए का तगादा करने निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की शाम 7:00 बजे जब आदित्य के मोबाइल पर कॉल करने पर फोन बंद मिला। पिता के मुताबिक, शाम करीब 6:30 बजे राजधानी मार्केट के एक दुकानदार से बात हुई थी, जिसने बताया कि आदित्य वहां से निकल चुका है। इसके बाद से उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया। मिसिंग का केस दर्ज, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस पिरबहोर के थानेदार सज्जाद गद्दी ने बताया कि, आवेदन के आधार पर मिसिंग का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल युवक को ट्रेस किया जा रहा है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। टेक्निकल इनपुट की मदद से खोजबीन की जा रही है। करोबारी की फैमिली कदमकुआं नवल किशोर रोड में रहती है। खेतान सुपर मार्केट की चौथी फ्लोर पर जय शीला क्रिएशन नाम से उनकी दुकान है। इसी दुकान से शाम के वक्त आदित्य पास के राजधानी मार्केट में गया था। खबर लिखे जाने तक आदित्य के बारे में कोई ठोस जानकारी पुलिस को नहीं मिल पाई थी। खोजबीन के लिए सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल इनपुट का सहारा लिया जा रहा है।

### 22 से 4 मार्च तक चलेगा फाल्गुन महोत्सव, 10 हजार से अधिक श्रद्धालु शोभायात्रा में होंगे शामिल

**पटना**। पटना में श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री श्याम सेवा ट्रस्ट न्यू बहादुरपुर की ओर से यह फाल्गुन महोत्सव का लगातार 30वां साल है। इसकी शुरुआत 22 फरवरी को ध्वजा निशान शोभायात्रा से होगी। इसमें देशी-विदेशी फूलों से सुसज्जित श्याम बाबा के रथ के साथ देश के अलग-अलग राज्यों से आई झांकी कलाकारों, भजन गायकों के साथ हाथों में बाबा का निशान लेकर हजारों श्याम भक्त शोभायात्रा निकालेंगे। इसमें सबसे आगे माथे पर जलती हुई सिगड़ी लेकर शामिल 51 महिलाएं आकर्षण का केंद्र होंगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद थिरानी ने बताया कि यह शोभायात्रा दिन के 10 बजे बुद्धमार्ग स्थित श्री सत्यनारायण सेवा ट्रस्ट से निकलकर कोतवाली, डाकबंगला चौराहा, एग्जीबिशन रोड, पीरमुहानी, नाला रोड होते हुए न्यू बहादुरपुर स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचकर संपन्न होगा। शोभायात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे। इसके बाद 26 फरवरी गुरुवार को श्याम मंदिर में अखंड पाठ, 27 फरवरी शुक्रवार को अखंड ज्योति, बाबा का भव्य श्रृंगार और रात्रि जागरण होगा। जबकि 28 फरवरी शनिवार को द्वादशी ज्योति और भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। 28 फरवरी को ही दिन में न्यू बहादुरपुर स्थित श्याम मंदिर परिसर के सामने स्थित श्री श्याम भवन में रक्तदान शिविर होगा। मां वैष्णो देवी सेवा समिति और मां ब्लड सेंटर के सहयोग से आयोजित इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोग रक्तदान करेंगे। इसके बाद बुधवार 4 मार्च की शाम 4 बजे से रंगारंग होली मिलन के साथ चटपटी संध्या का भी आयोजन होगा। इस मौके पर समाज के लोग जुटकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देंगे।

# भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर जताया विरोध

## अरवल मोड़ पर नारेबाजी, कांग्रेस के रवैये को बताया देशहित के खिलाफ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**जहानाबाद**। शहर के अरवल मोड़ पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता Rahul Gandhi का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गौरव कुमार ने किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष गौरव कुमार ने कहा कि एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं का व्यवहार निंदनीय रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री Narendra Modi वैश्विक मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, तब कांग्रेस देश की छवि को नुकसान पहुंचाने में लगी है।

गौरव कुमार ने कहा कि ऐसे समय में जब देश एकजुट होकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर रहा है, विपक्षी दलों का यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का आचरण लंबे समय से जनभावनाओं के विपरीत रहा है, जिसके कारण जनता ने उसे सत्ता से दूर रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले कई वर्षों में कांग्रेस राज्य और केंद्र की राजनीति में अपनी स्थिति मजबूत नहीं कर पाई है। यदि पार्टी का यही रवैया जारी रहा तो भविष्य में भी उसे व्यापक जनसमर्थन नहीं मिल पाएगा। प्रदर्शन के दौरान युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व से आत्ममंथन करने की मांग की। उनका कहना था कि राजनीतिक मतभेद अलग विषय हैं, लेकिन देश की प्रतिष्ठा सर्वोपरि होनी चाहिए। पुतला दहन के बाद कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्वक कार्यक्रम समाप्त किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा युवा मोर्चा ने स्पष्ट संदेश दिया कि देश की गरिमा से जुड़े मुद्दों पर किसी प्रकार की राजनीति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## महागठबंधन राज्यसभा चुनाव में नहीं उतारेगा उम्मीदवार- उपेंद्र कुशवाहा

एजेंसी, पटना



बिहार की पांच राज्यसभा सीटों पर चुनाव की प्रक्रिया को लेकर सियासी हलचल बढ़ी हुई है। इसी बीच राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने कहा है कि, 'राज्यसभा की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत निश्चित है।' उन्होंने यह भी संकेत दिया कि 'महागठबंधन की ओर से शायद कोई उम्मीदवार ही नहीं उतारा जाएगा।'

**महागठबंधन के विधायक संपर्क में- उपेंद्र कुशवाहा:** उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि, 'महागठबंधन के कई विधायक एनडीए के संपर्क में हैं।' उनके मुताबिक, विपक्ष की स्थिति ऐसी है कि वे चुनाव मैदान में उम्मीदवार उतारकर अपनी इज्जत दांव पर नहीं लगाना चाहेंगे। मुझे तो लगता है कि महागठबंधन अपनी इज्जत बचाने के लिए उम्मीदवार ही नहीं उतारेगा।'

**राज्यसभा और एमएलसी को लेकर भी बोले उपेंद्र कुशवाहा:** खुद को राज्यसभा भेजे जाने के सवाल पर कुशवाहा ने साफ किया कि, 'मुझे विधानसभा चुनाव से पहले एक एमएलसी और राज्यसभा की सीट देने की बात कही गई थी, लेकिन अंतिम निर्णय एनडीए के शीर्ष नेता ही करेंगे।'

पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान दो विधायक माधव आनंद और रामेश्वर महतो की गैरमौजूदगी पर भी सवाल उठे। इसको लेकर कुशवाहा सवाल से बचते नजर आए और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि उनकी पार्टी पूरे बिहार में सदस्यता अभियान चला रही है। उन्होंने बताया कि 'संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर काम हो रहा है। पूरे बिहार में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। संगठन को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है।'

## पटना में बगीचे से अज्ञात युवक का शव मिला

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढना गांव के पास एक बगीचे में शनिवार सुबह अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। सूचना मिलने पर आसपास के गांवों से लोग मौके पर जमा हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**सुबह खेत गए लोगों ने देखा शव, पुलिस को बुलाया:** स्थानीय निवासी अजय कुमार ने बताया कि, वह सुबह करीब साढ़े छह बजे शौच के लिए खेत की ओर गए थे। तभी उनकी नजर जमीन पर बेसुध पड़े एक युवक पर पड़ी। पहले उन्हें लगा कि युवक नशे में सो रहा होगा, लेकिन पास जाकर देखने पर उसका चेहरा पीला और आंखें सफेद दिखाई दीं। स्थिति को समझने के बाद उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद वह तुरंत घर लौटे और ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। यह खबर गांव में तेजी से फैल गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**अभी नहीं हुई शव की पहचान:** अजय कुमार ने बताया कि बीती रात गांव के पास दो अलग-अलग बारातें आई थीं। आशंका जताई जा रही है कि मृतक उन्हीं बारातों में से किसी एक का सदस्य हो सकता है। हालांकि, अभी तक किसी ने भी शव की पहचान की पुष्टि नहीं की है, और कई गांवों के लोग पहचान का प्रयास कर चुके हैं।

# इंडिया एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 में बिहार मंडप बना आकर्षण का केंद्र

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**देश-विदेश की कंपनियों ने दिखाई गहरी रुचि**




**पटना**। भारत मंडपम में आयोजित India AI Impact Summit and Expo 2026 के दौरान बिहार ने अपनी तकनीकी क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। समिट में स्थापित 'बिहार मंडप' निवेशकों और प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनकर उभरा। राज्य सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नीतियों, मजबूत नवप्रवर्तन उद्यम पारितंत्र और भविष्य की निवेश संभावनाओं को आधुनिक तरीके से प्रस्तुत किया।

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने मंडप का दौरा कर बिहार की तकनीकी पहल की सराहना की। उन्होंने नवप्रवर्तन उद्यम प्रतिनिधियों और प्रौद्योगिकी कंपनियों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार अब पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर तकनीक आधारित व्यवस्था की ओर अग्रसर है। उनके अनुसार कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से जल प्रबंधन, कृषि और शहरी सेवाओं में व्यापक बदलाव संभव है। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि राज्य में पारदर्शी और सुरक्षित निवेश वातावरण उपलब्ध है।

सम्मेलन के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों ने बिहार में कृषि-प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य-प्रौद्योगिकी और स्मार्ट जल प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में परियोजनाएं स्थापित करने की इच्छा जताई। Tiger Analytics के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार ने बिहार में स्थापित उत्कृष्टता केंद्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी राज्य सरकार के साथ मिलकर युवाओं को वैश्विक स्तर की कृत्रिम बुद्धिमत्ता कौशल प्रदान करने के लिए साझेदारी करना चाहती है। इससे राज्य के युवाओं के लिए नए अवसर खुल सकते हैं।

प्रशासनिक स्तर पर भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग के सचिव अजय यादव ने बताया कि प्रशासनिक प्रक्रियाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता को शामिल कर पारदर्शिता और कार्यकुशलता बढ़ाने की योजना है। ऊर्जा विभाग के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नई तकनीक में निवेश से विकास की रफ्तार तेज होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सम्मेलन में बिहार की सक्रिय भागीदारी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि राज्य तकनीक और नवाचार के माध्यम से अपनी आर्थिक संरचना को सशक्त बनाने की दिशा में गंभीर है। बिहार मंडप की सफलता ने यह संदेश दिया कि आने वाले वर्षों में राज्य देश के प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान बना सकता है।

## चिकित्सा सेवा और शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मान:

# दयाल दंपति के नाम पर पीएमसीएच में पीजी टॉपर्स को मिलेंगे स्वर्ण पदक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता





**पटना**। पीएमसीएच में चिकित्सा सेवा और शैक्षणिक उत्कृष्टता की गौरवशाली परंपरा को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। संस्थान ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शंकरेश्वर दयाल (एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर) और डॉ. रीता दयाल (प्रसूति एवं स्त्री रोग) की स्मृति में दो प्रतिष्ठित स्वर्ण पदकों की स्थापना की घोषणा की है। ये पुरस्कार प्रत्येक वर्ष स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को प्रदान किए जाएंगे। पीएमसीएच एल्युमिनी एसोसिएशन के सचिव डॉ. दिनेश कुमार ने पत्र के माध्यम से यह जानकारी उनके पुत्र निशांत दयाल को दी। उन्होंने बताया कि यह सम्मान 25 फरवरी 2026 को संस्थान के स्थापना दिवस से प्रारंभ होगा। इसके अंतर्गत एनेस्थीसिया विषय के पीजी टॉपर को डॉ. शंकरेश्वर दयाल स्वर्ण पदक तथा प्रसूति एवं स्त्री रोग विषय के पीजी टॉपर को डॉ. रीता दयाल स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा।

इन पुरस्कारों को उत्कृष्टता, समर्पण और मानवीय चिकित्सा सेवा का प्रतीक माना जा रहा है। दयाल दंपति ने तीन दशकों से अधिक समय तक पीएमसीएच में सेवा देते हुए चिकित्सा शिक्षा और मरीजों की देखभाल— दोनों क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया। वे अपनी संवेदनशीलता, ईमानदारी और पेशे के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। इस सम्मान का एक ऐतिहासिक पक्ष भी है। डॉ. शंकरेश्वर दयाल के पिता डॉ. रामेश्वर दयाल पटना के प्रथम सिविल सर्जन थे, जिन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा की मजबूत नींव रखी। डॉ. शंकरेश्वर दयाल का निधन वर्ष 2003 में तथा डॉ. रीता दयाल का 2017 में हुआ। उनकी विरासत को उनके पुत्र निशांत दयाल आगे बढ़ा रहे हैं, जो पिछले दो दशकों से 'डॉ. दयाल फाउंडेशन' के माध्यम से बच्चों के हृदय ऑपरेशन, विधवाओं को सिलाई मशीन वितरण, अनाथालय सहायता तथा युवा खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराने जैसे अनेक मानवीय कार्य कर रहे हैं। साथ ही वे 25 सालों से क्रिकेट की प्रतिभा को निखारने के मकसद से कार्य कर रहे हैं, जिसके एम्बेसडर सनथ जयसूर्या सरीखे खिलाड़ी रहे। निशांत दयाल ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके माता-पिता के नाम पर प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया जाना उनके जीवनभर के समर्पण की सच्ची पहचान है। उन्होंने पीएमसीएच पूर्व छात्र संघ और बिहार सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नीट छात्रा मौत केस-सीबीआई ने मामी से की पूछताछ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के NEET छात्रा रेप–मौत मामले में छात्रा की मामी से CBI ने पूछताछ की है। इस दौरान मामी ने जांच एजेंसी को कई अहम जानकारियां दीं। मामी ने CBI से कहा कि प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल में लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली जाए, क्योंकि वहां से महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि जब बच्ची जिंदगी और मौत से जूझ रही थी, तब हॉस्टल की संचालिका नीलू अग्रवाल ने पैसे का ऑफर दिया था। मामी के मुताबिक, मौके पर मौजूद एक महिला सिपाही ने नील अग्रवाल को थप्पड़ भी मारा था।

**संचालिका पर पैसे देकर सेटल करने की कोशिश का आरोप:** छात्रा मामी ने CBI को बताया, 'जब उनकी भांजी की सांसे चल रही थी, उसी दौरान हॉस्टल संचालिका हॉस्पिटल नीलू अग्रवाल प्रभात मेमोरियल अस्पताल आई थी। उसने छात्रा की मां के सिर पर हाथ फेरा। सिर को सहलाते हुए कहा- 'आपकी बेटी को तो हम बचा नहीं पाए, जो पैसा लेना है ले लीजिए।' जांच टीम के सामने उन्होंने सवाल उठाया, 'जब हमारी भांजी की सांसे उस वक्त चल रही थी तो ऐसी बातें क्यों की? रुपयों का ऑफर परिवार को क्यों दिया? ये बातें पटना पुलिस की SIT को भी बताई गई थी, लेकिन SIT ने नीलम अग्रवाल से पूछताछ नहीं की। उसी दौरान वहां मौजूद एक महिला सिपाही ने नीलू को थप्पड़ भी मारा था। ये सब हॉस्पिटल के कैमरे में कैद हुआ है। इसलिए वहां के फुटेज की जांच होनी चाहिए।'

**गयाजी में छात्रा की मामी से की पूछताछ:** इस मामले की जांच करते हुए CBI की टीम गुरुवार को गयाजी गई और मामी से पूछताछ की थी। क्योंकि, जब छात्रा का प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था, तब मामी उस दरम्यान वहां मौजूद थीं। SIT के कार्रवाई के बारे में मामी ने जांच एजेंसी को बताया कि हॉस्टल संचालिका से उन लोगों ने सख्ती से पूछताछ की ही नहीं। उल्टा चित्रगुप्त नगर थाना ले जाकर बांड भरवाकर उसे छोड़ दिया।

**परिवार ने खुद के पैसों से लगवाए कैमरे:** छात्रा के परिवार को दो बार धमकी मिल चुकी है। दोनों बार घर में धमकी भरा लेटर फेंका गया है। इसके बाद से परिवार के सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे थे। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, घर में CCTV कैमरा लगाने की बात हुई। इसके लिए सरकारी स्तर पर कोई मदद नहीं मिली। परिवार ने खुद से 4 CCTV खरीदा है और उसे अलग-अलग एंगल से इंस्टॉल करवाया है। सुरक्षा के नाम पर पुलिस की तरफ से 3 चौकीदार को लगाया गया है। इसमें एक की दिन में तो बाकी दो की ड्यूटी रात में होती है।

सूत्रों के अनुसार छात्रा के हुए इलाज का CBI की टीम क्रॉस वेरिफिकेशन कर रही है। वो इस बात की जांच कर रही है कि छात्रा को इलाज के लिए जिन-जिन हॉस्पिटल में ले जाया गया था, क्या उन जगहों पर इलाज सही हुए थे? क्या छात्रा की जिंदगी बचाई जा सकती थी? इसके साथ ही परिवार जिस तरह से प्रभात मेमोरियल हॉस्पिटल पर इलाज में जानबूझकर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहा है, वो कितना सही है? वहां दिए गए इंजेक्शन और दूसरी दवाइयां सही थीं? इसकी पड़ताल की जा रही है।

## बाढ़ में तेज रफ्तार बाइक पोल से टकराई, नहीं बची जान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। पटना के बाढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में इंटर के छात्र की मौत हो गई। यह घटना सविता सिनेमा हॉल के पास एनएच-31 पर हुई। मृतक की पहचान मलाही गांव का निवासी आनंद कुमार के तौर पर हुई है। वह शादी समारोह से बाइक के जरिए घर लौट रहा था।

**सड़क किनारे गिरी हुई थी और युवक बेहोश पड़ा था:** सौरव कुमार ने बताया कि, हादसा रात करीब दो बजे हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि बाइक सड़क किनारे गिरी हुई थी और युवक बेहोश पड़ा था। इसके बाद गंभीर रूप से घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, आनंद लगभग रात 11:30 बजे घर से बारात के लिए निकला था। घटना के सटीक कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका है कि उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई।

## लक्ष्य पूरा करें, फिर होगी ग्रेड पे पर बात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। बिहार सरकार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भूमि राजस्व विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल और उनकी प्रमुख मांग ग्रेड पे बढ़ाने को लेकर सरकार का रुख साफ कर दिया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों के साथ कल शाम बैठक हुई, जिसमें मांगों पर चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग को 31 मार्च तक जो लक्ष्य दिया गया है, उसे पहले पूरा किया जाए। विशेष रूप से 'परिमार्जन' (दाखिल-खारिज और भूमि अभिलेख सुधार) के लंबित मामलों को समय पर निपटाने पर जोर देते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कर्मचारी निर्धारित लक्ष्य समय से पूरा करते हैं, तो सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करेगी। विजय सिन्हा ने कहा कि जो अंचलाधिकारी बेहतर कार्य करेंगे, उन्हें नियमानुसार डीसीएलआर (DCLR) पद पर पदोन्नति दी जाएगी। सभी डीसीएलआर के साथ बैठक कर लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया है। डीसीएलआर कोर्ट में आवश्यक सभी सुविधाएं सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके।

भूमि से जुड़े फर्जी प्रमाणपत्र और दस्तावेजों के मामलों में सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सुपौल सदर के सीओ प्रिंस राज को बर्खास्त कर दिया गया है, जिस पर कैबिनेट की भी मुहर लग चुकी है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि फर्जी दस्तावेजों से संबंधित शिकायतों की तेजी से जांच की जाएगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। भूमि राजस्व विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित मामलों को तय समय सीमा के भीतर समाप्त करें और फाइलें अपने पास लंबित न रखें। उन्होंने बताया कि सभी डीसीएलआर कोर्ट को आधारभूत सुविधाओं के लिए 50-50 हजार रुपये उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि न्यायिक कार्य में कोई बाधा न आए।

भूमि राजस्व विभाग ने पारदर्शिता बढ़ाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। पटना में इसके लिए एक कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम तैयार किया गया है, जहां से सभी सीओ कार्यालयों की निगरानी की जाएगी। साथ ही, अंचल कार्यालयों में जन सुनवाई के दौरान आने वाले लोगों के बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि आम जनता को सुविधा मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

## होली के अवसर पर एक मार्च को होगा हास्य कवि सम्मेलन



**रांची ।** कवि सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से होली के अवसर पर एक मार्च को मारवाड़ी भवन में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। समिति के संयोजक पवन शर्मा ने शनिवार को बताया कि कवि सम्मेलन का आयोजन मारवाड़ी भवन परिसर में होगा। समिति के प्रवक्ता सह कोषाध्यक्ष मनोज बजाज ने बताया कि कवियों में दिल्ली के सुनील जोगी, राजस्थान के ख्याली शरण, कोटा के डॉ. आदित्य जैन, यूपी के डॉ. विष्णु सक्सेना, नागपुर की श्रद्धा शौर्य, प्रतापगढ़ के पार्थ नवीन शामिल है।

## कंप्यूटर सेंटर का स्थापना दिवस मनाया गया



**खूंटी ।** तोरपा रोड के खूंटी टोली स्थित जेआईआईटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर का 17 वां स्थापना दिवस शनिवार को संस्थान में धूमधाम से मनाया गया। सेंटर संचालक बिरेन्द्र नाग ने बताया कि इस 17 वर्षों की उपलब्धि में सभी सम्मानित शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से बहुत सहयोग मिला। आज का युग डिजिटल युग है, जहां कंप्यूटर ज्ञान हर क्षेत्र में आवश्यक बन चुका है। हमारे संस्थान ने हमें न केवल तकनीकी शिक्षा दी है, बल्कि आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी है। सभी के सहयोग से अबतक लगभग 8000 विद्यार्थियों को कम्प्यूटर साक्षर बनाया गया एवं अनेकों विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के क्षेत्र में अन्य स्थानों पर रोजगार के लिए भी भेजा गया। संचालक बिरेन्द्र नाग ने बताया कि पढ़ने में इच्छुक अनाथ, असहाय, आर्थिक रुप से कमजोर एवं विकलांग विद्यार्थियों को मुफ्त में कम्प्यूटर कोर्स कराया जाता है। जो विद्यार्थी कमजोर हैं उसको चिन्हित कर फिर से निःशुल्क कम्प्यूटर पढ़ाया जायेगा। डिप्लोमा कोर्स के बाद विद्यार्थियों के लिए और भी अनेक कोर्स हैं जैसे एडीसीए, डीटीपी, कार्यालय कार्य से संबंधित, इन्टरनेट, कार्यालय सहायक कोर्स, हिन्दी-अंग्रेजी टाईपिंग, फोटोशोप, टैली के बारे भी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश स्वांसी, मोनी रानी, रेणु, रोजलिन, पुष्पा सहित अन्य का का सहयोग रहा।

## भाजपा विधायक नीरा यादव ने बजट खर्च और योजनाओं के क्रियान्वयन पर उठाए सवाल



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक नीरा यादव ने झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान तृतीय अनुदान मांगों के कटौती प्रस्ताव पर चर्चा में राज्य सरकार की कार्यप्रणाली और बजट खर्च पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य का बजट लगातार बढ़ रहा है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह राशि किस स्तर पर, कहां और किस प्रकार खर्च की जा रही है, क्योंकि कई योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं देता। नीरा यादव ने कहा कि योजनाओं के नाम पर प्रतिदिन करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन आम लोगों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई क्षेत्रों में नलों में पानी नहीं आ रहा है, नालियां जाम और गंदी पड़ी हैं तथा कई अधूरे कार्यों को कागजों में पूरा दिखा दिया गया है। उन्होंने मंईया सम्मान योजना पर बढ़ते खर्च का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे अन्य विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि कई विकास योजनाओं का शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए बिना कर दिया जाता है, जो लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने भूमि संरक्षण पदाधिकारी हिमांशु कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि स्थानीय विधायक को कार्यक्रम में शामिल करने का कोई निर्देश नहीं होने की बात कही जाती है, जो जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को दर्शाता है। शिक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कई विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने महिला डिग्री इंजीनियरिंग कॉलेज की जर्जर स्थिति और श्यामा मुखर्जी कॉलेज में रिक्त पदों तथा पुस्तकालय संसाधनों की कमी का भी मुद्दा उठाया। नीरा यादव ने सरकार से सभी योजनाओं और संस्थानों की समग्र समीक्षा कर जवाबदेही तय करने की मांग की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के बीच विचारधारात्मक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन राज्यहित सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने सभी विधायकों से विकास और जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बजट सत्र से जनता को अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की उम्मीद रहती है, इसलिए सरकार को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देना चाहिए, ताकि विकास का लाभ वास्तविक रूप से लोगों तक पहुंच सके।

## जुगसलाई मेयर चुनाव में आजसू निष्पक्ष मतदान को लेकर जताया संदेह



**पूर्वी सिंहभूम।** जुगसलाई में प्रस्तावित मेयर चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। शनिवार को आजसू पार्टी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया पर संदेह जताते हुए सवाल खड़ा किया और प्रशासन से निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने की मांग की। पार्टी के प्रवक्ता अप्पू तिवारी ने शनिवार को बयान जारी कर आरोप लगाया कि झामुमो ने हिदायत खान के प्रभाव में आकर माणिक मल्लिक को मेयर पद का प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला सोची-समझी रणनीति के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य रिंकू सिंह की संभावित जीत को प्रभावित करना है। तिवारी ने मल्लिक को हिदायत खान का एजेंट करार देते हुए कहा कि जनता इस तरह की राजनीति को समझ रही है। आजसू का कहना है कि जुगसलाई की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन के मुद्दे पर रिंकू सिंह के साथ खड़ी है। पार्टी नेताओं का दावा है कि क्षेत्र में रिंकू सिंह को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और मतदाता बदलाव के पक्ष में हैं। इसके साथ ही अप्पू तिवारी ने आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में मतदाताओं पर दबाव बनाने और उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। आजसू ने जिला प्रशासन से मांग किया कि संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती की जाए। पार्टी ने जोर देकर कहा कि शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया से ही लोकतंत्र की गरिमा बनी रह सकती है।

# रानी टूटी के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली

**एजेंसी । खूंटी**



खूंटी नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की भाजपा समर्थित उम्मीदवार रानी टूटी के समर्थन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी ने रैली निकाली। रैली का नेतृत्व पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, संयोजक काशीनाथ महतो तथा जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार ने किया। रैली की शुरुआत रानी टूटी के चुनावी कार्यालय से हुई। इसके बाद यह शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों, मोहल्लों और वार्डों से गुजरते हुए पुनः चुनावी कार्यालय पर आकर समाप्त हुई। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और मतदाताओं से रानी टूटी के पक्ष में मतदान की अपील की। रैली में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। बड़ी संख्या में महिलाएं रानी टूटी के चुनाव चिन्ह 'छड़ी' को हाथों में लेकर शामिल हुईं। रैली के दौरान महिलाओं ने कहा कि नगर पंचायत के समुचित विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और स्वच्छ प्रशासन के लिए वे रानी टूटी का समर्थन कर रही हैं। इस अवसर पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि रानी टूटी के नेतृत्व में नगर पंचायत में विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि जनता का समर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिलेगा और खूंटी नगर पंचायत को एक सशक्त व विकासोन्मुख नेतृत्व प्राप्त होगा। रैली में आरती कुजूर, मनोज कुमार, ज्योतिष भगत, रूपेश जायसवाल, संजय साहू, विकास चौधरी, प्रियंक भगत, लक्ष्मी बाखला, परमेश्वर प्रसाद, परमानंद कश्यप, अर्जुन पाहन, जयप्रकाश भला, बालमुकुंद कश्यप, जितेंद्र कश्यप, गिरीश जायसवाल, कृष्णानंद तिवारी, लव चौधरी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए।

# अवैध पोस्ता खेती नष्ट, एक आरोपित गिरफ्तार



**एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिम सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ता (अफीम) की खेती के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम इटी विरदा, केराबासा एवं जलमय के पास के जंगल क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पोस्ता की खेती की गई है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक अमीत रेणु के आदेश तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर (प्रभार चक्रधरपुर) के निर्देश पर सभी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करते हुए एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापेमारी के दौरान ग्राम इटी विरदा में लगभग दो एकड़, केराबासा में करीब 15 डिसमिल तथा जलमय में लगभग तीन एकड़ खेत में लगी अवैध पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में संबंधित आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। मामले में नामजद आरोपित जिठुवा कोंगाडी (55) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। छापेमारी टीम में बंदगांव थाना प्रभारी मनीष कुमार, हरिशचंद्र प्रसाद, योगेश चन्द्र बोइपाई और सशस्त्र बल शामिल थे।

## झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में उम्र सीमा पर बड़ी राहत, कट-ऑफ डेट 2026 से घटाकर 2022 की गई

**एजेंसी । रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की नियुक्तियों में उम्र सीमा की कट-ऑफ डेट बदलने का फैसला किया है। अब कट-ऑफ डेट अगस्त 2026 के बजाय अगस्त 2022 निर्धारित की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। जेपीएससी की 14वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा के लिए पहले अधिकतम और न्यूनतम आयु की गणना 1 अगस्त 2026 के आधार पर की जानी थी। लेकिन राज्य में नियमित रूप से सिविल सेवा परीक्षाएं आयोजित नहीं होने के कारण कई अभ्यर्थी आयु सीमा से बाहर हो रहे थे। इसे लेकर अभ्यर्थियों और विधायकों ने सरकार से कट-ऑफ डेट में छूट देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद अब अभ्यर्थियों को प्रभावी रूप से चार वर्ष की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इससे सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी अधिकतम 38 वर्ष की आयु तक परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, जबकि दिव्यांग और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अतिरिक्त आयु सीमा का लाभ मिलेगा। इससे पहले कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने अधिकतम तीन वर्ष की छूट देने का प्रस्ताव तैयार कर कैबिनेट को भेजा था, लेकिन मुख्यमंत्री द्वारा कट-ऑफ डेट को 2022 करने की घोषणा से अभ्यर्थियों को अपेक्षा से अधिक राहत मिली है। सरकार के इस फैसले से लंबे समय से सिविल सेवा परीक्षा का इंतजार कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को लाभ मिलने की उम्मीद है और वे अब आगामी संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

## झारखंड विधानसभा बजट सत्रः विधायक जयराम महतो ने की स्थापना समिति में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग

**एजेंसी । रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन शनिवार को सुबह 11:06 बजे सदन की कार्यवाही शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होते ही डुमरी से विधायक जयराम महतो ने स्थापना समिति में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग उठाई, जिस पर सरकार ने फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं होने की बात कही। सदन में जयराम महतो ने कहा कि स्थापना समिति में जनप्रतिनिधियों को शामिल करने से सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और व्यवस्था अधिक जवाबदेह बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य राज्यों में इस तरह की व्यवस्था पहले से लागू है। इस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री दीपक बिरुवा ने बताया कि स्थापना समिति बिहार पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के तहत संचालित होती है और सभी विभागों में इसकी व्यवस्था पहले से मौजूद है। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल सरकार का जनप्रतिनिधियों को स्थापना समिति में शामिल करने का कोई विचार नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अन्य राज्यों की व्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा। सदन में खिजरी से विधायक राजेश कच्छप ने बैकलॉग नियुक्तियों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति (एसटी), अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के हजारों आरक्षित पद वर्षों से खाली पड़े हैं, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने सरकार से स्पष्ट नीति और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया लागू करने की मांग की, ताकि लंबित बैकलॉग पदों को जल्द भरा जा सके। इस मुद्दे पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि विभिन्न विभागों में 50,000 से अधिक बैकलॉग रिक्तियों की बात सही नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकार बैकलॉग नियुक्तियों पर लगातार काम कर रही है और इन पदों को भरने के लिए विभागवार अलग-अलग भर्ती प्रक्रिया निकाली जाती है। सरकार ने आश्वस्त किया कि आरक्षण नियमों का पूरी तरह पालन करते हुए बैकलॉग पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाएगा। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तेज बनाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

## सोनम बागे के समर्थन में झामुमो ने निकाली मोटरसाइकिल रैली



**एजेंसी । खूंटी**

खूंटी नगर पंचायत चुनाव को लेकर सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) समर्थित उम्मीदवार सोनम बागे के पक्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहर में शनिवार को मोटरसाइकिल रैली निकालकर जनसमर्थन की अपील की। रैली का नेतृत्व झामुमो के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने किया। रैली की शुरुआत महुआ टोली स्थित चुनावी कार्यालय से हुई। इसके बाद कार्यकर्ता नेताजी चौक, भगत सिंह चौक, मेन रोड सहित विभिन्न वार्डों और मुहल्लों में पहुंचे। इस दौरान समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए मतदाताओं से सोनम बागे को विजयी बनाने की अपील की। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के समुचित विकास, स्वच्छता व्यवस्था में सुधार, पेयजल, सड़क और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से सोनम बागे चुनाव मैदान में उतरी हैं। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र की जनता का व्यापक समर्थन उन्हें मिल रहा है। रैली में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर लोगों से नगर के समग्र विकास के लिए झामुमो प्रत्याशी को समर्थन देने का आग्रह किया।

# आपदा प्रबंधन का 80 रेलकर्मियों ने लिया प्रशिक्षण

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



टाटानगर रेल सिविल डिफेंस की ओर से शनिवार को सीनी स्थित जोनल रेलवे प्रशिक्षण संस्थान में आपदा प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षु स्टेशन प्रबंधक, ट्रेन प्रबंधक, क्रू कंट्रोलर, टिकट परीक्षक, टीएनसी और टॉवर वैगन चालक सहित कुल 80 रेलकर्मियों ने भाग लिया। ये प्रशिक्षु दक्षिण पूर्वी रेलवे के विभिन्न स्टेशनों—विशाखापट्टनम, संबलपुर, बिलासपुर, राउरकेला और रांची से पहुंचे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के उप प्राचार्य ने किया। उद्घाटन सत्र में सिविल डिफेंस इंस्पेक्टर और राष्ट्रपति सम्मानित सदस्य संतोष कुमार ने चक्रधरपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी और संस्थान के प्राचार्य के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मंडल प्रशासन की ओर से सुरक्षा कार्यों के लिए आधुनिकतम उपकरण और अग्निशमन संयंत्र उपलब्ध कराए गए हैं, जिनका प्रभावी उपयोग प्रशिक्षित और दक्ष कर्मियों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कुशल प्रशिक्षण ही सुरक्षित और सफल रेल परिचालन की आधारशिला है। प्रशिक्षण के दौरान आग के प्रकार, आग लगने के कारण, दहन के सहायक तत्व, आग बुझाने की विभिन्न विधियां, अग्निशमन यंत्रों के सुरक्षित प्रयोग, रखरखाव और समय-समय पर निरीक्षण की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से वास्तविक घटनाओं के उदाहरण भी साझा किए गए, ताकि प्रशिक्षु आपात स्थिति में त्वरित और सही निर्णय ले सकें। दूसरे सत्र में डेमोन्स्ट्रेटर शंकर कुमार प्रसाद ने मॉक ड्रिल के माध्यम से अग्निशमन यंत्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया। इसमें प्रशिक्षुओं को सिलेंडर आधारित अग्निशमन यंत्र चलाने, धुएं की स्थिति में सुरक्षित निकासी, घायलों को प्राथमिक सहायता देने और भीड़ नियंत्रण के उपायों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षुओं ने बारी-बारी से उपकरणों का प्रयोग कर अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। संस्थान के मुख्य अनुदेशक संतोष कुमार ने कहा कि रेलवे जैसे संवेदनशील विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि टाटानगर रेल सिविल डिफेंस को चक्रधरपुर के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी की ओर से सुरक्षित ट्रेन परिचालन, सुरक्षा उपायों के समन्वय और दुर्घटना की स्थिति में प्रभावी राहत और बचाव कार्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ट्रक में घुसी कार, दो युवक घायल

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**

जिले के सुदूर बरसोल थाना क्षेत्र अंतर्गत दारीसोल चौक के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में कोलकाता से जमशेदपुर लौट रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा ट्रक के नीचे पूरी तरह फंस गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार संख्या जेएच 05 डीपी 5597 कोलकाता एयरपोर्ट से जमशेदपुर की ओर आ रही थी। जैसे ही वाहन दारीसोल चौक के पास पहुंचा, चालक ने अचानक संतुलन खो दिया। तेज रफ्तार कार सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक संख्या एनएल 01 एएफ 8361 के पिछले हिस्से में जा टकराई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। हादसे के बाद कार के भीतर फंसे दोनों घायलों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और बरसोल थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। क्षतिग्रस्त कार में फंसे घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। पीसीआर वाहन और ग्रामीणों की मदद से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

(लापता रिता देवी उम्र– 25 वर्ष, ( साथ में पुत्र रौशन कुमार उम्र– 04 वर्ष)



नगरउंटारी थाना सनहा सं0–11/26 दि0–03.02.2026 में लापता रिता देवी, उम्र– 25 वर्ष (साथ में पुत्र–रौशन कुमार उम्र–04 वर्ष), पति– अजय साव, ग्राम– पिपरी कला, थाना–विशुनपुरा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में आवेदक नन्दु साव के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनकी बेटी रिता देवी दिनांक–13.01.26 को समय 04:30 बजे अपराहन में अपने पिता के घर ग्राम– बारोडीह, थाना– नगरउंटारी, जिला– गढ़वा अपनले ससुराल ग्राम– पिपरी कला जाने के लिए अपने पुत्र रौशन कुमार के साथ से निकली थी परन्तु अपने ससुराल नहीं पहुँची। उक्त लापता रिता देवी एवं इनके पुत्र रौशन कुमार का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला एवं इनका पुत्र कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम– रीता देवी, रंग– सांवला, पहनावा– लाल रंग का साड़ी,
पहनावा– 05 फीट लगभग।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 373444 Police (25-26)_D

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।**

**आवश्यक सूचना।**

( लापता काजल कुमारी, उम्र–23 वर्ष, )



हरिहरपुर ओ0पी0 सनहा सं0–08/26, दि0–11.02.2026 में लापता काजल कुमारी, उम्र–23 वर्ष, पिता–लल्लु राम, सा0–रपुरा, थाना–भवनाथपुर (हरिहरपुर ओ0पी0), जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। ओ0पी0 से प्राप्त आवेदन में आवेदक लल्लु राम के द्वारा उल्लेख किया गया है कि इनकी बेटी काजल कुमारी दिनांक–09.02.2026 को शाम 04 बजे घर से निकली थी जो अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता काजल कुमारी का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

लापता का विवरण/हुलिया :–
नाम–काजल कुमारी, उंचाई–04 फीट 05 इंच,रंग–गोरा,
बाल–काला, आंख–समान्य, पहनावा–सलवार सूट।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा।

PR 373440 Police(25-26)D

## संक्षिप्त समाचार

### मेरठ जाने वाले सावधान! बंद रहेगा ट्रैफिक

मेरठ, एजेंसी। मेरठ में 22 फरवरी को मोदीपुरम तक नमो भारत के उद्घाटन कार्यक्रम



को लेकर वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए वाहनों का मार्ग परिवर्तित रहेगा। डीसीपी यातायात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि 22 फरवरी को मेरठ में विशिष्ट लोगों के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के मद्देनजर व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था लागू की गई है। पड़ोसी जिले की पुलिस से समन्वय स्थापित कर ट्रैफिक संचालन सुचारु रखने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने मार्ग परिवर्तन योजना जारी की है। इसके तहत 22 फरवरी को सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक गाजियाबाद से मेरठ की ओर जाने वाले विभिन्न प्रमुख मार्गों पर वाहन नहीं जा सकेंगे। भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा, जबकि हल्के वाहनों के लिए भी चरणबद्ध तरीके से मार्ग परिवर्तन लागू किया जाएगा। डीसीपी यातायात ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर मार्ग परिवर्तन योजना में बदलाव किया जा सकता है। आमजन से अपील है कि वह असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें।

### नकल करते हुए पकड़े जाने पर शिक्षक पर बरसाए घूंसे

कलबुर्गी, एजेंसी। कर्नाटक के कलबुर्गी जिले से अनुशासनहीनता का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के डॉ. मलाकरेड्डी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में आंतरिक परीक्षा के दौरान एक छात्र ने पकड़े जाने पर सहायक प्रोफेसर पर हिंसक हमला कर दिया। होम्योपैथिक मटेरिया मेडिका विषय की परीक्षा के दौरान घटी यह घटना हॉल के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, कॉलेज में होम्योपैथिक मटेरिया मेडिका विषय की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा हॉल में निरीक्षक की ड्यूटी कर रहे सहायक प्रोफेसर शिवराजकुमार ने शाहबाज नाम के एक छात्र को मोबाइल फोन के जरिए नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस हरकत से भड़के शाहबाज ने हिंसक होकर प्रोफेसर पर हमला कर दिया। हालांकि अन्य छात्रों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए शाहबाज को रोकने और उसे दूर खींचने की कोशिश की, लेकिन टकराव यहीं खत्म नहीं हुआ। वीडियो में शाहबाज को हॉल के निकास द्वार की ओर जाते हुए दिखाया गया है, लेकिन कुछ ही सेकंड बाद वह वापस आकर प्रोफेसर पर फिर से हमला कर देता है। हमले के बाद, कॉलेज प्रशासन ने शाहबाज के माता-पिता को सूचित किया और उसे भविष्य की सभी परीक्षाओं से प्रतिबंधित करने का तत्काल निर्णय लिया।

### आंध्र प्रदेश में टीवी की आवाज कम करने को कहने पर भड़की बीवी

गुंटूर, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में जब एक शौहर ने अपनी बीवी से टीवी की आवाज को कम करने को कहा तो झगड़े के दौरान गुस्साई बीवी ने अपने शौहर को चाकुओं से गोदकर मारा डाला। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान 27 वर्षीय शेख अहमद के रूप में हुई है जो पेशे से एसी मैकेनिक था। अहमद और उसकी बीवी मंगालागिरी के टिडको आवास कालोनी में रह रहे थे। जब शेख अहमद ने अपनी पत्नी से टीवी की आवाज कम करने के लिए कहा, तो उनके बीच बहस शुरू हो गई। गुस्से में आकर बीवी ने शौहर पर चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने अहमद को इलाज के लिए विजयवाड़ा के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। हालांकि, इलाज के दौरान चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में एक केस दर्ज किया गया है।

**जंग के मैदान में तब्दील हुई पहाड़ियां**

# छत्तीसगढ़ में दो हजार जवानों ने घेरा माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना

जगदलपुर, एजेंसी। माओवादी हिंसा के समूल खात्मे की 31 मार्च 2026 की समय-सीमा से पहले सुरक्षाबल ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी में निर्णायक अभियान शुरू किया है। छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर जिलों से आए करीब दो हजार जवानों ने पहाड़ी को पूरी तरह से घेर लिया है।

सुरक्षा एजेंसियों का लक्ष्य माओवादियों के शेष नेटवर्क व उनके अंतिम सुरक्षित ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त करना है।

खुफिया एजेंसियों के इनपुट के आधार पर कर्रेगुट्टा क्षेत्र में केशा, पापाराव जैसे 100 से अधिक माओवादी हिंसकों की मौजूदगी की बात सामने आई है। इसी आधार पर पहाड़ी की रणनीतिक घेराबंदी कर सर्च और कांबिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा है। ड्रोन सर्विलांस, आधुनिक संचार उपकरण व रियल-टाइम मॉनिटरिंग के



जरिये हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। कर्रेगुट्टा पहाड़ी के नीचे पहले से स्थापित स्थायी सुरक्षा कैंप के चलते रसद, चिकित्सा और त्वरित सहायता व्यवस्था इस बार अधिक मजबूत बताई जा रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2025 में इसी क्षेत्र में सुरक्षाबल की बड़ी कार्रवाई में 31 माओवादी मारे गए थे व भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद किए गए थे। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि मौजूदा अभियान माओवादियों की शेष ताकत को निर्णायक रूप से तोड़ सकता है। गृह मंत्री शाह ने दिए थे सख्त कार्रवाई के संकेतहाल ही में बस्तर दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सक्रिय माओवादी नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए थे। इसके बाद से ही राज्य के सीमावर्ती पहाड़ियों और जंगलों में अभियान तेज किए गए हैं। बस्तर के आइजी सुंदरराज पी. ने माओवादियों से हिंसा का रास्ता त्यागकर मुख्यधारा में लौटने की अपील की है।

# लव जिहाद पर वार? बिना मां-बाप को बताए नहीं हो सकेगा प्रेम विवाह

**गुजरात सरकार ने पेश किया नया मैरिज ड्राफ्ट**

गांधीनगर, एजेंसी। लव जिहाद वाली शादियों पर रोक की तैयारी गुजरात से शुरू हो गई है। गुजरात





सरकार विवाह पंजीकरण अधिनियम में संशोधन करने जा रही है, जिसके बाद अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर प्रेम विवाह करना आसान नहीं रह जाएगा।

राज्य विधानसभा में उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि मौजूदा प्रविधानों का दुरुपयोग हो रहा है और नई व्यवस्था से प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी व सुरक्षित बनाया जाएगा। संघवी ने सदन में कहा कि कई सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने विवाह पंजीकरण प्रक्रिया में खामियों को दूर करने की मांग की थी। उन्होंने लव जिहाद का उल्लेख करते हुए इसे सांस्कृतिक आक्रमण करार दिया और कहा कि सरकार इस मुद्दे को नजरअंदाज नहीं कर सकती। विवाह पंजीकरण के लिए नया ऑनलाइन पोर्टल मंत्री कार्यालय द्वारा साझा मसौदे के अनुसार प्रत्येक विवाह पंजीकरण आवेदन सहायक पंजीयक (असिस्टेंट रजिस्ट्रार) के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के साथ यह घोषणा-पत्र देना होगा कि वर-वधू ने अपने माता-पिता को विवाह की सूचना दी है या नहीं। दूल्हा-दुल्हन को अपने माता-पिता के नाम, पते, आधार संख्या और संपर्क विवरण आवेदन में देने होंगे। सहायक पंजीयक की संतुष्टि के बाद 10 कार्यदिवस के भीतर माता-पिता को सूचना भेजी जाएगी। आवेदन संबंधित जिला या तालुका पंजीयक को अग्रेषित किया जाएगा और सभी शर्तें पूरी होने की पुष्टि के 30 दिन बाद विवाह पंजीकृत होगा। पूरी प्रक्रिया के विवरण को सरकार द्वारा विकसित किए जाने वाले आनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। सरकार ने प्रस्तावित संशोधनों पर 30 दिनों तक जनता से आपत्तियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। ये सुझाव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की वेबसाइट पर दर्ज किए जा सकेंगे। प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर अंतिम नियम अधिसूचित किए जाएंगे। राजनीतिक समर्थन और विरोधआम आदमी पार्टी के विधायक हेमंत आहिर, जिन्होंने इस विषय पर निजी विधेयक पेश किया था, तथा भाजपा विधायक लविंगजी ठाकोर ने सदन में उपमुख्यमंत्री को बधाई दी।

## गुरुग्राम से फरीदाबाद तक चला पीला पंजा, कॉलोनियां हुई ध्वस्त

गुरुग्राम, एजेंसी। दिल्ली से सटे एनसीआर के दो शहरों गुरुग्राम और फरीदाबाद में एक बार फिर बुलडोजर वाला ऐक्शन देखने को मिला। गुरुग्राम में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग ने शुक्रवार को गुरुग्राम-सोहना हाईवे स्थित गांव भोंडसी में अवैध रूप से पनप रही कॉलोनी में बुलडोजर चलाया। ये कॉलोनी करीब तीन एकड़ जमीन पर विकसित हो रही थी। भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते किसी तरह का विरोध सामने नहीं आया।



डीटीपीई अमित मधोलिया के निर्देश पर दोपहर को तोड़फोड़ दस्ता इस गांव में पहुंच गया। बुलडोजर के पहुंचने के बाद हड़कंप मच गया। तोड़फोड़ दस्ते ने मौके पर कार्यरत मजदूरों को भगा दिया। इसके बाद बुलडोजर की कार्रवाई शुरू हो गई। 28 मकानों के निर्माण के लिए डीपीसी और चारदीवारी कर दी गई थी। एक मकान का निर्माण किया जा रहा था। बुलडोजर ने सभी को मलबे में मिला दिया। इसके साथ प्लॉट बेचने के लिए एक सड़क का निर्माण किया था। इसे उखाड़ा गया। फरीदाबाद में भी डीटीपी इंफोर्समेंट की ओर से गांव झाड़सैंतली में अवैध रूप से बस रही कॉलोनी के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान तोड़फोड़ दस्ते ने 10 एकड़ में बसी कॉलोनी में भारी तोड़फोड़ की। मौके पर लोगों ने कार्रवाई का विरोध जताया, लेकिन पुलिस ने उन्हें समझा-बुझा कर शांत कर दिया। डीटीपी इंफोर्समेंट अधिकारी यजन चौधरी को काफी दिनों से गांव झाडसैंतली के राजस्व क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के करीब 10 एकड़ जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित करने की सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर विभाग की ओर से लोगों को नोटिस जारी कर अवैध कब्जे खाली करने के आदेश दिए गए। लेकिन लोगों ने नोटिस को अनदेखा कर दिया। इसके बाद विभाग की टीम शुक्रवार को भारी पुलिस बल और तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौके पर पहुंची।

# हैदराबाद में सीबीआई अदालत को फिर से मिली बम से उड़ाने की धमकी, हुई गहन तलाशी; फर्जी निकली बात

हैदराबाद, एजेंसी। हैदराबाद में सीबीआइ अदालत को शुक्रवार को एक और बम की धमकी वाला ईमेल भेजा गया, जिससे दहशत फैल गई। कोर्ट को भेजे गए ईमेल में चेतावनी दी गई थी कि शुक्रवार को विस्फोट होंगे। कोर्ट अधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी। परिसर को खाली कराया गया और गहन तलाशी अभियान चलाया गया।

बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों को परिसर की पूरी तरह से तलाशी के लिए लगाया गया। ईमेल में चेतावनी थी कि कोर्ट में 12 आरडीएक्स बम लगाए गए हैं, जो दोपहर 12:05 बजे फटेंगे।

सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने न्यायाधीशों, कर्मचारियों, वकीलों और मुवक्किलों को कोर्ट भवन से बाहर निकाला। इसी तरह का एक ईमेल बुधवार को भी प्राप्त हुआ था और पुलिस द्वारा परिसर की व्यापक तलाशी के बाद यह फर्जी साबित हुआ।

इससे पहले, दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में गुरुवार को स्कूलों, सचिवालय और पुलिस मुख्यालय और न्यायिक परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। राष्ट्रीय राजधानी के तीन स्कूलों को

**चंडीगढ़ में भी नहीं मिला कोई संदिग्ध वस्तु, खाली कराया गया उत्तराखंड हाई कोर्ट परिसर**

सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के बीच उड़ाने की धमकी से अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस, फायर ब्रिगेड और बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर




सर्च आपरेशन शुरू किया। पुलिस टीम ने परीक्षा केंद्र के कमरे खाली कराए और विद्यार्थियों व स्टाफ को बाहर निकाल कर जांच की। हालांकि, कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

पंजाब में भी सिविल सचिवालय, पुलिस मुख्यालय, मिनी सचिवालय और जिला अदालत परिसर सेक्टर-43 को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को एहतियातन बाहर निकाला गया।दिल्ली में पुलिस कंट्रोल रूम को सुबह धमकी की पहली सूचना 8:11 बजे मिली।

अभी पुलिस इस पर कार्रवाई कर ही रही थी कि 8:37 पर दो अन्य स्कूलों में बम होने की सूचना मिली। देखते ही देखते तीनों स्कूलों के बाहर अभिभावकों का तांता लग गया। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, इस पूरे घटनाक्रम और परीक्षा में हुए व्यवधान को लेकर सीबीएसई को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजी जा रही है। इसके आधार पर बोर्ड यह तय करेगा कि प्रभावित परीक्षार्थियों के लिए क्या विशेष प्रविधान किए जा सकते हैं। वहीं, चंडीगढ़ स्थित पंजाब सिविल सचिवालय और पुलिस मुख्यालय को भी धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी ईमेल पर सुबह करीब 9:46 बजे संबंधित विभाग को मिली। सूचना पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच की गई और आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी गई। मोहाली के मिनी सचिवालय और जिला अदालत परिसर सेक्टर-43 में भी कई घंटे की जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। नैनीताल में उत्तराखंड हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय में भेजा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने हाई कोर्ट परिसर खाली कराया और प्रवेश द्वार बंद कर दिए। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि जांच में सब कुछ ठीक मिला। भोपाल की पीपुल्स यूनिवर्सिटी को बम से उड़ाने की धमकी मिली।

### मंदिर पर पथराव के बाद सांप्रदायिक हिंसा, 49 गिरफ्तार; वीएचपी और बजरंग दल ने थाना घेरा

जबलपुर। जबलपुर जिले में गुरुवार रात दुर्गा मंदिर में आरती के लिए लाउड स्पीकर का प्रयोग करने को लेकर हिंदू-मुस्लिम पक्ष के बीच विवाद हो गया। मुस्लिम पक्ष के लोगों ने लाउड स्पीकर का विरोध करते हुए उसे बंद कराने की कोशिश की तो हिंदू पक्ष के लोगों से शुरू हुआ विवाद मारपीट और पथराव तक पहुंच गया। आरोप है कि मस्जिद के ऊपर से ईंट के टुकड़े एवं पत्थर फेंके गए। इसके बाद उपद्रव होने लगा। वाहनों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने टियर गैस और हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा। आसपास के 12 थानों से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। स्थिति को नियंत्रण में लिया। दोनों समुदायों में टकराव की स्थिति निर्मित हुई। भीड़ ने एक फल के ठेले को पलटा दिया। मौके पर तैनात पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर दोनों पक्षों को तितर-बितर किया। क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। पुलिस ने 49 आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। दुर्गा मंदिर और मस्जिद आसपास ही हैं। गुरुवार की रात को लगभग नौ बजे प्रतिदिन की तरह दुर्गा मंदिर में आरती की जा रही थी। इस दौरान मस्जिद में रमजान की नमाज हो रही थी, तभी मस्जिद से कुछ लोग मंदिर पहुंचे और लाउड स्पीपर बंद करने का दबाव बनाने लगे। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने थाना घेराइस पर दोनों पक्षों में में कहासुनी हो गई। उसके बाद मस्जिद से 50-60 लोगों की भीड़ बाहर आई और आरती में शामिल लोगों से मारपीट करने लगे। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने थाना घेरा। हनुमान चालीसा का पाठ कर विरोध जताया। पुलिस के सख्त पहरे के बीच मस्जिद में जुमे की नमाज हुई। व्यापारियों ने स्वयं प्रतिष्ठान बंद रखें। पुलिस और प्रशासन ने स्थिति नियंत्रण में होने का दावा किया है। कई थाना के बल लगाया है।

# तिरुपति लड्डू विवाद: मिलावटी घी पर सरकार ने बना दी नई समिति, एसआईटी रिपोर्ट की होगी समीक्षा

**वीडियो देख टूटा पति, दो बेटों को मारी गोली खुद कर लिया सुसाइड**

तिरुपति, एजेंसी। आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डू में इस्तेमाल होने वाले मिलावटी घी के मामले में एसआईटी की जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए एक समिति बना दी है। आईएएस दिनेश कुमार इस समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डू को बनाने में इस्तेमाल घी में कथित मिलावट की जांच करने के लिए गठित सीबीआई की अगुआई वाली एसआईटी द्वारा तैयार रिपोर्ट की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक सदस्यीय समिति गठित की जो दोषी लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की सिफारिश करेगी।

सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) नीत विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा जांच पूरी करने और आरोपपत्र दाखिल करने के बाद इस एक समिति का गठन किया गया है। एसआईटी ने 23 जनवरी को अदालत में अंतिम आरोप पत्र प्रस्तुत किया, साथ ही सारांश रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जिसमें लड्डू में घी के मुद्दे पर दोषी समिति सदस्यों और तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने की सिफारिश की गई थी। मुख्य सचिव के. विजयानंद ने एक सरकारी आदेश में कहा, 'दिनेश कुमार को सारांश रिपोर्ट की



समीक्षा करने और घी निविदा शर्तों में छूट और प्रवर्तन में चूक, कमियों और विफलताओं के लिए दोषी टीटीडी के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई शुरू करने की सिफारिश करने के लिए एक सदस्यीय समिति के रूप में नियुक्त किया गया है।' विजयानंद ने कहा, 'समिति इस आदेश के जारी होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।'

### स्वामी की तस्वीर पर विधान परिषद में हंगामा

आंध्र प्रदेश विधान परिषद के सभापति कोय्ये मोशन राजू ने शुक्रवार को सदन को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया। वाईएसआरसीपी सदस्यों द्वारा कथित तौर पर श्री वेंकटेश्वर स्वामी की तस्वीरें प्रदर्शित किये जाने को लेकर विपक्षी सदस्यों और सत्ता पक्ष के सदस्यों के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद सभापति को कुछ समय के लिए सदन की कार्यवाही स्थगति करनी पड़ी। कुम्बा रवि बाबू, डी. माधव राव और एस. मंगम्मा की ओर से तिरुपति लड्डू प्रसादम और इंदापुर डेयरी के मुद्दे पर चर्चा कराए जाने के अनुरोध को सभापति द्वारा खारिज किए जाने के बाद हंगामा शुरू हुआ। यह इंदापुर डेयरी कथित रूप से मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार के स्वामित्व वाली कंपनी हेरिटेज फूड्स से जुड़ी बताई गई है, जो तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) को घी की आपूर्ति करती है। विपक्षी विधायकों के विरोध प्रदर्शन के बीच राजू ने कहा, अनुरोध को खारिज किये जाने के बाद चर्चा की मांग करना उचित नहीं है। इस बीच, राज्य के वित्त मंत्री पी. केशव ने देवता की प्रतिमाओं के कथित प्रदर्शन को आपत्तिजनक बताया और कहा कि इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। केशव ने पूछा, सभापति महोदय, वेंकटेश्वर स्वामी की तस्वीरों के साथ वे जिस तरह का व्यवहार कर रहे हैं, क्या उनमें कोई गरिमा बची है? क्या वे (भगवान को) राजनीति में घसीटेंगे? इस कदम को भड़काऊ बताते हुए उन्होंने राजू से जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया और कहा, ऐसा देश के इतिहास में कभी नहीं हुआ। ये (वाईएसआरसीपी के एमएलसी) न तो भगवान में आस्था रखते हैं, न भगवान का सम्मान करते हैं, न ही भगवान से डरते हैं।

**यीडा क्षेत्र में लगने जा रही उत्तर भारत की पहली यूनिट**

## चिप बाजार में चमकेगा गौतमबुद्ध नगर, उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट किस जगह?

गौतमबुद्ध नगर, एजेंसी। सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में वर्ष 2026 ऐतिहासिक साल साबित होने जा रहा है। केंद्र सरकार दस परियोजनाओं को मंजूरी दे चुकी है, जिनमें से कई पर काम तेजी से चल रहा है। कुछ संयंत्रों में इस वर्ष चिप निर्माण शुरू होने की उम्मीद है। गौतमबुद्ध नगर सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ऊंची उड़ान भरने को तैयार है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत गौतमबुद्ध नगर की यमुना सिटी में उत्तर भारत के पहले



सेमीकंडक्टर संयंत्र की नींव रखी जा रही है। आत्मनिर्भर भारत के तहत यमुना सिटी (यीडा क्षेत्र) में शनिवार दोपहर करीब तीन बजे उत्तर भारत के पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र की नींव रखी जाएगी। यह परियोजना रोजगार, निवेश और अत्याधुनिक तकनीक के नए आयाम खोलेगी। यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-28 में उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद उत्तर भारत की पहली इकाई स्थापित होने जा रही है। एचसीएल और फॉक्सकोन के संयुक्त उपक्रम मैसर्स इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड को मई 2025 में देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट के रूप में मंजूरी दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले 18 जनवरी को कंपनी को 48 एकड़ भूमि का आवंटन पत्र सौंपा था। कंपनी क्षेत्र में 3706.15 करोड़ का निवेश करेगी और 2,40,000 यूनिट स्मॉल पैनल ड्राइवर आईसी, डिस्प्ले इंटीग्रेटेड सर्किट का निर्माण करेगी। इसके लिए रोजाना 19 हजार केवीए बिजली की जरूरत पड़ेगी और करीब 2000 एमएलडी पानी रोजाना इस्तेमाल होगा। यमुना सिटी में भारत की पहली डिस्प्ले ड्राइवर इंटीग्रेटेड सर्किट (डीडीआईसी) और ओसैट (आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्टिंग) सुविधा से लैस सेमीकंडटर यूनिट लगने जा रही है। डीडीआईसी एक खास प्रकार की चिप होती है जो मोबाइल, टीवी या कंप्यूटर की स्क्रीन को चलाने का काम करती है। यानी स्क्रीन पर तस्वीरें और वीडियो दिखाई देते हैं, उन्हें सही तरीके से दिखाने में यह चिप मदद करती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### फ्रांस से 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी'

बदलते दौर में भू-राजनीतिक उथल-पुथल और अनिश्चितताओं के बीच भारत आर्थिक एवं रणनीतिक स्तर पर सहयोग बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के साथ साझेदारी को और व्यापक बनाने की राह पर आगे बढ़ रहा है। ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों के बाद भारत ने अब फ्रांस के साथ द्विपक्षीय संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' में बदल दिया है। इसके तहत दोनों देशों ने रक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया है।नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच मंगलवार को मुंबई में हुई वार्ता के दौरान बनी सहमति के बाद इक्कीस समझौतों को स्वीकृति दी गई। इस साझेदारी को वैश्विक स्थिरता और रणनीतिक दृष्टिकोण से कई मायनों में महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे न केवल द्विपक्षीय व्यापार और आधुनिक प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे, बल्कि रक्षा के मोर्चे पर भी भारत की स्थिति मजबूत होगी।पिछले दिनों भारत ने ब्रिटेन और ओमान के साथ व्यापार समझौते किए थे। उसके बाद न्यूजीलैंड और फिर यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया गया। हाल में भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते का एलान किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका ने भारत पर लगाए गए पचास फीसद शुल्क को घटाकर अठारह फीसद कर दिया। इसमें दोराय नहीं कि अमेरिका की ओर से भारत पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने के बाद देश का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ।इस संकट से निपटने के लिए भारत ने अपने उत्पादों के वास्ते दुनिया के विभिन्न देशों में वैकल्पिक बाजार तलाशने की हरसंभव कोशिश की तथा व्यापार समझौतों की शक्ल में उसके सफल नतीजे भी सामने आए। अब फ्रांस के साथ विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी से भारत के व्यापार, प्रौद्योगिकी और रक्षा क्षेत्र में सशक्तीकरण की संभावनाओं को और बल मिलेगा। भारत और फ्रांस ने परस्पर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष समझौता किया है।

### जब भाई-भतीजावाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त नजर पड़ी

सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में आवास का आबंटन रद्द करते हुए कहा कि यह निर्णय पक्षपातपूर्ण और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करता है। राजनीति से लेकर सरकारी तंत्र तक, हर जगह भाई-भतीजावाद की प्रवृत्ति अक्सर देखने को मिलती है। इससे न केवल योग्य प्रतिभाएं हाशिए पर चली जाती हैं, बल्कि पात्र नागरिकों के अधिकारों का हनन भी होता है। साथ ही इससे सामाजिक और संस्थागत विकास का न्यायिक पक्ष भी कमजोर होता है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है।हरियाणा सरकार की एक आवासीय समिति में इसी का तरह मामला सामने आया है, जहां मानदंडों को दरकिनार कर पात्र व्यक्तियों की बजाय शासी निकाय के एक सदस्य और उनके अधीनस्थ को आवास आबंटित कर दिए गए।सर्वोच्च न्यायालय ने बुधवार को इस मामले में आवास का आबंटन रद्द करते हुए कहा कि यह निर्णय पक्षपातपूर्ण और आवासीय समिति के खुद के पात्रता मानदंडों का उल्लंघन करता है। साथ ही कहा कि इस तरह का भाई-भतीजावाद और खुदगर्जी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अभिशाप की तरह है।गौरतलब है कि सरकारी आवासीय समितियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के मामले पहले भी सामने आते रहे हैं। कई मामले तो ऐसे होते हैं, जो उजागर ही नहीं हो पाते, क्योंकि दूसरा पक्ष कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होता है।ऐसे में इन समितियों में अपने करीबियों को नियमों के विपरीत लाभ पहुंचाने का खेल चलता रहता है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय को भी यह कहना पड़ा कि भाई-भतीजावाद और स्वार्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रतिकूल है, विशेषकर तब जब यह ऐसे समाज के भीतर हो, जिसमें सरकारी सेवा के सदस्य शामिल हों और जो पारदर्शी आबंटन प्रक्रिया के माध्यम से आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करता हो।निस्संदेह आवासीय समितियों में भ्रष्टाचार और पक्षपात गंभीर समस्या है।

*हमारी सरकार इसे समझ रही है कि नई तकनीक को हमारी कितनी जरूरत है? इसीलिए, हमारे यहां 'लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल' पर शोध बढ़ गए हैं। तीसरा पहलू एआई के इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा है, भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं और साल 2024 में लॉन्च हुए लगभग 89 प्रतिशत नए स्टार्टअप ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का इस्तेमाल किया।*

## कूटनीति का अहम औजार बनती एआई

**(अरविंद गुप्ता)**

सोमवार से नई दिल्ली में 'एआई इम्पैक्ट समिट' की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका उद्घाटन किया। यह कितना बड़ा आयोजन है, इसका अंदाजा इसी से लगता है कि तकरीबन 20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष इसमें शिरकत कर रहे हैं। कई टेक कंपनियों के सीईओ व हजारों एआई कंपनियों के प्रतिनिधि भी इसमें अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। 20 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में एआई के समावेशी उपयोग और उसके प्रभाव को व्यापक बनाने पर चर्चाएं की जाएंगी। एआई का, विशेषकर चार-पांच वर्षों में हमारे जीवन पर कितना प्रभाव पड़ा है, यह प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट से जाहिर हो जाता है। सोमवार को 'एक्स' पर उन्होंने लिखा, मानव-केंद्रित विकास में एआई के इस्तेमाल को लेकर भारत खासा प्रतिबद्ध है। निस्संदेह, यह ऐसी तकनीक है, जो विश्व और हमारे समाज के स्वरूप को बदलने में सक्षम है। यहां तक कि हमारी रोजाना की जिंदगी पर भी यह काफी असर डालने वाली है। ऐसे में, स्वाभाविक ही तमाम देश एआई को प्राथमिकता देने लगे हैं। अगर एआई की दौड़ में वे पीछे छूट गए, तो उनको खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। नतीजतन, कूटनीति में एक अहम औजार के तौर पर एआई इस्तेमाल होने लगी है।

एआई सम्मेलन में (पिछले सम्मेलनों में भी) इतने बड़े पैमाने पर वैश्विक नेताओं की भागीदारी से इसकी तस्दीक भी होती है। पहले के समय में कूटनीतिक मुलाकातें होती थीं। राष्ट्राध्यक्ष एक-दूसरे से मिलते थे और अपने-अपने हित साधा करते थे। बाद में, 'आर्थिक कूटनीति' का दौर आया, फिर ऊर्जा, कोविड-19 के बाद 'हेल्थ', और अब एआई कूटनीति का जमाना है। इस तरह, बीते वर्षों में कूटनीति के हमने कई खंड देखे हैं, जो आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए भी हैं। नई दिल्ली में आयोजित एआई सम्मेलन इसी की अगली कड़ी है, जिससे संकेत मिलता है कि कूटनीति में एआई का प्रभाव और बढ़ने वाला है। इस बार के सम्मेलन की थीम है- 'पीपुल, प्लैनेट और प्रोग्रेस'। संभवत~ यह प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप ही है, जो एआई को इस कदर व्यापक बनाने की बात कहते रहे हैं कि समाज के हाशिये पर खड़ा व्यक्ति भी इससे लाभान्वित हो सके। एआई सम्मेलन के जरिये भारत को एआई में 'वैश्विक प्रतिभा' के रूप में पेश किया जा रहा है। यह बताने की कोशिश हो रही है कि हमारा देश एआई के हर पहलू को स्वीकार करता है। सच भी यही है। अभी कुछ ही देश हैं, जो एआई में अग्रणी हैं। हमसे उन्नत एआई सिर्फ अमेरिका और चीन के पास है। कुछ यूरोपीय देश, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि भी इसमें अच्छा कर रहे हैं। इसीलिए, वैश्विक कूटनीतिक मंच इन्हीं देशों के आसपास सजने लगा है। तमाम सरकारें यह समझने लगी हैं कि आने वाला समय एआई या नई तकनीक का है, इसीलिए वैश्विक नेतृत्व के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए वे उन मुल्कों के साथ रिश्ते जोड़ने लगी हैं, जो नई तकनीक के धनी हैं। एआई के कई आयामों से कूटनीतिक दुनिया जुड़ी हुई है। पहला है, कंप्यूटर पावर, जिसका अर्थ है, गणना करने के लिए अच्छी क्षमता वाली चिप का होना। चिप में श्रेष्ठता हासिल करने के लिए ही अमेरिका और चीन एक-दूसरे के सामने डटे हुए हैं। दूसरा है, डाटा का उचित इस्तेमाल। दरअसल, एआई उपकरण डाटा से ही सीखते हैं। वे पैटर्न देखते हैं और वहीं से आइडिया लेते हैं। चूंकि, भारत में बहुत बड़ी आबादी बसती है, इसलिए डाटा के मामले में हम दुनिया के सिरमौर हैं। हमारी सरकार इसे समझ रही है कि नई तकनीक को हमारी कितनी जरूरत है? इसीलिए, हमारे यहां 'लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल' पर शोध बढ़ गए हैं। तीसरा पहलू एआई के इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ा है, यानी डाटा सेंटर, प्रतिभा-विकास, अनुसंधान एवं विकास तंत्र, अकादमिक-रिसर्च व उद्योग के आपसी संबंध और शिक्षा पर बहुत ध्यान देना होगा। भारत में लगभग 1.8 लाख स्टार्टअप हैं और साल 2024 में लॉन्च हुए लगभग 89 प्रतिशत नए स्टार्टअप ने अपने उत्पादों या सेवाओं में एआई का इस्तेमाल किया। सुखद है कि एआई का पूरा 'स्टैक' यहां बनाया गया है, ताकि हर पहलू में निवेश हो, शोध हो। 'इंडियाएआई मिशन' चल ही रहा है। चूंकि भारत की विदेश नीति का आयाम व्यापक है, इसलिए एआई में जो उपलब्धि नई दिल्ली के खाते में आएगी, वह निस्स्वार्थ भाव से बांटा जाएगा, ठीक उसी तरह, जैसे कोरोना के समय हमने टीके बांटे थे। एआई का लाभ इस तरह साझा करने से कूटनीतिक मंचों पर भारत का कद और ऊंचा उठ सकता है। इस सम्मेलन से भारत खुद को उभरती एआई ताकत के रूप में पेश करने में सफल हुआ है। फिर, इससे उद्योग, शिक्षा, कृषि जैसे तमाम क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ने का रास्ता खुलेगा, जिससे हमें अपने कूटनीतिक हित पूरा करने में मदद मिल सकेगी। तीसरा लाभ रोजगार-सृजन से जुड़ा है। बेशक कुछ लोगों को डर है कि एआई के विस्तार से नौकरियां जा सकती हैं, लेकिन इससे नए क्षेत्रों में कामकाज बढ़ भी सकता है। चूंकि, प्रतिभा के मामले में हमारा कोई सानी नहीं है, इसलिए हम अपने 'टैलेंट पूल' का इस्तेमाल बखूबी कर सकेंगे और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को भारत आने के लिए बाध्य किया जा सकेगा। कई कंपनियां तो यहां आ भी गई हैं। इस तरह, भारत की कूटनीति व एआई टैलेंट पूल आपस में घुलते-मिलते दिख रहे हैं। एआई की बड़ी-बड़ी मशीनों के लिए ऊर्जा की खूब जरूरत पड़ेगी। आजकल जब कार्बन उत्सर्जन को लेकर चिंताएं व्यापक हैं, तो जाहिर है कि कूटनीतिक रिश्ते एआई और ऊर्जा के अंतर्निहित संबंधों से भी तय होंगे। इस तरह देखें, तो एआई सम्मेलन वह आधार बनाने का काम करेगा, जिसकी बुनियाद पर हम अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। हालांकि, कुछ मोर्चों पर हमें तेजी से काम करना होगा। हमारे पास वैसी उन्नत चिप नहीं हैं, जो अमेरिका के पास हैं। हमारे पास अभी 30 हजार जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) हैं, जबकि चीन और अमेरिका के पास यह लाखों की संख्या में उपलब्ध हैं। इसी तरह, लॉर्ज लैंग्वेज मॉडल बनाने में भी हमें अपने खर्च बढ़ाने चाहिए। जाहिर है, एआई अब कूटनीतिक रिश्तों को नया रूप देने लगी है। आने वाले समय में यह काफी अहम कूटनीतिक औजार साबित हो सकती है। इसीलिए, तमाम देश एआई में सर्वोच्चता हासिल करने के लिए खुद को तैयार करने लगे हैं।

**(लेखक पूर्व राजनयिक एवं डायरेक्टर, वीआईएफ है)। (ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## सेना को ताकतवर बनाती एआई तकनीक

**(राज शुक्ला)**

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीक अब सैन्य क्षेत्र में भी पीढ़ीगत बदलाव का वाहक बन गई है। यह सामरिक क्षमताओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही है। हम फिलहाल एआई, साइबर, क्वांटम जैसी प्रौद्योगिकी के तूफान से गुजर रहे हैं, जिसकी जद में वैश्विक व्यवस्था और सुरक्षा, दोनों हैं। कैसे? एक उदाहरण से समझाने की कोशिश करता हूं। यूक्रेन में अमेरिकी एआई कंपनी पैलांटिर ने एआई पर आधारित गोथम कमांड और कंट्रोल सॉफ्टवेयर तैनात किया है, जो सैटेलाइट डाटा, सोशल मीडिया पोस्ट, सैनिकों के 'वाइड एरिया नेटवर्क', यानी डब्ल्यूएएन उपकरण, रेडियो फ्रिक्वेंसी आदि सबका विश्लेषण करता है और करीब 1,000 किलोमीटर लंबी उसकी सरहद की रक्षा करता है। यह सुरक्षा तंत्र इस कदर मजबूत है कि सीमा पर कोई भी हरकत हुई, तो घुसपैठिए की पहचान करने से लेकर ढेर करने में उसे सिर्फ छह से सात मिनट का वक्त लगता है। यह एआई तकनीक पर आधारित है और ड्रोन से लैस भी। भारत में भी इस प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की मांग गलत नहीं है, खास तौर से नियंत्रण रेखा (एलओसी) और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर। इसके लिए एआई, ड्रोन, थ्रीडी प्रिंटिंग, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आदि सबका 'कोलाज' बनाना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यदि मैक 6 या मैक 7 की गति से कोई हाइपरसोनिक मिसाइल हमारी सीमा की तरफ बढ़ रही हो, जो एआई की मदद से स्वत~ लक्ष्य को नष्ट करने में सक्षम हो, तो मानव संचालित गति से उसका जवाब नहीं दिया जा सकता, बल्कि एआई युक्त उपकरणों से ही हम माकूल जवाब दे सकते हैं। हम दो विकल्पों की ओर बढ़ सकते हैं। एक, एआई सक्षम तकनीक में इंसान 'लूप' में रहे, यानी फैसले लेने की प्रक्रिया में इंसानी दखल हो, और दूसरा- तकनीक में कोई मानवीय हस्तक्षेप न रहे। मेरा मानना है कि जब आक्रमण और बचाव के बीच जंग होती है, तब इंसान अगर जवाबी प्रक्रिया से बाहर रहे, तो प्रतिक्रिया कहीं अधिक तेज हो सकेगी। इससे जवाबी हमले कहीं अधिक मारक और सधे हुए होंगे। जाहिर है, एआई का फिलहाल कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अमेरिका का उदाहरण देखिए। उसने अपने दो कमान चुने- यूनाइटेड स्टेट्स इंडो-पैसिफिक कमांड (इंडोपैकॉम) और यूरोपीय कमान (ईयूकॉम)। इनके लिए उसने लार्ज लैंग्वेज मॉडल बनाने का अनुबंध किया माइक्रोसॉफ्ट के साथ, एजेंटिक एआई का अनुबंध स्केल एआई कंपनी के साथ और डिफ्यूजन एआई का ठेका दिया एंडुरिल कंपनी को। तीनों एआई क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां हैं। इनको कहा गया है कि वे न सिर्फ अमेरिका का, बल्कि दुश्मन देशों के डाटा का भी विश्लेषण करें और सुरक्षा-व्यवस्था को एआई से लैस करें। आज अमेरिका अगर एआई-आधारित सुरक्षा-व्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका में है, तो इसकी वजह समझी जा सकती है। हमारे लिए ऐसा करना क्यों जरूरी है? क्योंकि चीन और पाकिस्तान हमारे ऐसे पड़ोसी हैं, जिन पर भरोसा करना काफी मुश्किल है। हमें अपनी उत्तरी और पूर्वी कमान को एआई से लैस करना ही होगा, जिसके लिए सर्वप्रथम डाटा को सार्वजनिक करना आवश्यक है। अभी हमारी सेना के तीनों अंग (थल सेना, वायु सेना और नौसेना) एक-दूसरे से डाटा साझा नहीं करते, जबकि एआई सक्षम मॉडल तभी कारगर माने जाते हैं, जब उसके पास अधिक से अधिक आंकड़े हों। निस्संदेह, थियेटर कमान बनाने की जरूरत थी, पर हमें डिजिटल थियेटर कमान की भी दरकार है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6011


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 4 | 7 | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | | | 2 | 9 |
| | 1 | | 2 | | | | 5 | 7 |
| 7 | 6 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 1 | 5 |
| 6 | 9 | | | | 1 | | 4 | |
| 8 | 2 | | | 5 | | | | |
| 1 | 4 | | | 6 | 9 | 7 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6010

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 1 | 4 | 9 | 5 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 1 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 6 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 | 2 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 |

### वर्ग पहेली 6011



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. इन्हें 1971 में भारत रत्न से नवाजा गया था (5)
4. आवाज या शब्द को यह भी कहते हे (2)
6. देह, काया, शरीर (2)
7. उपस्थित होना, अवाई, आने वाला समय (3)
8. एक प्रकार घुटने तक का लंबा पहनावा (2)
9. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
10. जो मन को अच्छा लगे, मनपसंद, मनभाया (5)
12. वंचित, रहित, प्रत्यय जो शब्द के अंत में लगकर अनेक अर्थ देता है (2)
14. तरकारी, सब्जी (2)
16. पैदाईश, उत्पत्ति (3)
17. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि के काम आती है (2)
18. जिसके अवयव पास-पास सटे हों (2)
20. बाकी, बचा हुआ, शेष (3)
21. एक अंग्रेजी तौल (2)

**ऊपर से नीचे**

1. प्रबंध, बंदोबस्त (4)
2. सूर्योदय से सूर्यास्त के समय का मान (4)
3. ग्राम, देहात (2)
4. अभ्यर्दना, रिसेप्शन (3)
5. उपकार न मानने वाला, कृतज्ञ (6)
7. वर्तमान का दिन, जो दिन बीत रहा है (2)
9. शान-शौकत (4)
11. समुद्र के पानी का चढ़ाव के बाद वेगपूर्वक पीछे हटना (2)
13. भीड़, जमावड़ा (4)
14. इंद्रधनुष में रंगों की संख्या (2)
15. अंधेर, क्रोध, कोप, संकट (3)
16. साधन, कारण, हेतु, संबंध (3)
19. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)

### वर्ग पहेली 6010 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बां | ग्ला | दे | श | | आ | बा | द |
| ह | | ना | म | ज | द | गी | |
| में | ह | | क | ल | मी | | ना |
| भ | र | ना | | | औ | र | त |
| र | फ | | अ | च | र | ज | |
| ना | | फौ | जी | | इं | क | |
| | गु | | त | म | सा | | मो |
| बे | रू | त | | जा | न | व | र |

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन ठीक रहने वाला है। स्वास्थ्य में हालात थोड़े बेहतर देखे जा सकते हैं, धन खर्च बना रहेगा। विदेश यात्रा की प्लानिंग आप कर सकते हैं, आपको सलाह है कि शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। लेकिन यही व्यस्तता आगे चलकर बड़ी सफलता का आधार बनेगी। बिजनेस से जुड़े लोगों के लिए नया प्रोडक्ट या नई योजना लॉन्च करने का शानदार समय है।

### वृष

आज जॉब स्विच करने का विचार कर सकते हैं। आय के स्रोत में बदलाव देखा जा सकता है, हो सके तो सोशल मीडिया पर एक्टिव रहें। परिवार में तनातनी का माहौल बना रहेगा। अपने बारे में अधिक सोचें, दूसरों के कारण आप अपने लिए समय निकालें। वित्तीय मामलों में भी सकारात्मक संकेत हैं। निवेश या बचत योजना में जुड़ने का मौका मिल सकता है।

### मिथुन

आज बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी होगा। परिवार में कोई बड़ा या गुरुजन मार्गदर्शन दे सकते हैं। बातचीत में संयम रखें, क्योंकि आपकी एक छोटी सी बात गलतफहमी पैदा कर सकती है।

### तुला

आज अचानक से मतभेद की स्थिति बन रही है। किसी छोटे से आपका विवाद हो सकता है। आपको सलाह है कि अधिक ना बोलें वरना विवाद भयंकर रूप ले लेगा। धन खर्च में बढ़ोतरी के कारण आर्थिक स्थिति अस्थिर रह सकती है। आज कामकाज के लिहाज से संतोषजनक परिणाम मिलेंगे। आपके प्रयासों की सराहना होगी।

### वृश्चिक

वैवाहिक जीवन में आज परेशानी आ सकती है। हो सके तो पार्टनर के लिए सरप्राइज अरेंज करें ताकि मुश्किलें हल हों। बिजनेस में ध्यान देने की जरूरत होगी। इस समय बेईमानी ना करें वरना दोगुना नुकसान सहना पड़ सकता है। निवेश के लिए कोई नई योजना आपको आकर्षित कर सकती है, लेकिन गोपनीय बातें ऑफिस में साझा करने से बचें। कोई विरोधी आपकी प्रगति से असहज हो सकता है।

### धनु

आज किसी लीगल मैटर में फंस सकते हैं, अदालत के चक्कर कट सकते हैं। लड़ाई-झगड़े का माहौल घर में बना रहेगा। शारीरिक कष्ट फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। परिवार के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं।आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत है। जल्दबाजी या भावनात्मक निर्णय नुकसान दे सकते हैं।

### कर्क

आज काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी। आपके बर्ताव के कारण कार्यस्थल पर बाधा आ सकती है। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें, परिवार में मतभेद की स्थिति पैदा हो सकती है। आर्थिक दृष्टि से दिन अच्छा रहेगा। आय बढ़ने या अतिरिक्त कमाई के अवसर मिल सकते हैं, जिससे आप अपने भविष्य की योजनाओं को मजबूत बना पाएंगे।

### सिंह

आज का दिन सामान्य रहेगा। माता की सेहत हल्की बिगड़ सकती है। हड्डियों से जुड़ी दिक्कत दर्द दे सकती है। घर में कोई विवाद हो सकता है, इस समय प्रॉपर्टी और कानूनी कार्यों में रुकावट आ सकती है। आज का दिन थोड़ा उलझनों से भरा हो सकता है, लेकिन सही सोच और धैर्य से आप सब संभाल लेंगे। किसी नए काम को करने की इच्छा जाग सकती है।

### कन्या

आज का दिन दोस्तों के साथ मतभेद की स्थिति को लकेर आ रहा है। जो लोग मीडिया, लेखन से जुड़े हैं, उनके लिए लाभ के कई योग बनते नजर आ रहे हैं। किसी से संवाद करते हुए सावधानी बरतें। आज किसी छोटी यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं।

### मकर

आज मन कहीं घूमने जाने का कर सकता है। ज्ञान के लिए आप भटक सकते हैं। कोई बड़ा आपके लिए सहयोगी साबित हो सकता है। पिता के साथ मतभेद की स्थिति बन सकती है, शांति बनाए रखें। ऑफिस में टीमवर्क से आपको फायदा मिलेगा और पुराने कर्ज को चुकाने की दिशा में भी सकारात्मक प्रगति हो सकती है।विद्यार्थियों को मानसिक दबाव से राहत मिलेगी और ध्यान पढ़ाई में लगेगा।

### कुंभ

परिवार में आज कुछ समस्याएं आ सकती हैं। ससुराल पक्ष में मतभेद की स्थिति बनती नजर आ रही है। धन खर्च पर थोड़ा कंट्रोल रखना जरूरी है वरना बचत करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के संकेत हैं। आप अपने जीवन को और व्यवस्थित बनाने की कोशिश करेंगे। खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखने से आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। रुका हुआ काम पूरा होने से मन में राहत मिलेगी।

### मीन

स्वभाव आज थोड़ा चिड़चिड़ा रह सकता है। आपको सलाह है कि अपने करियर को लेकर गंभीर रहें। लोग इस समय आपकी प्रतिष्ठा पर आंच डालने की कोशिश करेंगे, आप पर बेवफाई के आरोप लग सकते हैं।किसी दूर के रिश्तेदार से मुलाकात या बातचीत भावनात्मक खुशी दे सकती है। नौकरी बदलने या नए अवसर का प्रस्ताव आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009




# भारत की ऐतिहासिक जीत

## ● ऑस्ट्रेलियाई धरती पर पहली बार जीती सीरीज; 17 रन से आखिरी मैच में हराया

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में 17 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने इस जीत के साथ इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलियाई धरती पर टीम इंडिया ने पहली बार टी20 सीरीज जीती है। शनिवार को एडिलेड में खेले गए तीसरे मुकाबले में भारत ने स्मृति मंधाना (82) और जेमिमा रोड्रिग्स (59) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर सिर्फ 159 रन ही बना सकी। मंधाना और जेमिमा के अलावा भारतीय महिला टीम के अन्य बल्लेबाज फ्लॉप रहे और बड़ी पारी नहीं खेल सके। भारत के लिए मंधाना ने सबसे ज्यादा 55 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। वहीं, जेमिमा 46 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 59 रन बनाकर आउट हुईं। ऋचा घोष सात गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन, अमनजोत कौर एक और दीप्ति शर्मा एक रन बनाकर आउट हुईं।

### भारत ने प्लेइंग-11 में किया गया था एक बदलाव

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। भारत ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया। क्रांति गौड़ की जगह श्रेयंका पाटिल को मौका मिला। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने भी एक बदलाव करते हुए निक कैरी की जगह ग्रेस हैरिस को एकादश में शामिल किया।

## म्यांमार के यांगून में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम

### म्यांमार के यांगून में दो मैत्री मैच खेलेगी भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम म्यांमार के यांगून में 3 और 5 मार्च 2026 को दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलेगी। यह मुकाबले टीम की एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 की तैयारियों का हिस्सा हैं।

'ब्लू कोल्ट्स' के नाम से मशहूर भारतीय टीम इस वर्ष अब तक चार अंतरराष्ट्रीय मैत्री मुकाबले खेल चुकी है। टीम ने गोवा में ताजिकिस्तान के खिलाफ दो और तुर्किये के अंताल्या में दो मैच खेले थे। तुर्किये दौरे से लौटने के बाद मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिस की टीम गोवा में ही अभ्यास कर रही है। भारतीय दल 28 फरवरी को म्यांमार की राजधानी यांगून के लिए रवाना होगा।

भारत की तरह म्यांमार ने भी एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 के लिए क्वालीफाई किया है। म्यांमार ने क्वालीफायर के ग्रुप-सी में शीर्ष स्थान हासिल किया था। इस ग्रुप में ओमान, सीरिया, अफगानिस्तान और नेपाल जैसी टीमें शामिल थीं।

एएफसी अंडर-17 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 में भारत को ग्रुप-डी में रखा गया है, जहां उसका मुकाबला 6 मई को ऑस्ट्रेलिया, 10 मई को उज्बेकिस्तान और 13 मई को डीपीआर कोरिया से होगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने टी-20

## वर्ल्डकप में आखिरी मैच जीता

### ओमान को 9 विकेट से हराया, मार्श-हेड ने 93 रन जोड़े, जम्पा को 4 विकेट

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीत के साथ खत्म किया। टीम ने शुक्रवार को आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में ओमान को 9 विकेट से हरा दिया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी ओमान 104 रन पर सिमट गई। मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड ने 93 रन की




पार्टनरशिप कर कंगारू टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी में लेग स्पिनर एडम जम्पा ने 4 विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल और जैवियर बार्टलेट को 2-2 विकेट मिले। कप्तान मार्श ने फिफ्टी लगाई, वहीं ट्रैविस हेड 32 रन बनाकर आउट हुए। ओमान के लिए वसीम अली ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया को 2 हार मिली

ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप-बी में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ हार कर बाहर हो गई। टीम ने आयरलैंड और ओमान को हराया, लेकिन ये अगले राउंड में पहुंचने के लिए काफी नहीं था। टीम 2009 के बाद पहली बार ग्रुप स्टेज को भी पार नहीं कर सकी।

### टी20 विश्व कप के सुपर आठ मुकाबला

# भारत-अफ्रीका में टक्कर आज

**● सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाने उतरेगी भारतीय टीम ● साउथ अफ्रीका 2024 फाइनल का हिसाब बराबर करना चाहेगी**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** ग्रुप चरण में अपने चारों मैच जीतने वाली भारतीय टीम को टी20 विश्व कप के सुपर आठ में रविवार को दक्षिण अफ्रीका की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भारत ने खिताब बचाने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया है, लेकिन उसकी असली परीक्षा अब शुरू होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम के पास कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन, केशव महाराज और एडेन मार्करम के रूप में मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जो मौजूदा चैंपियन भारत की कड़ी परीक्षा लेने के लिए तैयार है।

**भारत को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार-** भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें पिछले दो महीनों में छठी बार एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और यह देखना बाकी है कि रविवार को कौन सी टीम परिस्थितियों का बेहतर फायदा उठाएगी। भारतीय टीम को ग्रुप चरण में खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन वह इस बात से अच्छी तरह वाकिफ है कि उसकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है।



### मजबूत है गेंदबाजी आक्रमण

भारत को एक बात जो खतरनाक टीम और अब भी खिताब का प्रबल दावेदार बनाती है, वह है उसका गेंदबाजी आक्रमण जिसमें जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती के महत्वपूर्ण आठ ओवर शामिल हैं। पहले चरण में पाकिस्तान सहित कोई भी अन्य टीम भारतीय गेंदबाजों का सहजता से सामना नहीं कर पाई थी। वरुण ने चार मैचों में नौ विकेट लिए हैं और उन्होंने 5.16 की शानदार इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की है।

**बल्लेबाजों को निभानी होगी जिम्मेदारी-** भारतीय टीम के लिए भले ही अभिषेक की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, लेकिन पहले चरण में तिलक की लचर बल्लेबाजी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 24 गेंदों में 25 रन, नामीबिया के खिलाफ 21 गेंदों में 25 रन और नीदरलैंड के खिलाफ 27 गेंदों में 31 रन बनाए। इस तरह से वह अभी तक अधिकतर मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे। टूर्नामेंट में उनका स्ट्राइक रेट 120 से थोड़ा ऊपर है जो उनके करियर के स्ट्राइक रेट 141 से काफी कम है।

# एलिना स्वितोलिना ने दुबई चैम्पियनशिप में कोको गॉफ को हराकर फाइनल में पहुँची

### हार के बाद कोको गॉफ ने रैकेट पर निकाला गुस्सा



**मेलबर्न (एजेंसी)।** दुबई में खेले जा रहे दुबई चैम्पियनशिप 2026 के महिला एकल सेमीफाइनल में शुक्रवार रात यूक्रेन की स्टार खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की कोको गॉफ को 6-4, 6-7(13), 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना जेसिका पेगुला से होगा। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 के महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। इस चौंकाने वाली हार के बाद गॉफ का गुस्सा कैमरे में कैद हो गया, जब वह मैच कॉल एरिया में अपना रैकेट पटकती नजर आईं।

**स्वितोलिना ने सीधे सेटों में दी गॉफ को मात –** मैच में कोको गॉफ का सर्व पूरी तरह बिखरा हुआ नजर आया। स्वितोलिना ने शानदार खेल दिखाते हुए अमेरिकी खिलाड़ी को 1-6, 2-6 से शिकस्त दी। इस जीत के साथ 31 वर्षीय स्वितोलिना ने न सिर्फ टूर्नामेंट में उलटफेर किया, बल्कि पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बना ली।

**हार के बाद गॉफ का भावनात्मक पल –** मैच समाप्त होने के बाद कोको गॉफ शांत तरीके से चेंजिंग रूम की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन अचानक उन्होंने मैच कॉल एरिया में लगातार सात बार रैकेट पटककर अपनी निराशा जाहिर की। 21 वर्षीय गॉफ ने कैमरों से दूर रहने की कोशिश करते हुए सबसे शांत जगह चुनी, जिससे वहां मौजूद एक टूर्नामेंट अधिकारी भी चौंक गया।

**सर्विस बनी हार की बड़ी वजह-** गॉफ की हार की सबसे बड़ी वजह उनकी कमजोर सर्विस रही। उन्होंने मैच के दौरान पांच डबल फॉल्ट किए और चार बार अपनी सर्विस गंवाई। स्वितोलिना ने इसका पूरा फायदा उठाया और पहले सेट को बेहद तेजी से अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी उन्होंने 3-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद गॉफ वापसी नहीं कर सकीं।

### स्वितोलिना का सपना हुआ और करीब

इस जीत के साथ एलिना स्वितोलिना ने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सपना जिंदा रखा है। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में तीन बार क्वार्टरफाइनल तक पहुंच चुकी थीं, लेकिन सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाई थीं।

### सेमीफाइनल में सबालेंका से टक्कर

अब स्वितोलिना का सामना सेमीफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में 18 वर्षीय इवा जोविच को 6-3, 6-0 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। इस शानदार प्रदर्शन के बाद स्वितोलिना की डब्ल्यूटीए रैंकिंग में टॉप-10 में वापसी भी तय मानी जा रही है, जिसकी आधिकारिक घोषणा अगले सोमवार को होगी।

## भारत में न खेलने के फैसले पर बांग्लादेशी कोच का बड़ा खुलासा, फिर गरमाया विवाद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बांग्लादेश के हटने के फैसले पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। बांग्लादेश के पूर्व स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नाजरुल ने दावा किया था कि टूर्नामेंट से नाम वापसी का फैसला टीम के खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने मिलकर लिया था। हालांकि, इस बयान को बांग्लादेश क्रिकेट टीम के सीनियर असिस्टेंट कोच मोहम्मद सालउद्दीन ने सिरे से खारिज कर दिया है।

**आसिफ नजरुल ने साफ झूठ बोला : मोहम्मद सलाहुद्दीन -** मोहम्मद सलाहुद्दीन ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा- आसिफ नजरुल का बयान पूरी तरह गलत है। एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर होकर वह इतना साफ झूठ कैसे बोल सकते हैं, यह समझ से परे है। फैसला सरकार द्वारा लिया गया था और टीम को टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने के लिए मजबूर किया गया था। इसमें खिलाड़ियों या कोच की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि खिलाड़ी खुद टूर्नामेंट नहीं खेल पाने को लेकर तनाव में थे और दो खिलाड़ी तो गंभीर रूप से बीमार भी पड़ गए थे। सलाहुद्दीन ने आरोप लगाया कि अब सारा दोष खिलाड़ियों और कोच पर डाला जा रहा है, जबकि असल में यह फैसला ऊपर से लिया गया था।

### ऑस्ट्रेलिया टूर विवाद

# पाकिस्तान ने कप्तान बट पर लगा दो साल का प्रतिबंध हटाया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार ने शुक्रवार को राष्ट्रीय हॉकी टीम के कप्तान अम्माद शकील बट पर राष्ट्रीय महासंघ (पीएचएफ) द्वारा लगाया गया दो साल का प्रतिबंध हटा दिया और इस कदम को 'अवैध और असंवैधानिक' करार दिया।



पाकिस्तान हॉकी महासंघ के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने से ठीक पहले बृहस्पतिवार को तारिक बुगती ने हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कुप्रबंधन के खिलाफ कप्तान के पीएचएफ की आलोचना करने के लिए बट पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन पीएचएफ के सरंक्षक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा नियुक्त अंतरिम अध्यक्ष मुहयदीन अहमद वानी ने इस फैसले को पलट दिया और कहा कि यह बुगती का 'अवैध और अंसवैधानिक कदम' था।

राष्ट्रीय टीम के ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद हुए विवाद के मद्देनजर बुगती ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दे दिया था। ऑस्ट्रेलिया में टीम को 'लॉजिस्टिक' की दिक्कतों का सामना करना पड़ा था और उन्हें एयरबीएनबी के घरों में रहना पड़ा था जबकि सरकार द्वारा संचालित पाकिस्तान खेल बोर्ड ने कैनबरा में एफआईएच प्रो लीग मैचों के दौरान टीम के पांच सितारा होटल में रहने के लिए पीएचएफ को एक करोड़ रुपये दिए थे। खेल से जुड़े सभी मामलों को देखने वाली अंतर-प्रांतीय समन्वयक मंत्रालय के एक सीनियर अधिकारी ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री शरीफ ने तुरंत बुगती का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और वानी को पीएचएफ का तदर्थ अध्यक्ष और ब्रिगेडियर मुसरतुल्लाह को महानिदेशक नियुक्त किया। उन्होंने कहा, दोनों तदर्थ आधार पर हॉकी के मामलों को देखेंगे और नुकसान को ठीक करने की कोशिश करेंगे। बुधवार सुबह टीम के घर लौटने के तुरंत बाद बट और कुछ अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रही मीडिया से कहा कि वे पीएचएफ के मौजूदा प्रबंधन और टीम प्रबंधन के साथ आगे काम नहीं कर सकते।

### वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप

# ओम प्रकाश चौहान ने हासिल की 12वीं प्रोफेशनल जीत

**कोलकाता (एजेंसी)।** अनुभवी ओम प्रकाश चौहान ने देर से अपने विरोधियों को हराकर कोलकाता के टॉलीगंज क्लब में खेली गई 1.5 करोड़ रुपए की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 के आखिरी दिन अपनी 12वीं प्रोफेशनल जीत हासिल की। ओम प्रकाश चौहान (69-67-64-64) के बारे में, जो रात भर टाई में तीसरे स्थान पर थे और लीड से एक शॉट पीछे थे, ने चौथे राउंड में छह-अंडर 64 का स्कोर करके टूर्नामेंट का अपना कुल स्कोर 16-अंडर 264 कर लिया और दो साल से ज़्यादा समय में अपनी पहली जीत हासिल की। 39 साल के चौहान ने आखिरी दिन आठ बर्डी और दो बोगी के साथ 22,50,000 रुपए का विनिंग चेक जीता।

मध्य प्रदेश के महू के रहने वाले प्रकाश अहमदाबाद के कल्हार ब्लूज़ एंड ग्रीन्स गोल्फ कोर्स से जुड़े हैं। इस जीत की वजह से वे डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ़ मेरिट में 16वें स्थान से चौथे स्थान पर आ गए। पहले तीन दिनों तक लीडर रहे शौर्य भट्टाचार्य (64-62-73-66) और तीसरे राउंड के बाद जॉइंट लीडर रहे मनु गंडास (66-69-64-66) 15-अंडर 265 के बराबर टोटल के साथ दूसरे स्थान पर रहे। शौर्य और मनु दोनों, जो फाइनल राउंड में ज्यादातर समय टाइटल की दौड़ में थे, ने शुक्रवार को 66 का स्कोर बनाया।

राउंड 4 में एक और कंटेंडर क्षितिज नवीद कौल ने हफ़्ते का अंत 65 के स्कोर के साथ किया और 14-अंडर 266 के साथ चौथे स्थान पर रहे। ओम प्रकाश ने जीत के बाद कहा, आज फ्रंट-नाइन पर लंबे कन्वर्ज़न ने मुझे बहुत कॉन्फिडेंस दिया। फिर, मुझे लगता है कि 11वें होल पर बोगी छोड़ने के बाद जब मैंने 12वें होल पर बर्डी बनाई, तो मुझे मोमेंटम और सेल्फ-बिलीफ मिला कि मेरे पास चांस है और मैं मैच खत्म कर सकता हूं। 18वें होल पर पार पट करते समय, मैंने लाइन को पढ़ने के लिए अपना समय लिया क्योंकि मेरे लिए बहुत कुछ दांव पर लगा था। मेरे कैडी ने मुझे पट की लाइन के बारे में सलाह दी और वह मेरे लिए एकदम सही रहा।




मनु गंडास के आखिरी होल पर लंबे बर्डी कन्वर्जन ने उन्हें दूसरे नंबर पर रहने में मदद की। शौर्य भट्टाचार्य की 15वें और 17वें होल पर की गई बर्डी ने उन्हें आखिर तक मुकाबले में बनाए रखा, इससे पहले कि वह भी जॉइंट रनर-अप रहे। कोलकाता के खिलाड़ियों में, दिव्यांशु बजाज ने सबसे अच्छा फिनिश किया, क्योंकि उन्होंने थ्री-अंडर 277 के साथ 25वां स्थान हासिल किया। सीज़न के दूसरे इवेंट के विनर हनी बैसोया, ऑर्डर ऑफ मेरिट में 33,95,250 रुपये की सीज़न की कमाई के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पोगर पंचायत के पूर्व उपमुखिया उमा सिंह चंद्रवंशी का निधन

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड की पोगर पंचायत के पूर्व उपमुखिया उमा सिंह चंद्रवंशी का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे उमा सिंह चंद्रवंशी ने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उमा सिंह चंद्रवंशी अपने जीवनकाल में जनसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। पंचायत क्षेत्र में वे हमेशा लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने सामाजिक समरसता और विकास के लिए लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हें समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उनकी अंतिम यात्रा में मुखिया शंकर दयाल यादव, पूर्व मुखिया मनोज कुमार सिंह, अजय सिंह चंद्रवंशी, सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, भारत सिंह चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह चंद्रवंशी, कमलेश सिंह चंद्रवंशी, सौरभ कुमार चंद्रवंशी, मनोज सिंह चंद्रवंशी और पिंटू कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से प्रार्थना की।

### वीर लोरिक जयंती की तैयारी तेज

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** शहर के राजबागीचा स्थित एक निजी भवन में आगामी वीर लोरिक जयंती समारोह को लेकर तैयारी बैठक आयोजित की गई। 1 मार्च 2026 को होने वाले मुख्य कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन विनोद कुमार ने किया। बैठक में आयोजन की व्यवस्थाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आमंत्रित अतिथियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. तुलसी यादव और सिद्धी यादव ने बताया कि वीर लोरिक जयंती का मुख्य कार्यक्रम शहर के आरबीआर खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। समाज सेवा समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

---

तीन महीने से ईंट भट्ठा पर कर रहा था काम

# सड़क हादसा : अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**निज संवाददाता** | नवीनगर (औरंगाबाद)



जिले के नवीनगर प्रखंड में शुक्रवार की शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना हरिहरगंज-टंडवा मुख्य पथ पर टंडवा थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के पास हुई, जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मजदूर की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत फॉरपर गांव निवासी विकास चौहान के पुत्र मुरारी कुमार के रूप में हुई है। परिजनों और साथी मजदूरों के मुताबिक, मुरारी पिछले करीब तीन महीनों से रामनगर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहा था और यहां अकेले रहकर काम करता था। शुक्रवार शाम वह भट्ठे से रामनगर बाजार सामान खरीदने गया था। बाजार से लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और भट्ठा मालिक व अन्य मजदूरों को सूचना दी। साथी मजदूरों ने घायल मुरारी को तुरंत उठाकर औरंगाबाद सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हालांकि परिजनों के अनुसार, रेफर किए जाने के दौरान ही अस्पताल में उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजन औरंगाबाद के लिए रवाना हो गए। इधर सूचना मिलने पर नगर थाना के एसआई चंदन कुमार सदर अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। बाद में शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया। टंडवा थानाध्यक्ष अजय बहादुर सिंह ने बताया कि मामले को लेकर जांच की जा रही है और घटना के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जा रही है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, पांच लोग गंभीर घायल

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** प्रखंड के सरेया मोड़ के पास शनिवार की शाम करीब तीन बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरातफरी मच गई। घायलों को पहले गोह पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सभी को बेहतर इलाज के लिए गयाजी मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायलों में गोह न्यू एरिया निवासी स्व. राजेश सिंह के पुत्र 24 वर्षीय ऋतिक कुमार और विनय पासवान के पुत्र 17 वर्षीय विक्रम कुमार शामिल हैं। वहीं दूसरी बाइक पर दरधा गांव निवासी अहमद साह के पुत्र 23 वर्षीय अजित साह, असलम साह के पुत्र 25 वर्षीय जहांगीर साह और मो. अहमद साह के पुत्र 12 वर्षीय नाजिर साह सवार थे।

---

बिहार ग्रामीण बैंक ने रचा इतिहास

# एक दिन में जीविका दीदियों के बीच बांटे 100 करोड़ का ऋण

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय औरंगाबाद के अंतर्गत 20 फरवरी 2026 को एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की गई, जब बैंक की सभी शाखाओं ने मिलकर जीविका समूह की दीदियों के बीच मात्र एक दिन में कुल 100 करोड़ रुपये का ऋण वितरण सफलतापूर्वक पूरा किया। यह उपलब्धि न केवल बैंकिंग क्षेत्र के लिए बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और महिला सशक्तिकरण के लिहाज से भी एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। क्षेत्रीय कार्यालय औरंगाबाद की सभी शाखाओं के समन्वित प्रयासों से यह लक्ष्य निर्धारित तिथि पर ही प्राप्त कर लिया गया। इस सफलता के पीछे जिला पदाधिकारी औरंगाबाद अभिलाषा शर्मा, बैंक के महाप्रबंधक चितरंजन चौधरी, क्षेत्रीय प्रबंधक अरबिंद कुमार तथा जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार और प्रबंधक (सूक्ष्म वित्त) पंचम कुमार दांगी का मार्गदर्शन एवं नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा। इस अभियान में औरंगाबाद जिले के 11 प्रखंडों तथा अरवल जिले के 5 प्रखंडों के प्रखंड परियोजना प्रबंधकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। अरवल की डीपीएम रागिनी कुमारी और औरंगाबाद के डीपीएम पवन कुमार के प्रभावी समन्वय और सतत प्रयासों से बैंकिंग प्रक्रिया को तेज गति मिली, जिससे रिकॉर्ड समय में ऋण वितरण संभव हो सका।

विशेषज्ञों के अनुसार, एक ही दिन में 100 करोड़ रुपये का जीविका ऋण वितरण स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, स्थानीय स्तर पर छोटे व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और वित्तीय समावेशन को नई गति मिलेगी। जिला प्रशासन औरंगाबाद ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन को लेकर ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। प्रशासन और बैंकिंग संस्थान मिलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### शाखा स्तर पर शानदार प्रदर्शन

शाखाओं के प्रदर्शन की बात करें तो कुल 20 शाखाओं ने 1 करोड़ रुपये से अधिक, 14 शाखाओं ने 2 करोड़ रुपये से अधिक और 5 शाखाओं ने 3 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीविका ऋण वितरण किया। यह आंकड़ा बैंक की मजबूत कार्यप्रणाली, टीमवर्क और ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

सनसनीखेज हत्या का खुलासा

# पत्नी ने माता-पिता के साथ मिलकर कराई पति की हत्या, शराब पिलाकर पेड़ से लटकाई लाश

**निज संवाददाता** | देव (औरंगाबाद)



जिले के देव थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पुलिस ने 48 घंटे के भीतर पूरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक की पत्नी, सास-ससुर, साले समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पारिवारिक विवाद के बाद आरोपियों ने युवक को शराब पिलाकर पहले उसकी पिटाई की और फिर गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को पेड़ से लटका दिया गया, ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे।

घटना बेलसारा टोला भुइया बिगहा गांव की है, जहां 18 फरवरी को 22 वर्षीय मजदूर रंजीत कुमार का शव घर से करीब 200 मीटर दूर एक बागीचे में पेड़ से लटका मिला था। रंजीत देव थाना क्षेत्र के एरौरा के महुआ दोहर का रहने वाला था। शव मिलने के बाद मृतक के बड़े भाई जितेंद्र भुइयां ने इसे हत्या बताते हुए पुलिस में आवेदन दिया था। पुलिस जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद सदर एसडीपीओ चंदन कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर मामले का पर्दाफाश किया। पुलिस के मुताबिक, रंजीत 16 फरवरी को अपनी पत्नी प्रियंका कुमारी के साथ ससुराल गया था। रास्ते में दोनों के बीच विवाद हुआ और मारपीट की घटना के बाद ससुराल पक्ष आक्रोशित हो गया। आरोप है कि पत्नी, सास-ससुर और भाइयों ने मिलकर हत्या की साजिश रची। 17 फरवरी की शाम को बहाने से रंजीत को गांव के बाहर बगीचे में ले जाया गया, जहां पहले से मौजूद लोगों ने उसे शराब पिलाई। नशे की हालत में उसकी बेरहमी से पिटाई की गई और फिर गला दबाकर हत्या कर दी गई। बाद में रंजीत के बेल्ट से फंदा बनाकर शव को पेड़ से लटका दिया गया।

मृतक के भाई जितेंद्र ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया था कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच विवाद चलता रहता था और ससुराल पक्ष अक्सर जान से मारने की धमकी देता था। उन्होंने आरोप लगाया था कि सभी ने मिलकर रंजीत की हत्या की है। पुलिस ने पूछताछ के दौरान पत्नी प्रियंका का बयान संदिग्ध पाया।

---

**सबका सम्मान–जीवन आसान** पहल को मिली तकनीकी मजबूती

# डीएम ने जिला जनता दरबार पोर्टल का किया शुभारंभ

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



जिले में प्रशासनिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी और जनसुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शनिवार को समाहरणालय स्थित सूचना भवन सभाकक्ष में "सबका सम्मान–जीवन आसान" पहल के तहत जिला जनता दरबार पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। फीता काटकर पोर्टल की शुरुआत की गई, जबकि इस मौके पर अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण ने जिलाधिकारी का स्वागत पौधा भेंट कर किया।

सरकार के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। अब इस व्यवस्था को तकनीकी रूप से और सशक्त बनाने के लिए जिला स्तर पर ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा शुरू की गई है, जिससे आम लोग घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता जयप्रकाश नारायण ने पोर्टल के संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की पूरी प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन किया। बताया गया कि विभागीय पोर्टल http://jilajantadarbar.bihar.gov.in पर लॉग इन कर जिले का कोई भी नागरिक अपनी समस्या दर्ज कर सकता है। साथ ही संबंधित अधिकारी से मिलने की तिथि, आवेदन की समीक्षा की स्थिति और प्रतिवेदन की जानकारी भी ऑनलाइन देखी जा सकेगी।

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने कहा कि सात निश्चय-3 के सातवें संकल्प "सबका सम्मान–जीवन आसान" के तहत शुरू किया गया यह पोर्टल जनता के लिए बड़ी सुविधा साबित होगा। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर और आधार विवरण के साथ आवेदन करने पर आवेदक को संदेश के माध्यम से मुलाकात की तिथि और समय की जानकारी मिल जाएगी। साथ ही शिकायत के निष्पादन से संबंधित प्रतिवेदन भी पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डीएम ने प्रतिनियुक्त कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों की स्कैनिंग और ऑनलाइन अपलोडिंग समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आवेदक को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े।

---

### जिला विधिज्ञ संघ चुनाव : 23 फरवरी से नामांकन, 12 मार्च को संभावित मतदान

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ के नये सत्र 2026-28 की कार्यसमिति के चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच सरगर्मी तेज हो गई है। संघ के प्रवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि चुनाव की तिथि 12 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि नामांकन प्रक्रिया 23 फरवरी से शुरू होगी। इसके लिए नामांकन पत्रों का वितरण पहले ही आरंभ हो चुका है और अब तक करीब तीन दर्जन फॉर्म जारी किए जा चुके हैं। नामांकन पत्रों का वितरण 25 फरवरी तक जारी रहेगा, जिसके बाद नाम निर्देशन और नाम वापसी की तिथियां घोषित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष सहित कुल 27 सदस्यीय कार्यसमिति का गठन किया जाएगा। मतदान की आवश्यकता होने पर 12 मार्च को वोटिंग कराई जाएगी और इसके बाद मतगणना की प्रक्रिया पूरी होगी। इस बार चुनाव में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 846 हो गई है, जिसे लेकर खासकर नए मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। चुनाव को लेकर वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी भी सक्रिय नजर आ रहे हैं।

---

प्राण प्रतिष्ठा सह सत्यचंडी महायज्ञ की शुरुआत

# भव्य कलश यात्रा में उमड़ी आस्था, वृंदावन के कलाकार करेंगे रामलीला मंचन

**निज संवाददाता** | अंबा (औरंगाबाद)



जिले के अंबा विशुनपुर गांव स्थित नवनिर्मित देवी मंदिर में ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा सह सत्यचंडी महायज्ञ का शुभारंभ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। करीब पांच किलोमीटर लंबी इस शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर परिसर से आचार्य पंडित अरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें लगभग 500 महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण किया। हाथी-घोड़े और पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

कलश यात्रा मंदिर से निकलकर कुटुंबा थाना मोड़ और तमसी मोड़ होते हुए झिकटिया पोखर पहुंची, जहां आचार्यों द्वारा गंगा पूजन कराया गया। मुख्य यजमान भोला मेहता और दीपक गुप्ता ने सप्तनिक जल उठाया, जिसके बाद अन्य श्रद्धालुओं ने अपने कलश में जल भरा और पैदल ही मंदिर परिसर लौटकर वैदिक रीति से कलश स्थापना एवं पंचांग पूजन किया गया। आचार्य अरुण मिश्रा ने बताया कि 22 फरवरी को अग्नि स्थापना और वेदी पूजन, 26 फरवरी को ग्राम देवी की प्राण प्रतिष्ठा तथा 27 फरवरी को पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन होगा। प्रतिदिन संध्या में प्रसिद्ध कथावाचक इंदु शास्त्री और रेनू शास्त्री द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर का निर्माण जनसहयोग से हुआ है और आयोजन समिति के सदस्य ऋषि गुप्ता, विनोद मेहता, पूर्व मुखिया कुमारी सावित्री सिंह, शंभू प्रसाद, दीपक गुप्ता और राम साव सहित कई लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे हैं। इसी क्रम में अंबा शाही गांव में राधा-कृष्ण और बजरंगबली की प्रतिमा स्थापना को लेकर श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है।

---

# ओबरा में 11 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह

**निज संवाददाता** | ओबरा (औरंगाबाद)



ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित लक्ष्मी बैंक्वेट हॉल में शनिवार को सड़क दुर्घटना रोकथाम फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में तृतीय सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 11 जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को उत्सव जैसा माहौल दिया और बड़ी संख्या में लोग इस सामाजिक पहल के साक्षी बने।

कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और आयोजन की सराहना की। अतिथियों ने कहा कि दाउदनगर अनुमंडल में ओबरा में तीसरी बार आयोजित इस सामूहिक विवाह ने समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होते हैं और सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने में भी सहायक हैं। अतिथियों ने यह भी कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रम भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने में मददगार हो सकते हैं। ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद परिवारों के जोड़ों की शादी कानूनी प्रक्रिया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कराई जाती है, जिससे उन्हें सामाजिक सम्मान और आर्थिक सहयोग दोनों मिलता है। इस अवसर पर कृष्णा सिंह स्मृति मंच के उपाध्यक्ष संजय शर्मा, लक्ष्मी बैंक्वेट हॉल के निदेशक शंभू प्रसाद, लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के निदेशक अभिषेक कुमार, विवेकानंद मिशन स्कूल के निदेशक शंभू शरण सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील चौबे, समाजसेवी डॉ. अंकिता मगध, भारत स्काउट गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्रीनिवास कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य पुष्कर अग्रवाल, चंदन सिंह, नौलेश मिश्रा, आनंद विश्वकर्मा, सहजानंद डिक्कू, रॉकी दूबे, गुड्डू सिंह, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, रॉनी दूबे, अमित कुमार, अभिषेक कुमार और विकास कुमार समेत बड़ी संख्या में लोगों ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया और लोगों ने इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

---

# चलती कार में लगी भीषण आग, बाल-बाल बचे सवार



**निज संवाददाता** | देव (औरंगाबाद)

सदर प्रखंड क्षेत्र में बीती रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब तिलक समारोह से लौट रही एक एक्सयूवी कार अचानक धू-धू कर जल उठी। घटना औरंगाबाद-जीवा बिगहा पथ पर खडीहा गांव के पास रात करीब 12:30 बजे हुई। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकल गए, जिससे किसी तरह की शारीरिक क्षति नहीं हुई, हालांकि वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार, अदरी गांव निवासी वाहन मालिक आनंद प्रकाश अपने भाई अनूप यादव और छोटे बच्चे के साथ बेला गांव में तिलक चढ़ाकर लौट रहे थे। गांव से लगभग तीन किलोमीटर पहले अचानक कार (संख्या जेएच 03 एजे 9305) का ब्रेक फेल हो गया और इंजन से चिंगारी निकलने लगी। खतरा भांपते ही सभी सवार तुरंत गाड़ी से बाहर निकल गए। देखते ही देखते कार में आग लग गई और कुछ ही देर में लपटें तेज हो गईं।

वाहन मालिक के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी।

---

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज

# डीएलएसए सचिव ने खनन पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक आयोजित



**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

आगामी 14 मार्च को योजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) की सचिव तान्या पटेल ने शनिवार को अपने प्रकोष्ठ में खनन विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए खनन से जुड़े सुलहनीय मामलों की पहचान और सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। सचिव तान्या पटेल ने निर्देश दिया कि खनन विभाग अपने स्तर पर लंबित सुलहनीय वादों को यथाशीघ्र चिन्हित कर उनकी सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को उपलब्ध कराए, ताकि समय रहते पक्षकारों से संपर्क कर काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू की जा सके। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी विभाग सूची सौंपेगा, उतनी ही तेजी से मामलों का समाधान संभव होगा और लोक अदालत के माध्यम से वादों का सरल एवं सुलभ निस्तारण किया जा सकेगा।

---

# विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर बरौली में युवाओं की जागरूकता रैली, समानता और न्याय का दिया संदेश

**निज संवाददाता** | बारुण (औरंगाबाद)




विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर 'मेरा युवा भारत' के तत्वावधान में बारुण प्रखंड के बरौली में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का उद्देश्य समाज में समानता, मानव गरिमा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना तथा गरीबी और असमानता के खिलाफ लोगों को जागरूक करना था। युवाओं ने इस अवसर पर सामाजिक विकास के प्रति अपनी नवीकृत प्रतिबद्धता जताते हुए न्यायपूर्ण समाज के निर्माण का संदेश दिया।

रैली में शामिल युवाओं ने बताया कि यह अभियान गरीबी, बेरोजगारी, लैंगिक असमानता और सामाजिक भेदभाव जैसी चुनौतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए आयोजित किया गया है। प्रतिभागियों ने हाथों में संदेश लिखे पोस्टर लेकर लोगों को सामाजिक जिम्मेदारी और समान अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय केवल सरकारी नीतियों से नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की भागीदारी से ही संभव है। इस रैली में मनोज कुमार, मोहन कुमार, रवि कुमार, विद्याभूषण कुमार, हरेंद्र कुमार, राकेश सिन्हा, रमाकांत कुमार, गुड्डू तिवारी, रंभा कुमारी, आरती कुमारी, मनोरमा कुमारी, नेहा कुमारी और सुषमा कुमारी सहित कई युवा शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में भी समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

---

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की गुणवत्ता जांच, लोगों को समझाकर खिलाई गयी दवा

**निज संवाददाता** | हसपुरा (औरंगाबाद)



हसपुरा प्रखंड में 10 फरवरी से चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की गुणवत्ता जांच शनिवार को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल कामख्या नारायण, स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार और संचारी रोग पदाधिकारी अताउल्लाह खान ने संयुक्त रूप से क्षेत्र भ्रमण कर की। निरीक्षण के दौरान उन गांवों में विशेष रूप से लोगों को जागरूक किया गया, जहां कुछ परिवार दवा खाने से इंकार कर रहे थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि संध्या समीक्षा बैठक में सिहाड़ी गांव के रजवार बिगहा, रामपुर कैथी और गगन बिगहा समेत कई स्थानों से लोगों के दवा नहीं लेने की सूचना मिली थी। इसके बाद स्वास्थ्य टीम ने संबंधित समुदाय के लोगों से संवाद कर फाइलेरिया बीमारी और दवा के महत्व की जानकारी दी। जागरूकता के बाद सिहाड़ी गांव के रजवार बिगहा में 25 घरों के 85 लोगों को मौके पर ही दवा का सेवन कराया गया।

डॉ. कुणाल कामख्या नारायण ने प्रखंडवासियों से अपील करते हुए कहा कि फाइलेरिया रोधी दवा पूरी तरह सुरक्षित है और बीमारी से बचाव के लिए इसका सेवन बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि 10 फरवरी से अब तक 16,725 घरों में कुल 98,253 लोगों को दवा खिलाई जा चुकी है। वहीं संचारी रोग पदाधिकारी अताउल्लाह खान ने जानकारी दी कि यह अभियान 27 फरवरी तक घर-घर जाकर जारी रहेगा, जबकि 28 फरवरी से प्रखंड के सभी विद्यालयों में स्टॉल लगाकर दवा वितरण किया जाएगा।